www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -21 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





कर्नाटक में मोदी नहीं, गारंटी की लहर : सिद्दारमैया 02
■ देश में दलितों व पिछड़ों का आरक्षण मार रहे...
■ नगर निगम की बैठक के पहले 'आप' व भाजपा ... 03
■ यूरोपीय संघ चीनी कंपनियों के लिए निष्पक्ष माहौल...
■ पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट ... 07
जात-पात, धर्म-मजहब की राजनीति समाप्त... 10

## लोस चुनाव : दूसरे चरण में करीब 61 फीसदी मतदान

# त्रिपुरा ने फिर दिखाया दम, उप्र रहा सबसे कम

## त्रिपुरा में सबसे अधिक 79.58 फीसदी, वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम 54.85 फीसदी मतदान

- 1206 उम्मीदवारों का फैसला ईवीएम में कैद
- दूसरे चरण में 88 लोकसभा सीटों पर पड़े मत

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ती गर्मी के बीच लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गए। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा। दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा, जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत, बिहार में 56.46 प्रतिशत महाराष्ट्र में 59.63 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 58.13 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 66.57 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 64.07 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.58 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.95 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 74.07 प्रतिशत, मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौदह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों पर मतदान कराया जा चुका है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा।



### केरल में मतदान के दौरान चार लोगों की मौत

*पलक्कड़(केरल)। केरल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में एक बूथ एजेंट समेत चार लोगों की मौत हो गई। अनीस अहमद (66) कोझिकोड शहर के बूथ नंबर 16 के बूथ एजेंट थे। वह सुबह आठ बजे मतदान के दौरान बेहोश हो गए और उनकी मृत्यु हो गई। इसी तरह पलक्कड़ लोकसभा क्षेत्र के ओट्टापलम के पास चुनानगढ़ के चंद्रन (68) वोट डालने के बाद बेहोश होकर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई। कक्काझोम के सुशांत भवन में रहने वाले अलाप्पुझा लोकसभा क्षेत्र के सोमराजन (70) मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बेहोश हो गए और मृत्यु हो गई।*

### राहुल गांधी, भूपेश बघेल राजीव चंद्रशेखर की सीटों पर पड़े मत

इस चरण में केरल के वायनाड से राहुल गांधी, तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के शशि थरूर मैदान में थे। शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर से है। मथुरा से हेमा मालिनी, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, बेंगलुरु ग्रामीण से डीके सुरेश और बेंगलुरु दक्षिण से तेजस्वी सूर्या चुनाव मैदान में हैं। राजस्थान के कोटा सीट से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला बीजेपी के उम्मीदवार हैं। बिहार के पूर्णिया से पप्पू यादव ने बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा।

### कांग्रेस ने लगाए जबरदस्ती वोटिंग के आरोप

कांग्रेस ने मणिपुर में हुई वोटिंग पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर आरोप लगाया कि मणिपुर में जो लोग कांग्रेस को वोट डालने जा रहे हैं उनसे जबरदस्ती एनडीए के पक्ष में वोट डलवाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह सब कुछ सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में हो रहा था।

### भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को झटका

## नए सिरे से जांच वाली याचिका खारिज



■ महिला पहलवानों संग यौन उत्पीड़न से जुड़ा मामला

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली राउज एवन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों की ओर से दायर यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग करने वाली और एक कोच का कॉल डिटेल रिकॉर्ड पेश करने की मांग करने वाली बीजेपी सांसद और पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी।

बृजभूषण सिंह ने दावा किया था कि घटना के दिन वह भारत में नहीं थे। मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में आदेश के लिए 7 मई की तारीख तय की है।

बृजभूषण सिंह ने आरोपों पर आगे की दलीलें पेश करने और आगे की जांच के लिए समय की मांग करते हुए कोर्ट में याचिका दायर किया था। घटनाओं में से एक तरीख जिसमें एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसे डब्ल्यूएफआई कार्यालय में परेशान किया गया था। बृजभूषण सिंह ने कहा था कि वह उस दिन भारत में नहीं थे। बृजभूषण सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे 7 सितंबर, 2022 को डब्ल्यूएफआई कार्यालय गए थे, जहां उसके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई थी।


## सार संक्षेप

### हेमंत सोरेन की याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई



**रांची।** ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना से एसएलपी पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया है।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई 2024 तक बढ़ा दी। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। पिछले हफ्ते, सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए प्रचार करने के लिए लगाई गई अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली थी।

### 'जीवनसाथी पर बेवफाई का झूठा आरोप मानसिक क्रूरता'



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि जीवनसाथी पर विवाहेतर संबंध रखने का झूठा आरोप लगाना और बच्चों के पालन-पोषण से इनकार करना गंभीर मानसिक क्रूरता है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने यह फैसला देते हुए पारिवारिक अदालत के निर्णय को बरकरार रखा। अदालत ने पत्नी द्वारा कथित क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए उसके पति की याचिका को खारिज कर दिया था।

## मोदी घबरा गए हैं, जल्द ही निकलेंगे आंसू: राहुल

### कांग्रेस नेता ने कहा, असली मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं मोदी



■ कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी

**विजयपुरा,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में मौजूदा लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं।

श्री गांधी ने श्री मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, 'आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराए हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।' कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार के तहत धन के वितरण में कथित असमानता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर लाखों नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का वादा किया। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। श्री गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए श्री मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन महत्वपूर्ण मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'वह आपसे ताली बजाने या मोबाइल लाइट जलाने के लिए कहेंगे, लेकिन गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात नहीं करेंगे। केवल कांग्रेस ही इन मुद्दों का समाधान कर सकती है।'

#### मोदी ने कुछ चुनिंदा लोगों को अमीर बनाया

इसके अलावा, श्री गांधी ने श्री मोदी पर पिछले एक दशक में कुछ चुनिंदा लोगों को समृद्ध बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में 20-25 लोग अरबपति बन गए हैं। उन्होंने दावा किया कि महत्वपूर्ण अवनिर्माण रियोजनाएं गौतम अडानी जैसे व्यक्तियों को सौंप दी गईं, जिससे उन्हें काफी फायदा हुआ। श्री गांधी ने भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में विजयी होने पर संविधान को बदलने का इरादा रखती है। इसके विपरीत, कांग्रेस और इंडिया समूह समाज सुधारक बसवन्ना के आदर्शों को बनाये रखने का प्रयास कर रहे हैं। बीजापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विजयपुरा में सात मई को संसदीय चुनाव के तीसरे चरण में मतदान होगा।

### धर्म के आधार पर आरक्षण लाना चाहती है कांग्रेस : मोदी



***अररिया/मुंगेर।*** *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) की योजनाओं को खतरनाक और संविधान के विरुद्ध बताया और कहा कि कांग्रेस अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) का हक छीनकर देशभर में धर्म के आधार पर आरक्षण लाना चाहती है । श्री मोदी ने बिहार के अररिया और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में धर्म आधारित आरक्षण नहीं हो सकता। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी इसके पक्ष में नहीं थे और ये संविधान में भी लिखा है, लेकिन कांग्रेस ओबीसी का हक छीनकर देश भर में धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के 27 प्रतिशत आरक्षण में चोरी की गई है।*

## वीवीपैट के 100 फीसदी सत्यापन से जुड़ी याचिकाएं खारिज

### सर्वोच्च अदालत ने बैलट पेपर से मतदान से जुड़ी याचिकाएं भी निरस्त की



- फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दिए दो बड़े निर्देश
- 18 अप्रैल को सुरक्षित रख लिया था फैसला

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्देश दिए हैं, पहला यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए। इसके अलावा दूसरा निर्देश यह है कि उम्मीदवारों के पास परिणामों के एलान के बाद इंजीनियरों की एक टीम की ओर से जांचे जाने वाले ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्राम को पाने का विकल्प होगा। इसके लिए उम्मीदवार को नतीजों के एलान के सात दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। इसका खर्च भी उम्मीदवार को खुद को उठाना होगा।

### 'नोटा' को ज्यादा वोट मिलने पर दोबारा चुनाव की मांग

#### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने किसी चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के मुकाबले नोटा को अधिक वोट मिलने पर फिर से चुनाव कराने के संबंध में चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। कोर्ट इस संबंध में दायर उस याचिका पर विचार करने को सहमत हो गया है, जिसमें नोटा को अधिक वोट पड़ने पर चुनाव आयोग (ईसी) को नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। इस संबंध में मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा की याचिका को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नोटिस जारी कर मामले में चुनाव आयोग से जवाब मांगा।

### मिजोरम में फिर फैला स्वाइन फ्लू

**174 सूअरों की मौत**

**आइजोल,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मिजोरम सरकार ने राज्य में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू (एएसएफ) के फिर से फैलने के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वाइन फ्लू से अब तक 174 सूअरों की मौत हो गई है। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा (एएचवी) विभाग के अधिकारियों के अनुसार, तीन जिलों आइजोल, चम्फाई और सैतुअल – में एएसएफ के फैलने की पुष्टि की गई है। विभाग ने तीनों जिलों के विभिन्न गांवों और इलाकों को संक्रमित क्षेत्र घोषित कर दिया है, और संक्रमित सूअरों के निर्यात या आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मिजोरम तथा दूसरे राज्यों के संक्रमित क्षेत्रों से सूअरों के आयात एवं निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही स्वस्थ और बीमार दोनों प्रकार के सूअरों की बिक्री या वध पर भी रोक लगा दी गई है।

## सोपोर में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

**एक नागरिक और दो सैनिक भी घायल**

**जम्मू,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच चल रही गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि एक नागरिक और दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, सेना और सीआरपीएफ सहित सुरक्षाबलों ने गुरुवार को सोपोर शहर के नौपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि जैसे ही सुरक्षा बल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने आसपास के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादियों की गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। एक नागरिक को भी कंधे पर गोली लगी है। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है। इस चल रही गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए हैं। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया, 'इलाके में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।'

## वरुण ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का न्योता ठुकराया!

**पीलीभीत से काट दिया था टिकट**

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। रायबरेली से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा,यह अभी तक साफ नहीं है। लेकिन वरुण गांधी ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लडने का भाजपा नेतृत्व का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। मालूम हो कि वरुण गांधी फिलहाल पीलीभीत से भाजपा के मौजूदा सांसद हैं। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काटकर भाजपा ने जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बना दिया। वरुण गांधी से जुडे सूत्र बताते हैं कि भाजपा नेतृत्व ने रायबरेली से चुनाव लडने का प्रस्ताव वरुण को दिया था,जिस पर सप्ताह भर विचार करने के बाद उन्होंने ठुकरा दिया। बतादें कि भाजपा ने प्रियंका गांधी को कांग्रेस का प्रत्याशी मानकर एक आंतरिक सर्वे कराया था।

इसमें योगी सरकार में मंत्री दिनेश सिंह से लेकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक,विनय कटियार तक के नाम पर जनादेश जानने की कोशिश की गई। लेकिन जनता का मिजाज गांधी परिवार के साथ ही बताया गया।

**परेशानी** *अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन*

## सियाचिन के पास पीओके में कर रहा सड़क निर्माण

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने सियाचिन के नजदीक अवैध रूप से अधिग्रहित कश्मीर में सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है। सैटेलाइट तस्वीरों से इसका खुलासा हुआ है। पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से अधिग्रहित कश्मीर का एक हिस्सा साल 1963 में चीन को सौंप दिया गया था। उसी इलाके में अब चीन द्वारा सड़क का निर्माण किया जा रहा है।**

चीन के शिनजियांग प्रांत से निकलने वाला हाइवे जी219 सियाचिन के नजदीक से होकर गुजर रहा है, जो कि भारत की उत्तरी सीमा के इंदिरा कोल इलाके से करीब 50 किलोमीटर दूर है।

इंदिरा कोल इलाके का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीते मार्च से दो बार दौरा कर चुके हैं। यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसी की सैटेलाइट ने इन तस्वीरों को लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल जून और अगस्त में इस हाइवे का निर्माण शुरू हुआ था। कारगिल, सियाचिन और पूर्वी लद्दाख में सुरक्षा का जिम्मा भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स संभालती है। इस कॉर्प्स के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राकेश शर्मा का कहना है कि चीन द्वारा बनाई जा रही ये सड़क पूरी तरह से अवैध है और भारत को कूटनीतिक तरीके से चीन के सामने इसका विरोध करना चाहिए।



■ सैटेलाइट की तस्वीरों में हुआ खुलासा

#### भारत की सुरक्षा पर हो सकता है असर

चीन द्वारा सियाचिन के नजदीक बनाई जा रही सड़क का भारत की सुरक्षा पर असर पड़ने की आशंका है। दरअसल यह सड़क ट्रांस काराकोरम ट्रैक्ट इलाके में पड़ती है और यह इलाका ऐतिहासिक रूप से कश्मीर का हिस्सा है और इस पर भारत अपना दावा जताता है। भारत के नक्शे में भी इस क्षेत्र को भारत का हिस्सा दिखाया गया है। ट्रांस-काराकोरम ट्रैक्ट करीब 5300 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला है। भारत के सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस हिस्से में यथास्थिति में बदलाव भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। आशंका है कि चीन अगर इस क्षेत्र में और निर्माण करता है तो इससे पहाड़ी इलाके में भारत की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

# देश

**उवाच**



"यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण चुनाव हैं एवं लोकतंत्र और वोट के अधिकार को बचाने का चुनाव है। आप सब अपने मत अधिकार का उपयोग सोच समझकर करिए नहीं तो भाजपा ऐसी व्यवस्था बनाएगी जहां संविधान का कोई मोल नहीं रह जाएगा।

–जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.0 | 32.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 30.0 |

# जम्मू-कश्मीर में जोश के साथ मना लोकतंत्र का पर्व

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत-पाक सीमा के गांवों से (जम्मू फ्रंटियर), 26 अप्रैल। पाकिस्तान से सटी 264 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर व 814 किमी लम्बी एलओसी पर पिछले 21 साल से जारी सीजफायर का सही रूप शुक्रवार को एक बार फिर देखने को मिला था। शुक्रवार को सीमा क्षेत्रों में अजीब सी खामोशी तथा निस्तब्दता थी। लेकिन इस खामोशी को पाक सेना की गोलियों के स्वर नहीं तोड़ते थे बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान मतदान करने वाले भारतीय लोग और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में हिस्सा लेने के लिए आए लोगों को देखती हुई पाकिस्तानी जनता का शोर तोड़ता था। पाकिस्तानी जनता की भीड़ कई स्थानों पर सीमा के उस पार पाकिस्तानी रेंजरों की निगरानी में इस प्रक्रिया को देख रही थी। हालांकि जम्मू जिला के कई सीमांत क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है। सरहद पर बसे गांवों में लोग वोट के बाद अपने दैनिक कार्यों में जुटते भी दिख रहे हैं। इसी दौरान एक किसान अपने मवेशियों के लिए चारा ले जाते हुए दिखाई दिए। पूछने पर उन्होंने बताया कि वह सुबह ही वोट कर आए हैं। उन्होंने कहा कि वोट के साथ अन्य काम भी जरूरी हैं। रणवीर सिंह पुरा, रामगढ़, सांबा आदि के सीमावर्ती गांवों में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे मतदान केंद्रों पर इस बार खौफ और तनाव नहीं था लेकिन बावजूद इसके कि शत्रु पर भरोसा नहीं किया जा सकता था की सोच रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

- ■ सीजफायर की छांव में खुली सांस से जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में डाले गए वोट
- ■ अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे मतदान केंद्रों पर भी दिखा मतदाताओं में उत्साह



### सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

सीमा पर बीएसएफ के जवान लगातार गश्त किए जा रहे थे क्योंकि सामने सीमा पार पाक रेंजरों की गतिविधियों पर नजर रखना आवश्यक था। सिर्फ सीमा पर ही नहीं बल्कि शहरों तथा अन्य गांवों में भी इन चुनावों के लिए तगड़ा सुरक्षा बंदोबस्त किया गया था। ऐसा बंदोबस्त पहली बार देखने को इसलिए मिला था क्योंकि आतंकी चुनाव प्रक्रिया को तहस नहस करना चाहते थे। स्थान-स्थान पर वाहनों की जांच, सवारियों को वाहनों से उतर कर जांच प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ रहा था। जबकि मजेदार बात यह रही, गांवों में किए गए सुरक्षा बंदोबस्त की कि कुछेक गांवों में मतदान का प्रतिशत कम होने से जवान आराम से सुस्ता रहे थे। सुरक्षाबलों तथा सुरक्षा एजेंसियों का अधिक ध्यान और जोर सीमावर्ती क्षेत्रों में ही था क्योंकि वे आशंकित थे कि घुसपैठियों को इस ओर धकेल कर पाकिस्तान चुनावों को क्षति पहुंचा सकता है।

यही कारण था कि सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रवेश के दौरान पत्रकारों को भी अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन सीमावर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं को बेखौफ होकर मतदान करते हुए देखा गया जो इस बार सीजफायर के जारी रहने से उनका उत्साह बढ़ा हुआ था। जम्मू संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक 107 संवेदनशील मतदान केंद्र सांबा जिले में, जबकि सबसे कम 16 केंद्र रियासी में हैं। जम्मू-रियासी क्षेत्र का सांबा जिला अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा है। इस जिले में 358 मतदान केंद्रों में से 107 मतदान केंद्र सीमा से सटे इलाकों में हैं। यहां मतदान के दिन पाकिस्तानी गोलाबारी की आशंका रहती थी। उम्र का शतक पार कर चुके बुजुर्गों के बीच भी मतदान करने के लिए उत्साह देखते ही बनता है। 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर से वोट करने की सुविधा की गई है। लेकिन, इसके बावजूद उत्सहित बुजुर्ग मतदाता वोट करने के लिए खुद मतदान केंद्र पहुंचे। जम्मू संसदीय क्षेत्र के कालाकोट-सुंदरबनी विधानसभा क्षेत्र के चन्नी प्रात पोलिंग स्टेशन पर पहला वोट उत्साही बुजुर्ग मतदाता धन्नी राम ने डाला। उनकी उम्री 103 वर्ष है।

## पहली बार मतदान करने वाले युवाओं व बुजुर्गों ने किया पौधारोपण



जम्मू जिला प्रशासन की ओर से मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अनूठी पहली की गई। जम्मू जिला में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं, दिव्यागों सहित 85 साल की अधिक उम्र के बुजुर्गों के वोट करने पर उनके हाथों पौधरोपण कराया गया। इस दौरान 1500 से अधिक पौधारोपण किए गए। सांबा के सरकारी मॉडल हाई स्कूल में बनाए गए पिंक पोलिंग बूथ पर बच्चों के लिए खिलौने का भी इंतजाम किया गया। इसके साथ ही महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय भी रहा। वहीं सांबा जिला के पहाड़ी क्षेत्र पापड़ अवतार में यूनीक पोलिंग स्टेशन बनाया गया। यह मतदान केंद्र विशेषकर गुज्जर-बकरबाल समुदाय के लोगों को ध्यान में रख बनाया गया। यहां बैठने के लिए चरपाई, धूप से बचने के लिए टेंट लगाए गए। सेल्फी प्वाइंट सहित अन्य जरूरी इंतजाम भी किए गए।

# भाजपा को लोकसभा चुनाव में दिख रही पराजय : कांग्रेस



**चुनावी सभाओं में आधारहीन भाषण देने पर बोला हमला**

**भोपाल,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पराजय दिख रही है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उसके नेता इन दिनों सभाओं में आधारहीन बातें बोल रहे हैं। श्रीनेत ने यहां पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में भी बताया और कहा कि 45 पृष्ठ के इस घोषणापत्र में कहीं भी मुस्लिम शब्द भी दिख जाए, तो वे मान जाएंगी। लेकिन भाजपा के लोग इस घोषणापत्र को मुस्लिम लीग की छाप बता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दरअसल पहले चरण के मतदान के बाद जो रुझान आ रहा है, उसमें भाजपा को अपनी पराजय नजर आ रही है, इसलिए उसके नेता सभाओं में मंगलसूत्र, हिस्सेदारी और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर झूठ परोस रहे हैं। श्रीनेत ने कहा कि हिस्सेदारी के मुद्दे पर एक्सरे की बात की गई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि एक्सरे से ही सब बातें साफ होती हैं। इसके बाद क्या कदम उठाना है, इस पर तो कांग्रेस ने कोई बात ही नहीं की, लेकिन भाजपा के नेता इस बारे में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि हाशिए पर मौजूद लोगों को हिस्सेदारी मिलना चाहिए। देश में अमीरों गरीबों के बीच बढ़ती खायी को समाप्त होना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मंगलसूत्र और अन्य मुद्दों पर असत्य बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अपने पद की गरिमा रखना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने पचास साठ सालों तक देश में सत्ता में रहने के दौरान कभी भी किसी की जेब से एक रुपए भी नहीं निकाला, जबकि गरीबों समेत सबकी सेवा की गई।

कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस गरीबों, महिलाओं और युवाओं के हित की बात हमेशा से करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

# बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में चार प्रतिशत कम हुआ मतदान



**पटना,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो गया। बिहार की पांच लोकसभा सीटें किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में सुबह 7 बजे से चल रहा मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। भीषण गर्मी और लू के बीच बड़ी संख्या में मतदाताओं ने कतार में लगकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसके बावजूद पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार चार प्रतिशत कम वोटिंग हुई। जबकि 2019 के दूसरे चरण में 62.92 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि शुक्रवार को दूसरे चरण के चुनाव में 58.58 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा वोटिंग कटिहार में 64.60 फीसद, किशनगंज में 64 फीसद, पूर्णिया में 59.94 फीसद, बांका में 54 फीसद और भागलपुर में 51 फीसद वोटिंग हुई। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से यह आंकड़ा जारी किया गया। वही शाम 5 बजे तक बिहार की सभी पांच सीटों पर औसत 53.03 प्रतिशत वोटिंग हुई। किशनगंज में 56.12 प्रतिशत, कटिहार में 55.54 प्रतिशत, पूर्णिया में 55.14 प्रतिशत, भागलपुर में 47.26 प्रतिशत और बांका में 49.5 प्रतिशत वोटिंग हुई। जबकि शाम 3 बजे तक बिहार की सभी पांच सीटों पर औसत 44.24 फीसदी मतदान हुआ। चुनाव आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, किशनगंज में दोपहर तीन बजे तक 45.58 फीसदी वोटिंग हुई है जबकि कटिहार में तीन बजे तक 46.76 प्रतिशत, पूर्णिया में 3 बजे तक 46.78 फीसदी, भागलपुर में 39.49 फीसदी और बांका लोकसभा सीट के लिए दोपहर तीन बजे तक 42.89 फीसदी वोटिंग हुई है। पांच सीटों पर दोपहर तीन बजे तक औसत 44.24 फीसदी वोटिंग हुई है। बिहार में दूसरे चरण के मतदान के बाद 50 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गया। भागलपुर और किशनगंज में 12-12 प्रत्याशी, बांका में 10, कटिहार में 9 और पूर्णिया में 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। किशनगंज में एनडीए से मुजाहिद आलम और महागठबंधन से मोहम्मद जावेद प्रत्याशी हैं। तो वही कटिहार में एनडीए से दुलालचंद गोस्वामी और महागठबंधन से तारिक अनवर, वही पूर्णिया में एनडीए से सतोष कुशवाहा और महागठबंधन से बीमा भारती एवं निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के बीच त्रिकोणीय टक्कर देखने को मिली। वही भागलपुर में एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल और महागठबंधन से अजीत शर्मा जबकि बांका में एनडीए से गिरिधारी यादव और महागठबंधन से जय प्रकाश नारायण यादव का किस्मत ईवीएम में कैद हो गया है। 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो गया। दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल 88 सीटों के लिए मतदान हुआ। कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 6, बिहार की 5, असम की 5, पश्चिम बंगाल की 3, छत्तीसगढ़ की 3, जम्मू-कश्मीर की 1, त्रिपुरा की 1 और मणिपुर की एक सीट पर वोटिंग हुई।

## राहुल भिंड व प्रियंका मुरैना में करेंगी सभाएं



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को मध्य प्रदेश के भिंड संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा दो मई को मुरैना संसदीय क्षेत्र में सभा लेंगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख मुकेश नायक ने मीडिया को यह जानकारी दी। इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत भी मौजूद थीं। इस दौरान श्रीनेत ने कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के लिए जारी हुए घोषणापत्र के बारे में विस्तार से बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर निशाना साधा।

## सार संक्षेप

### राजस्थान के भीलवाड़ा में बुजुर्ग मतदाता की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान भीलवाड़ा में शुक्रवार को एक बुजुर्ग मतदाता के चक्कर आकर गिर जाने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। भीलवाड़ा के उपनगर पूर्व के वार्ड संख्या दो में स्थित मतदान केंद्र पर मतदाता छगनलाल बाघेला (75) अपना वोट डालने आये थे कि अचानक चक्कर आकर गिर गये। बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुके थे।

### भाजपा उम्मीदवार के सुधाकर पर रिश्वतखोरी का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्काड टीम (एफएसटी) द्वारा कार्रवाई शुरू की गई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि के सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ 4.8 करोड़ रुपए नकद जब्त करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि चिक्काबल्लापुरा के एफएसटी ने उनके पास नकद राशि को जब्त किया। चिक्कबललापुरा निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा गुरुवार को मदनायकनहल्ली थाना में सुधाकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

### धनखड़ ने की तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी सुधेश धनखड़ के साथ शुक्रवार को तिरुमाला मंदिर में श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने दर्शन के बाद अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा, यह यात्रा आध्यात्मिकता, दिव्यता और धार्मिकता के सबसे करीब है। उन्होंने खुद को धन्य महसूस किया। यह स्थान सद्गुण, उत्कृष्ट प्रशासन और निर्बाध कामकाज का उदाहरण है और यह धार्मिक व्यवस्था के लिए एक आदर्श हो सकता है। मैं अपने और अपनी पत्नी के जीवन भर के लिए पल को यादगार मानता हूं। इससे पहले उपराष्ट्रपति का मंदिर महाद्वारम में टीटीडी के अध्यक्ष भुमना करुणाकर रेड्डी और कार्यकारी अधिकारी ए वी धर्म रेड्डी ने औपचारिक स्वागत किया।

# पिछले दस सालों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से आए बाहर : शाह



■ गुना व राजगढ़ में की चुनावी सभा

**गुना/राजगढ,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। शाह ने मध्य प्रदेश के गुना और राजगढ़ में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, निवर्तमान गुना सांसद केपी यादव, गुना लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजगढ़ लोकसभा प्रत्याशी रोडमल नागर सहित अन्य पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा शासन के 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह 5 किलो निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है। 10 वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए, 4 करोड़ लोगों को घर बनाकर दिए गए, 3 करोड़ लोगों को घर में बिजली दी, 10 करोड़ माताओं को गैस कनेक्शन दिए गए।

# कर्नाटक में मोदी नहीं, गारंटी की लहर : सिद्दारमैया



- ■ मतदान के बाद राज्य में 20 सीटें जीतने का किया दावा
- ■ राज्य में दूसरे चरण के मतदान में 14 सीटों पर डाले गए वोट

**बंगलूरू,**26 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मोदी लहर को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। सीएम सिद्दारमैया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं के पक्ष में एक लहर है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी राज्य में कुल 28 लोकसभा सीटों में से 20 सीटें जीतेगी।

हमारी सरकार की योजनाएं बिना किसी मध्यस्थ के जनता तक पहुंची है। हर महीने लोगों के बैंक खातों में पैसा पहुंचा है। बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक के 14 सीटों पर मतदान हुआ। सिद्दारमैया ने भरोसा जताया कि जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को जीत दिलाई थी। पहले चरण के 14 सीटों में कांग्रेस को कितनी सीटों में जीत मिलेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा, फिलहाल, स्पष्ट रूप से इसे नहीं बताया जा सकता है। यह एक सीक्रेट बैलट है, लेकिन हम यहां ज्यादातर सीटें जीतेंगे। सवाल का जवाब देते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि हम मैसूर और चामराजनगर की सीटों पर जीत हासिल करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, यहां सिद्धारमैया की कुर्सी दांव पर है, क्योंकि मैसूर और चामराजनगर में जीत जरूरी है। सिद्दारमैया ने बताया कि उन्होंने पिछले दो दिनों में गुलबर्गा और बीदर में मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि हम दोनों क्षेत्रों में जीत हासिल करेंगे।

## प्रधानमंत्री का भाषण गैर संविधानिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर निशाना साधते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि पीएम मोदी हताश हो चुके हैं। सीएम ने कहा कि उन्होंने जो भाषण दिया, वह किसी भी पीएम का भाषण नहीं था। वह गैर-संविधानिक है। मुझे ऐसा लगता है कि वह हताश हो चुके हैं। उन्हें हारने का डर सता रहा है। सिद्धारमैया ने पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एचडी देवगौड़ा पर अवसरवादी राजनीति करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान भावुक होने पर पूर्व प्रधानमंत्री पर कटाक्ष भी किया। कर्नाटक के सीएम ने कहा जनता जानती है कि यह सब सच नहीं है, बल्कि सब झूठ है। अगर लोगों का आशीर्वाद मिला तो हम राजनीति में टिके रहेंगे। अगर आशीर्वाद नहीं मिला तो हम राजनीति में नहीं रहेंगे। इसमें आंसू बहाने वाली क्या बात है।

# दो दशकों में पहली बार केसीआर परिवार चुनावी मैदान से बाहर



**हैदराबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। दो दशकों में पहली बार, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) का परिवार चुनावी मैदान में नहीं है। तेलंगाना राष्ट्र समिति के संस्थापक के परिवार के किसी भी सदस्य ने राज्य में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन नहीं किया है। 2001 में टीआरएस (अब बीआरएस) के गठन के बाद यह पहला मौका है जब केसीआर परिवार चुनावी मुकाबले से बाहर है। पूर्व मुख्यमंत्री या उनके परिवार के सदस्य ने 2004 के बाद हर बार लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ा। तेलंगाना आंदोलन को फिर से चलाने व अपनी पार्टी टीआरएस बनाने के लिए केसीआर ने टीडीपी से इस्तीफा दे दिया था और करीमनगर से लोकसभा और सिद्दीपेट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। वह दोनों सीटों से चुने गए, लेकिन बाद में सिद्दीपेट सीट छोड़ दी और केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में मंत्री बने।

## 13 मई को होना है लोस चुनाव

इस समय चल रहे लोकसभा चुनाव में संकेत मिल रहा था कि कविता फिर से निज़ामाबाद से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन केसीआर ने उन्हें मैदान में नहीं उतारने का फैसला किया। कविता को हाल ही में कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तार किया गया है। ऐसी भी अटकलें थीं कि केसीआर मेडक या मलकजगिरी से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन उन्होंने राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया।

# केरल में मतदान के दौरान चार लोगों की मौत

**पलक्कड़/ केरल,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में एक बूथ एजेंट समेत चार लोगों की मौत हो गई। अनीस अहमद कोझिकोड शहर के बूथ नंबर 16 के बूथ एजेंट थे। वह सुबह आठ बजे मतदान के दौरान बेहोश हो गए और उनकी मृत्यु हो गई। इससे चुनाव प्रक्रिया कुछ मिनटों के लिए रुक गई हालांकि शव को ले जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया को बहाल किया गया। इसी तरह पलक्कड़ लोकसभा क्षेत्र के ओट्टापलम के पास चुनानगढ़ के चंद्रन सुबह लगभग 7.30 बजे वाणी विलासिनी स्कूल मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद बेहोश होकर गिर गये और उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय निवासी उन्हें ओट्टापलम के तालुक अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कक्काझोम के सुशांत भवन में रहने वाले अलाप्पुझा लोकसभा क्षेत्र के सोमराजन अलाप्पुझा के अंबालापुझा में एक बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बेहोश हो गए और मौके पर उनकी मृत्यु हो गयी।

# डॉ. उदित राज के लिए प्रचार करेंगे स्वामी नित्यानंद



**नई दिल्ली** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से एक उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट काफी खास है। दिल्ली की एकमात्र यह लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह लोकसभा क्षेत्र 2008 में अस्तित्व में आया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. उदित राज इस सीट से एक बार चुनावों में विजयी रह चुके हैं और इस बार भी उन्हें भारी संख्या में जन समर्थन मिल रहा है। उन्हें शुक्रवार को वर्ल्ड काउंसिल ऑफ आर्य समाज के राष्ट्रीय महामंत्री और संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता स्वामी नित्यानंद उर्फ महेंद्र शास्त्री ने समर्थन देने की घोषणा की है। यहीं नहीं वह उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में रहकर डॉ. उदित राज के लिए प्रचार करते हुए भी नज़र आएंगे। उन्होंने चुनाव समाप्त होने तक डॉ. उदित राज के पक्ष में प्रचार करने का फैसला किया है। डॉ. उदित राज को समर्थन देते हुए स्वामी नित्यानंद ने कहा, 'राहुल गांधी आम जनता, वंचित लोग, गरीब सहित देश की 95 प्रतिशत जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें एक होकर लड़ाई लड़नी है और कामयाब भी होना है।' उन्होंने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने न केवल गरीबों, मध्यम वर्ग, व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और श्रमिकों के अधिकारों का हनन किया है बल्कि देश में रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और ऐतिहासिक महंगाई से जनता को त्रस्त कर दिया। सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों के हितों के लिए काम किया है।

**चुनाव** — *राजस्थान में मतदान की धीमी रफ्तार नहीं छू पाई पिछला आंकड़ा*

# बाड़मेर-बांसवाड़ा रहे मतदान में अव्वल, चित्तौड़गढ़ पिछड़ा

**जयपुर, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के द्वितीय एवं अंतिम चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को सायं पांच बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन विभाग के अनुसार शाम पांच बजे तक 59.19 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शुरु हुआ।**



■ पिछले लोकसभा चुनाव में 68.17 प्रतिशत तक हुआ था मतदान

और छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक चल रहा है। पिछले 2019 के लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण से इस बार की तुलना की जाए तो वोटिंग में बढ़त देखने को नहीं मिली। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में इन 13 सीटों पर 68.17 प्रतिशत तक मतदान हुआ था। इनमें सबसे ज्यादा वोटिंग बाड़मेर, दूसरे नंबर पर बांसवाड़ा और तीसरे नंबर पर चित्तौड़गढ़ रहे। बाड़मेर में 73.13 प्रतिशत, बांसवाड़ा में 72.78 प्रतिशत और चित्तौड़गढ़ में 72.17 प्रतिशत की वोटिंग हुई। चित्तौड़गढ़ में शाम साढ़े पांच बजे तक 61.81 प्रतिशत तक ही वोटिंग हुई। आखिरी घंटे में औसतन 7 से 8 प्रतिशत तक की वोटिंग देखी जाती है। यदि यही ट्रेंड इस बार भी रहा तो चित्तौड़गढ़ की सीट पर पिछले चुनावों की तुलना में कम वोटिंग देखने को मिल सकती है।

चित्तौड़गढ़ को इस बार भाजपा के लिए टफ सीट माना जा रहा है। यहां राजपूत वोटरों की नारजागी का बड़ा फैक्टर है। बाड़मेर के बाद बांसवाड़ा में भी वोटिंग को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला यहां पिछले लोकसभा चुनावों में 72.78 प्रतिशत की पोलिंग हुई थी। जोधपुर में भी यही स्थिति देखने को मिली। पिछले लोकसभा चुनावों में यहां 68.41 प्रतिशत की पोलिंग हुई थी। वहीं इस बार शाम साढ़े पांच बजे तक 58.35 प्रतिशत की पोलिंग हुई है। यहां से भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत चुनाव लड़ रहे हैं। ये सीट भी इस बार फंसी हुई है। मतदान के दौरान बाड़मेर के थुंबली में मारपीट एवं पुलिस एवं कुछ लोगों में झड़प होने की खबरे मिली। इसी मामले में कांग्रेस नेता हरीश चौधरी ने कलेक्टर के सामने धरना भी दिया। दूसरे चरण में कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं उनके बेटे वैभव गहलोत ने जोधपुर में, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं उनके पुत्र एवं झालावाड़-बारां से चुनाव लड़ रहे दुष्यंत सिंह ने झालावाड़ में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने चित्तौड़गढ़, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं जोधपुर से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने बालोतरा में एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमरे, पूर्व विस अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा से चुनाव लड़ रहे डा.सीपी जोशी ने नाथद्वारा में सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नेताओं ने अपने क्षेत्रों में अपने मताधिकार का उपयोग किया।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# कैपिटल ज़ोन

# देश में दलितों व पिछड़ों का आरक्षण मार रहे भाजपाई : संजय सिंह

■ 'आप' ने भाजपा पर लगाया दलित विरोधी मानसिकता का आरोप

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता की। संजय सिंह ने कहा कि आज इतिहास के पन्नों में दर्ज वो घटनाएं बताना चाहता हूं कि किस तरह से भाजपा और संघ से प्रेरित मानसिकता के लोग बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जिस कुर्सी पर बैठते थे, उसको गंगा जल से छिड़क कर शुद्ध करने का काम करते थे। घृणा और नफरती मानसिकता से ग्रसित भाजपा के लोग दलितों को तालाब में पानी पीने से रोकते थे, दलितों को खाट और कुर्सी पर बैठने से रोकते थे। संघ ने अपना संविधान बनाया था कि वेद की ऋचाएं दलित के कान में चली जाए तो उनके कान में ताला डाल देना चाहिए। आज उसी मानसिकता के लोग आजादी के 75 साल बाद भी इस देश के अंदर जिंदा हैं। मैं देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और लोकतंत्र में आस्था रखने वाले लोगों से हाथ जोड़कर अपील करना चाहता हूं कि आप सावधान हो जाइए, ये संघ के लोग देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक मारना चाहते हैं, इनके अधिकार को खत्म करना चाहते हैं।



दलित को मेयर बनने से रोकने के लिए भाजपा के एलजी ने रद्द किया चुनाव : संजय सिंह

## एलजी ने मनोनित पार्षदों को वोट का अधिकार दे दिया था, लेकिन कोर्ट ने रोक लगा दी

संजय सिंह ने भाजपा से पूछा कि जब पिछले साल एलजी ने मुख्यमंत्री की सलाह के बगैर भाजपा के पार्षद को पीठासीन अधिकारी बनाया था, तो इस बार मेयर का चुनाव खत्म क्यों किया? इसलिए की एक दलित का बेटा मेयर की कुर्सी पर न बैठ पाए। पिछले साल मुख्यमंत्री की बिना सलाह के बिना एलजी ने भाजपा के 10 कार्यकर्ताओं को पार्षद नामित कर दिया। मुख्यमंत्री ने पार्षद नामित करने के लिए जिनका नाम भेजा था, एलजी ने उसके खिलाफ जाकर भाजपा के 10 कार्यकर्ताओं को पार्षद बना दिया था। एलजी ने केवल पार्षद ही नहीं मनोनित किया, बल्कि इन्हें वोट करने का अधिकार भी दिया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था और कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि नामित लोगों को वोट करने का अधिकार नहीं है। आज भी पार्षदों को नामित करने का मामला कोर्ट में लंबित है और इस वजह से अभी तक एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं हो पाया है।

संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर बाबा साहब अंबेडकर का संविधान हमें अधिकार देता है कि पांच साल में एक बार दलित का बेटा भी मेयर की कुर्सी पर बैठेगा। लेकिन दलित विरोधी मानसिकता के भाजपा के लोगों ने बाबा साहब को कुर्सी पर बैठने से रोका, दलितों को तालाब का पानी पीने का विरोध किया, ये लोग आज भी उसी घृणा और मानसिकता के साथ जिंदा हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने दिल्ली के अंदर दलित के बेटे को पांच साल में एक साल के लिए दिल्ली के मेयर की कुर्सी पर बैठने का अधिकार दिया था, भाजपा ने उस अधिकार को खत्म किया। भाजपा ने दिल्ली में मेयर चुनाव खत्म कर दिया और कहा कि दलित का बेटा मेयर की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। दलित का बेटा बैठा तो मेयर की कुर्सी अपवित्र हो जाएगी। इसके लिए भाजपा ने एलजी को मोहरा बनाया। भाजपा के एलजी ने कहा कि बगैर मुख्यमंत्री की सलाह के हम पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं कर सकते।

भाजपाई पूरे देश में दलितों, पिछड़ों का आरक्षण मार रहे हैं। भागवत समेत भाजपा के नेता अरक्षण खत्म करने की बात करते हैं। संजय सिंह ने एक साल पहले के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि एक साल पहले जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल को मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी बनाया जाए तो एलजी ने सीएम की सलाह को फाड़कर कूड़ेदान में डाल दिया और कहा कि हम भाजपा की पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी बनाएंगे। इसलिए, हमारा आरोप बिल्कुल सही है कि बाबा साहब के संविधान और दलित विरोधी भाजपा ने एलजी से झूठ बुलवाया।

## भागवत के संविधान को लागू करना चाह रही भाजपा

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर के लिखे संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा दलितों, पिछड़ों, वंचितों, शोषितों और आदिवासियों के लिए संविधान में दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बाबा साहब द्वारा चुनाव में दलितों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। भाजपा बाबा साहब के संविधान को खत्म कर भागवत के संविधान को लागू करना चाहती है और देश में चुनाव खत्म करना चाहती है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने देश की 6-7 राज्य सरकारों को तोड़कर अपनी सरकार बना ली। चंडीगढ़ और गुजरात के सूरत का चुनाव इसके ताजा उदाहरण हैं। अब दिल्ली के मेयर चुनाव को खत्म कर दिया गया। दिल्ली मेयर चुनाव में कांग्रेस का भी आम आदमी पार्टी को समर्थन था। हमारे पास प्रचंड बहुमत था। दलित के बेटे को मेयर बनना तय था, लेकिन भाजपा ने चुनाव रोक दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा और एलजी साहब क्यों झूठ बोल रहे हैं कि एलजी बिना मुख्यमंत्री की सलाह पर काम नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद अनेकों फाइल मंत्रियों ने सीधे एलजी को भेजी और एलजी ने उसको स्वीकृति प्रदान की। मेयर चुनाव के मामले में एलजी ने अंतिम दिन तक इंतजार किया।

# नगर निगम की बैठक के पहले 'आप' व भाजपा ने किया सदन में हंगामा

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मेयर चुनाव मामले पर दिल्ली नगर निगम की बैठक के पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के बीच जमकर हंगामा हुआ। आप का आरोप है कि भाजपा मेयर चुनाव नहीं होने देना चाहती है। भाजपा दलित समाज से मेयर नहीं बनने देना चाहती है। बाद में आप के पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम स्थित सिविल सेंटर में डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। इस हंगामे की वजह से शुक्रवार को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई। दिल्ली में मेयर चुनाव स्थगित होने के बाद आज दिल्ली नगर निगम की बैठक रखी गई थी। इसमें जोरदार हंगामा देखने को मिला। नगर निगम की बैठक शुरू होने से पहले ही आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। निगम मुख्यालय पहुंचे आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने अंबेडकर प्रतिमा के पास हाथों में दलित विरोधी लिखी हुई तख्तियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया।




**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | मौजूदा वॉशिंग लाइन नंबर 1, 2, 3, 4 और 5 के लिए विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर। |
| अनुमानित लागत | ₹1,19,43,820.62 |
| बयाना राशि | ₹2,09,700/- |
| ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 07.05.2024 (10:30 बजे) से 21.05.2024 (15:00 बजे तक) |
| ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 21.05.2024 (15:00 बजे) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा सं.: 14-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 25.04.2024 1261/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**गाड़ी सं. 01109/01110 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 01109 आगमन | गाड़ी सं. 01109 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01110 आगमन | गाड़ी सं. 01110 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:15 | — |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

चलने के दिन: 01109 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से 28.04.2024 (रविवार) एवं 02.05.2024 (गुरूवार) को तथा 01110 गोरखपुर जं. से 30.04.2024 (मंगलवार) एवं 04.05.2024 (शनिवार) को।
स्थान: 3 टियर वाता. इकॉनोमी।
ठहराव: दादर, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**गाड़ी सं. 09557/09558 भावनगर ट.- दिल्ली कैंट - भावनगर ट. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| गाड़ी सं. 09557 आगमन | गाड़ी सं. 09557 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09558 आगमन | गाड़ी सं. 09558 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 15:15 | भावनगर ट. | 12:25 | — |
| 13:10 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 15:25 |

चलने के दिन: 09557 भावनगर ट. से 03.05.2024 से 28.06.2024 तक (शुक्रवार) तथा 09558 दिल्ली कैंट से 04.05.2024 से 29.06.2024 तक (शनिवार)
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: भावनगर पारा, सिहोर जं., धोला जं., बोटाद, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम जं., चांदलोडिया 'बी', मेहसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं. एवं गुड़गाँव स्टेशन।

**गाड़ी सं. 09044 बरौनी जं.-बांद्रा टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09044 आगमन | गाड़ी सं. 09044 प्रस्थान |
|---|---|---|
| बरौनी जं. | — | 10:20 |
| बारांबकी | 01:33 | 01:35 |
| बांद्रा टर्मिनस | 07:05 | -- |

चलने के दिन: 09044 बरौनी जं. से 29.04.2024 (सोमवार) को।
स्थान: शयनयान।
ठहराव: समस्तीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बारांबकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं., सायन, सूरत, उधना जं., वलसाड, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

**गाड़ी सं. 03423/03424 भागलपुर जं.- हरिद्वार- भागलपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| गाड़ी सं. 03423 आगमन | गाड़ी सं. 03423 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03424 आगमन | गाड़ी सं. 03424 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 13:55 | भागलपुर जं. | 21:20 | — |
| 17:55 | -- | हरिद्वार | -- | 19:55 |

चलने के दिन: 03423 भागलपुर जं. से 29.04.2024 से 24.06.2024 तक (सोमवार) तथा एवं 03424 हरिद्वार से 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार)।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा जं., बक्सर, प.दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद जं. एवं लक्सर जं. स्टेशन।

**गाड़ी सं. 06225/06226 हुब्बल्लि जं.- योग नगरी ऋषिकेश- हुब्बल्लि जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| गाड़ी सं. 06225 आगमन | गाड़ी सं. 06225 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 06226 आगमन | गाड़ी सं. 06226 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 21:45 | हुब्बल्लि जं. | 17:30 | — |
| 18:45 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

चलने के दिन: 06225 हुब्बल्लि जं. से 29.04.2024 से 27.05.2024 तक (सोमवार) तथा एवं 06226 योग नगरी ऋषिकेश से 02.05.2024 से 30.05.2024 (गुरूवार)।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: धारवाड़, बेलगवि, घटप्रभा, मिरज जं., सातारा जं., पुणे, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ह. निज़ामुद्दीन, गाज़ियाबाद जं., मेरठ सिटी, खतौली, मुज़फ्फरनगर, देवबन्द, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

1266/2024

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सार संक्षेप

### हायर इंडिया ने की वोग सीरीज लॉन्च

**नई दिल्ली।** अप्लायंस ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर की कलरफुल रेंज में अपनी लेटेस्ट वोग सीरीज लॉन्च की है। हायर इंडिया के एक्सटेंसिव प्रोडक्ट लाइनअप में यह रोमांचक जुड़ाव उपभोक्ताओं को कलरफुल ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर की एक सीरीज के साथ अपने किचन को पर्सनलाइज बनाने का एक मौका देती है। इस नई सीरीज में एस्थेटिक्स, डिजाइन और वर्सेलिटी के साथ ऑप्शन्स की एक वाइड रेंज मौजूद है, जिसमें 2-डोर कन्वर्टिबल साइड-बाय-साइड, 3-डोर कन्वर्टिबल साइड-बाय-साइड, टॉप और बॉटम-माउंटेड रेफ्रिजरेटर शामिल हैं। नई हायर वोग सीरीज के लॉन्च पर हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने कहा कि मार्केट के ट्रेंड के अनुसार, हायर इंडिया हमेशा से ही अपने ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने वाले इनोवेटिव सोल्यूशंस प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

### हाफले ने तेंदुलकर को बनाया ब्राण्ड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** हाफले ने अपनी भारतीय सहायक कम्पनी के ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी दो विरासतों के एक साथ आने का प्रतीक है, जो अपनी सटीकता, गुणवत्ता और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के भगवान के रूप में सम्मानित और 20 वर्ष के कैरियर में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दुनिया भर में पहचाने जाने वाले, श्री तेंदुलकर - उत्कृष्टता, अखण्डता और पूर्णता के लिए निरंतर प्रयास का प्रतीक हैं और उनके यही मूल्य जो हाफले के साथ गहराई से मेल खाते हैं। सचिन का स्वागत करते हुए हाफले दक्षिण एशिया के प्रबन्ध निदेशक फ्रैंक श्लोएडर ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे ब्राण्ड के लिए सचिन बिल्कुल उपयुक्त हैं, खासकर खाना पकाने और अपनी रसोई में व्यंजन तैयार करने के उनके जुनून को देखते हुए। हमारे समकालीन आंतरिक समाधानों को सबसे आगे लाने और उनकी कुशल कार्यक्षमता, अत्याधुनिक तकनीक और प्रेणात्मक सौंदर्य को उजागर करने के लिए उनसे बेहतर कौन हो सकता है।

### सीडीएस में महिलाओं की भर्ती पर निर्णय लेने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा मंत्रालय को संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से महिलाओं को पुरुषों के समान भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में महिलाओं को शामिल करने पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने दिया, जो अधिवक्ता कुश कालरा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में सीडीएस परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायु सेना अकादमी (एएफए) में भर्ती के लिए आवेदन करने से महिलाओं को बाहर रखने की परंपरा को चुनौती दी गई है।

# संत निरंकारी मिशन ने किया सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीष से संत निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिल्ली स्थित निरंकारी कॉलोनी में शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें 14 नव युगल परिणय-सूत्र में बंधे।



नव-विवाहित जोड़ों को दिव्य युगल ने संयुक्त रूप में अपना पावन आशीर्वाद प्रदान किया। इस शुभ अवसर पर मिशन के श्रद्धालु भक्त, वर-वधु के माता-पिता एवं परिजन उपस्थित थे। निरंकारी मिशन द्वारा हर वर्ष सादा शादियों का आयोजन किया जाता है। सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आरम्भ पारम्परिक जयमाला एवं निरंकारी शादी के विशेष चिन्ह सांझा-हार द्वारा हुआ। उसके उपरांत निरंकारी लावों का गायन हुआ जिसकी प्रत्येक पंक्ति में नव विवाहित युगलों के सुखमयी जीवन के लिए अनेक कल्याणकारी शिक्षाएं प्रदत्त थी। सतगुरु माता, निरंकारी राजपिता एवं वहां उपस्थित समस्त जनों ने नव युगलों पर पुष्प वर्षा करके उनके मंगलमयी जीवन की कामना करी।

इसके अलावा पहाडगंज स्थित संत निरंकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल 75वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालय स्टाफ, टीचर्स तथा अन्य उपस्थित सज्जनों को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने उक्त आशीर्वाद प्रदान किए।

# पर्यावरण प्रेमी कालीचरण हुए सम्मानित

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के जानेमाने पर्यावरणविद कालीचरण को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली में सम्मानित किया गया।

कालीचरण को वर्ल्ड अर्थ डे के मौके पर हिमालय पाइन कंपनी ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में सम्मानित किया गया। इस मौके पर देश-विदेश से आए जाने माने पर्यावरण प्रेमियों ने भी शिरकत की। साथ ही 8 देशों के भारत में रह रहे विदेशी एंबेसडर ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। कालीचरण को पर्यावरण संरक्षण के लिए इस कार्यक्रम में नामित किया गया था। जिसके बाद उन्हें अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।



■ 8 देशों के एंबेसडर ने भी कार्यक्रम में लिया भाग

इस मौके पर मशहूर फैशन डिजायनर संजना जॉन,संग्राम सिंह, क्रिकेटर अतुल वासन, सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। इन सभी ने कालीचरण के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और उन्हें विशिष्ट अतिथि के तौर पर सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान पर्यावरण प्रेमी कालीचरण पिछले तीन दशकों से पर्यावरण को बचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# दलित व महिला विरोधी है आम आदमी पार्टी : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने आम आदमी पार्टी पर दलित व महिला विरोधी पार्टी होने का आरोप लगाया।

राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी स्वयं महापौर व उप महापौर पदों के लिए चुनाव नहीं करवाना चाहती थी ताकि उनकी पार्टी में चल रहे मतभेद सार्वजनिक न हो जाए। यदि आम आदमी पार्टी महापौर व उप महापौर पद के लिए चुनाव करवाना चाहती थी तो आम चुनावों की घोषणा होने से पहले पूरी प्रक्रिया संवैधानिक तरीके से पूरी कर लेनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के तहत हर वर्ष निगम सदन की पहली बैठक में महापौर व उप महापौर पदों का चुनाव होता है और इसके बारे में आम आदमी पार्टी को अच्छे से स्पष्ट है जब यह पूरी प्रक्रिया पहले से स्पष्ट थी तो आम आदमी पार्टी ने सभी ज़रूरी कार्यवाही पहले क्यों नहीं की।



आम आदमी पार्टी और कांग्रेस किसी भी प्रकार से सत्ता हथियाना चाहते हैं : राजा इकबाल सिंह

राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि हम आम आदमी पार्टी के नेताओं से यह पूछना चाहते हैं कि ये लोग नया मुख्यमंत्री कब ला रहे है ताकि महापौर व उपमहापौर पदों की चुनावी प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी का गठबंधन भी सिर्फ़ चुनावी दिखावा है यदि इन लोगों में सही में गठबंधन होता है तो उपमहापौर पद के लिए कांग्रेस की तरफ़ से कोई कैंडिडेट खड़ा होता।

# क्या पीएम ने बनाई दूरी या पलटने वाले हैं नीतीश : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के अररिया में चुनावी सभा को संबोधित किया। लेकिन एक बात हैरान करने वाली कि पिछली दो सभाओ की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री के मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नजर नहीं आए। इसी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर बडा हमला बोला है। पार्टी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच साझा करने से कतरा रहे हैं। साथ ही सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार से दूरी बना ली है या एक बार फिर से नीतीश पलटी मारने वाले हैं? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि भाजपा के नए-पुराने साथी नीतीश कुमार आज अररिया में प्रधानमंत्री की रैली में नहीं दिखे, वे 16 अप्रैल को गया और पूर्णिया में भी प्रधानमंत्री की दोनो रैलियों में नहीं थे।

**आयोजन** पीपुल्स फोरम फॉर राइज ऑफ साउथ एशिया-पीएफएफआरओएसए का शुभारंभ

# भारत को शांति व प्रगति के लिए निभानी है महत्वपूर्ण भूमिका : भल्ला

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। यह एशिया और दक्षिण एशिया की सदी है जिसमें एक नेता के रूप में भारत को समग्र शांति, सद्भाव और प्रगति के लिए वैश्विक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, जैसा कि वसुदेव कुटुंबकम के हमारे सदियों पुराने भारतीय लोकाचार में निहित है। यह बात भारतीय अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद एआरएसपी फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी संजय भल्ला ने दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन पीपुल्स फोरम फॉर राइज ऑफ साउथ एशिया-पीएफएफआरओएसए का शुभारंभ के दौरान कही। यह भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एआरएसपी फाउंडेशन, युवसत्ता-एनजीओ, गांधी स्मृति और दर्शन समिति, नई दिल्ली और आत्मशक्ति ट्रस्ट की एक संयुक्त पहल है, जो हरिजन सेवक संघ, गांधी ग्लोबल फैमिली और साउथ एशिया पीस अलायंस द्वारा समर्थित है।**



एआरएसपी फाउंडेशन के प्रेसिडेंट प्रताप सिंह ने कहा कि वे टूरिज़्म और टेक्नोलॉजी, जनसांख्यिकीय लाभांश को भुनाने, हमारे समाज में सभी स्तरों पर लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय स्थिरता और कार्रवाई के लिए जल संसाधनों के दोहन के चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नीचे से ऊपर तक दक्षिण एशिया के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मानव रचना यूनिवर्सिटी और लावा मोबाइल्स के सहयोग से संचालित इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में कई प्रमुख लोग भाग ले रहे हैं, जिनमें टीआईओएल नॉलेज फाउंडेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र कुमार, नितेश राज, हरिजन के प्रेसिडेंट प्रोफेसर डॉ शंकर कुमार सान्याल, सेवक संघ, सदस्य, सीसीपीसीआर-चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की मेंबर प्रोफेसर मोनिका मुंजियाल सिंह, निदेशक, साउथ एशिया पीस अलायंस-एसएपीए के डायरेक्टर विजय भारतीय, नेपाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज के पूर्व डायरेक्टर भास्कर कोइराला, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के डायरेक्टर ज्वाला प्रसाद, भारत संचार निगम लिमिटेड के पूर्व सीएमडी अनुपम श्रीवास्तव उपस्थित थे।

संजय भल्ला और युवसत्ता-एनजीओ के संस्थापक प्रमोद शर्मा, जो इस पहल के आयोजक हैं, ने सभी की भलाई के लिए किसी भी अभियान की अंतिम सफलता के लिए दृढ़ता और निरंतरता के मामलों को साझा करते हुए शिखर सम्मेलन का समापन किया। और उनकी योजना पीएफफ्रोसा शिखर सम्मेलन की ऐसी पहल साल में दो बार आयोजित करने की है और अगला सम्मेलन छह महीने बाद मित्रवत श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

दूसरे चरण में जिस प्रकार से जनता का रुझान आ रहा है उससे साफ नजर आ रहा है कि उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीट पर भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी और कमल खिलेगा। लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। जिस तरीके से भीषण गर्मी के बावजूद भी लोग घरों से निकाल के मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं यह हमारे लोकतंत्र और संविधान के प्रति आस्था को दर्शाता है।

**नरेंद्र कश्यप, मंत्री**

## गाजियाबाद में सकुशल सम्पन्न हुआ मतदान

### 49.78 प्रतिशत हुआ मतदान | धौलाना में सबसे ज्यादा 59.31 प्रतिशत मतदान

**गाजियाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद लोकसभा पर शुक्रवार को कड़े सुरक्षाबन्दोबस्त के बीच सम्पन्न हो गया। भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग, कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा तथा बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुंडीर समेत 14 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। 4 जून को मतगणना होगी। यहां पर शाम पांच बजे तक कुल 49.78 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान धौलाना विधानसभा में 59.31 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि लोनी विधानसभा में 54.4 प्रतिशत, मुरादनगर विधान सभा में 54.8 प्रतिशत, साहिबाबाद विधानसभा में 42.8 प्रतिशत, जबकि गाजियाबाद विधानसभा में 47.09 प्रतिशत मतदान रहा। ईवीएम मशीनों को सील करके मतगणना स्थल तक ले जाने का कार्य शुरू हो गया है।






दिल्ली से सटे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे कड़े सुरक्षाबन्दोबस्त के बीच शुरू हो गया और शाम छह बजे सम्पन्न हो गया।

इस दौरान मशीन खराब होने व अन्य छुटपुट बहस की शिकायतें हुए, लेकिन उनका तत्काल की निस्तारण हो गया और दिनभर मतदान निर्बाध चलता रहा। कहीं-कहीं पर मतदाताओं में मतदान करने के लिये उत्साह दिखाई दिया तो कहीं बूथों पर मतदान करने आने वाले मतदाताओं की संख्या काफी कम रही। पहले दो घंटे यानी सुबह 9 बजे तक पूरे लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत 10.67 प्रतिशत रहा। जिसमें लोनी 12.8 प्रतिशत, मुरादनगर विधानसभा में 11.87प्रतिशत, साहिबाबाद में 8.25 प्रतिशत, गाजियाबाद में 9.74 प्रतिशत, धौलाना में 13.78 प्रतिशत हुआ। एक बजे तक पूरी लोकसभा में 33.94 प्रतिशत, तीन बजे तक 41.3प्रतिशत मतदान हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद सभी उम्र के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। साथ ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों पर घूमते रहे और स्थिति पर नजर बनाए रहे। प्रतापविहार, पुराना शहर, हिंडन पार समेत सभी इलाकों में मतदान सकुशल सम्पन्न हो गया। मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बूथों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग सुबह सात बजे से ही लोग वोटिंग के लिए अपने घरों से निकले। गोल्डन पब्लिक स्कूल प्रताप विहार व सिद्धार्थ विहार में मतदाताओं की लंबी लाइन दिखाई दी।

गाजियाबाद के लोनी के प्राथमिक विद्यालय मेन बाजार में वोट डालने के लिए मतदाताओं की कतार लगी है। वोट डालने के लिए लोग लाइन में खड़े हैं। अर्थला के कैलाशवती स्कूल में मतदान केंद्र पर अर्थला में रहने वाले 103 साल के बदन सिंह मलिक ने कैलाशवती स्कूल पर मतदान किया। लोनी के मतदान केंद्र पर बुजुर्ग मतदाता नजरा (100) वोट डालने के लिए पहुंची। कनाडा से वोट देने आए अगम गाजियाबाद के लोनी के बलराम नगर कॉलोनी में रहने वाली गुरुदेवी 85 ने सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल स्थित बूथ पर मतदान किया।

## वीके सिंह, सुनील शर्मा व नरेंद्र कश्यप ने गाजियाबाद में किया मतदान







**गाजियाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को केंन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दूसरे चरण के मतदान में अपना वोट डाला। वीके सिंह धर्मपत्नी के साथ राजनगर स्थित शिलर इंस्टीट्यूट पहुंचे और अपना मत डाला। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों के गोलमोल जवाब दिये। सुनील शर्मा ने वसुंधरा सेक्टर पांच के स्कूल में अपना मत डाला। वहीं नरेंद्र कश्यप ने मुरादनगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भागीरथ पब्लिक स्कूल के पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए पहुंचे। उनका परिवार भी इस दौरान वोट देने के उनकी पत्नी देवेंदरी कश्यप पुत्र सागर कश्यप और सिद्धार्थ कश्यप ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दूसरे चरण में जिस प्रकार से जनता का रुझान आ रहा है उससे साफ नजर आ रहा है कि उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीट पर भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी और कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। जिस तरीके से भीषण गर्मी के बावजूद भी लोग घरों से निकाल के मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं यह हमारे लोकतंत्र और संविधान के प्रति आस्था को दर्शाता है इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद के लोगों से अपील की है कि वह घरों से निकलकर मताधिकार का प्रयोग करें।

इसके अलावा महापौर सुनीता दयाल, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक समेत कई महत्वपूर्ण लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



■ मताधिकार का प्रयोग करते गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र



■ गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने डाला वोट



■ जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने दूसरे चरण के मतदान में डाला मत



■ गाजियाबाद जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह ने किया मताधिकार का प्रयोग

## सोसाइटी के लोगों में दिखा उत्साह नौ बजे के बाद लगी कतार

**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी के फ्लैटों में रहने वाले लोगों ने जमकर वोट किया। इन वोटरों में इस बार जबरदस्त उत्साह था। वह इसलिए क्योंकि इस बार जिला प्रशासन की ओर से सोसाइटी में ही पोलिंग सेंटर बनाए गए थे। यहां पानी से लेकर कूलर तक की व्यवस्था थी। कही कही पर कॉमन हॉल में वोटिंग कराई गई। जिससे वहां लोगों को तेज धूप में नहीं खड़ा होना पड़ा। सुबह 7 से 9 बजे के बीच सोसाइटी के फ्लैटों से लोग काम निकले। लेकिन 11 बजते-बजते लंबी लंबी लाइन बूथ पर लग गई। मतदाताओं ने कहा कि सोसाइटी में पोलिंग स्टेशन बनने से काफी सहूलियत मिली। अन्यथा हर बार गांव या काफी दूर वोट डालने जाना पड़ता था। नोएडा के लोट्स बुलवर्ड, इको विलेज-1, सेक्टर-75, 78, 79 की सोसाइटी के अलावा ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटी में पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे। नोएडा जिस तरह से सुबह 7 से 9 बजे तक महज 10.15 प्रतिशत मतदान हुआ। उससे यही लगा कि सोसाइटी के लोगों ने इस बार फ्लैट से निकलना तक मुनासिब नहीं समझा। लेकिन 11 से 3 बजे के बीच सोसाइटी के पोलिंग बूथों पर लंबी कतार लगी। मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया और पोलिंग प्रतिशत शाम बजे तक नोएडा में 45.69 प्रतिशत पहुंचा। इसके बाद तक भी सोसाइटी में पोलिंग प्रतिशत बढ़ा। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से किया गया ये प्रयास सफल रहा।

### वालंटियर बने सोसाइटी के लोग

सुबह नौ बजे के बाद सोसाइटी में कुछ लोगों ने अपने यहां 100 प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास शुरू किया। सोसाइटी में इंटरकॉम पर फोन कर लोगों को मत का प्रयोग करने के लिए कहा गया। इस मुहिम का नतीजा ये रहा कि ज्यादा तर सोसाइटी में 60 से 65 प्रतिशत तक लोगों ने मतदान किया। कई सोसाइटी में सुबह से ही लाइन भी लग गई। इन्ही सोसाइटी के पोलिंग स्टेशनों को गुब्बारों और स्लोगन से भी सजाया गया। ताकि लोगों लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बने। इस सेंटरों में सेक्टर के लोग ही वालियंटर बने। आने वाले मतदाताओं को बूथ बताने का काम बखूबी किया। साथ ही पोलिंग स्टेशन पर सभी तरह की बुनियादी सुविधा भी मौजूद रही। ऐसे में सोसाइटी में पहली बार पोलिंग स्टेशन बनाने का जिला प्रशासन का मकसद सफल रहा। ये प्रयोग अन्य शहरों में भी किया जा सकता है।



- सोसाइटी के लोग ही बने वॉलंटियर, पहले मतदान किया फिर किया जागरूक
- इंटरकॉम से भी लोगों को जगाया बोले पहले मतदान
- जिला प्रशासन ने पहली बार सोसायटी में ही बनाए थे पोलिंग सेंटर


## भाजपा, बसपा व गठबंधन के प्रत्याशियों ने किया मतदान

■ भाजपा ने कहा, जनता ने हम पर विश्वास जताया ■ गठबंधन के प्रत्याशी बोले हमारी टक्कर में कोई नहीं

**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर से तीनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों ने भी अपने मत का प्रयोग किया। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने परिवार के साथ सेक्टर-15ए पोलिंग स्टेशन पहुंचे। वहां उनकी माता ने वोट किया इसके बाद उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि जनता मन बना चुकी है तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब सारा विपक्ष एक था तब हम करीब साढ़े तीन लाख वोटो के अंतर से जीते थे इस बार वो भी खंडित है पांच लाख नए वोट बढ़े है। यही नहीं इस बार भाव और विश्वास दोनों ही मतदाताओं के अंदर ज्यादा है। इसके अलावा सपा-कांग्रेस गठबंधन से प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर ने ग्रेटरनोएडा के मिलक लिक्षी गांव के पोलिंग सेंटर से अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि वोट डालना सबका मौलिक अधिकार है। वोट डालेंगे तभी पता चलेगा कि पब्लिक क्या चाहती है। शाम तक आइडिया सभी को लग जाएगा। भाजपा प्रत्याशी से टक्कर के सवाल पर कहा कि टक्कर तो है ही नहीं मै आश्वस्त हूं कि इस बार इंडी गठबंधन सरकार बनाएगा। वहीं बसा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी ने सिकंदराबाद में अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने भी अपनी जीत को आश्वत बताया और कहा कि लोग घरों से निकले और मत का प्रयोग करे।







## जातिगत भेदभाव को अब भी मतदान से करना होगा दूर

### रोजगार, अच्छी शिक्षा और एक मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं ने दिया वोट


नोएडा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में फर्स्ट वोटर का मतदान करने से पहले वीजन बिल्कुल साफ नजर आया। उन्होंने जातिगत आंकड़ों को सिरे से नकारते हुए भेदभाव को खत्म करने, रोजगार, साफ-सफाई, शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए वोट किया। वोट डालने के बाद अधिकांश फर्स्ट वोटर ने सेल्फी ली और अपने ग्रुपों पर शेयर करते हुए लोगों को मतदान के लिए जागरुक भी किया। पहली बार वोट डालने वाली युवतियों से बातचीत की।



हमारी शिक्षा अच्छी हो। बेरोजगारी कम हो। बुनियादी सुविधाओं के साथ साफ-सफाई होनी चाहिए। रोजगार मिलने से बेरोजगारी कम होगी और साक्षरता बढ़ेगी। **कशिश फर्स्ट वोटर**




मैंने वोट इसलिए कि एक मजबूत लोकतंत्र बने। इस लोकतंत्र में हम बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। गरीबों को उनका हक मिले। यहां हमारे गांव में बहुत गंदगी रहती है उसकी साफ-सफाई नियमित रूप से हो सके। **राधा वर्मा फर्स्ट वोटर**



सरकार सभी को एक भाव और एक नजर से देखे। हमारे देश में अब भी इतनी गरीबी है उसे क्यों नहीं खत्म किया जा रहा। उसे खत्म करने के लिए मैंने अपना वोट दिया। ताकि सरकार हमारी बातों को सुने। सभी को एक समान अधिकार मिलना चाहिए। **शिवानी कुमारी फर्स्ट वोटर**



हमारे देश में एक बड़ी दिक्कत ये हे यहां जो अमीर है वो अमीर होता जा रहा है जो गरीब है वो गरीब। ऐसा नहीं होना चाहिए। आज भी समाज में जातिगत आधार पर भेदभाव किया जाता है। सभी को एक समान अधिकार मिलना चाहिए। **तान्या फर्स्ट वोटर**



राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास दोनों ही काफी अहम है। इसके अलावा एजुकेशन और लगातार हो रहे पेपर लीक जैसे मामले नहीं होने चाहिए। इससे स्टूडेंट का मनोबल घटता है। ये नहीं होना चाहिए। **महक फर्स्ट वोटर**

## लोकसभा प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद, 4 जून को खुलेगा पिटारा







**बुलंदशहर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। एवीएम में क़ैद हुई लोकसभा प्रतियाशियों की किस्मत, शाम 6 बजे तक जनपद में 56.41 प्रतिशत हुआ कुल मतदान, मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम लेकर स्ट्रांग रूम हुई रवाना, भाजपा, गठबंधन से कांग्रेस व बसपा के बीच रहा रोमांचक मुकाबला, अब 4 जून को होनी है वोटों की गिनती, कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीने को ले जाया गया स्ट्रांग रूम।

### वोट डालने के लिए युवाओं में दिखा जोश

बात की जा रही है पहली बार वोट डालने जा रहे युवाओं से उनके माध्यम से यह जानने की कोशिश की है कि वह किसका समर्थन करेंगे। इसके साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि भारत में चुनाव के लिए 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। सबसे अहम बात यह है कि चुनाव में पहली बार वोट देने वाले यानी 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 1.82 करोड़ है। इसके अलावा 20 से 29 वर्ष की युवा बेटियों की संख्या 19.74 करोड़ है। ये युवा मतदाता किसी भी हार जीत में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

ऐसे युवा मतदाताओं से भी बात की जो पहली बार वोट डाल रहे हैं। उनके माध्यम से यह जानने की कोशिश है कि वे किसका समर्थन करेंगे। इसके साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश हुई कि कौन से ऐसे मुद्दे हैं जो उन्हें प्रभावित करते हैं। 22 साल के छात्र अभिषेक धोत्रे ने कहा कि वह सरकार की सशक्त हिंदू राष्ट्र है। लोकसभा चुनाव के दौरान युवा महिला पुरुष बुजुर्गों में काफी उत्साह दिखा अपने वोट के प्रति। जागरूकता दिखी। उन्होंने कहा कि कई सारे ऐसे मुद्दे हैं जिनमें लड़कियों को युवा वर्ग की शिक्षा और सुरक्षा रोजगार जैसे कई सारे मुद्दे है उनको देखते हुए युवाओ ने अपना वोट डाला है।

## बाराही मेले में बच्चों ने दी प्रस्तुति व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

### रई, आटा पीसने वाली चक्की, राया और बैलगाड़ी प्रमुख आकर्षण का केंद्र

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर में चल रहे ऐतिहासिक प्राचीनकालीन बाराही के चौथे दिन, एनएस पब्लिक स्कूल सूरजपुर के बच्चों ने एजुकेशन डांस की प्रस्तुति देते हुए खास संदेश दिया। जब कि रात्रिकालीन रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र सरदाना एंड पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रागनियों की प्रस्तुति देते हुए लोगों को मनमोह लिया। चौपाल पर हुक्का, सबसे बड़ी खाट, बैलगाड़ी, रई, आटा पीसने वाली चक्की, राया और बैलगाड़ी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। यहां नगांडा पार्टी के कलाकार लोगों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। लोक कला संस्कृति मंच से बीन पार्टी और हरियाणा व राजस्थान के कलाकारों द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। बाराही मेले के संस्कृति मंच से गुरूवार की रत्रि को रागनियों की श्रंखला में प्रीति चौधरी ने देश भक्ति रागनी- मेरा रंग दे बंसती चोला, मई रंग दे बंसती चोला और ज्ञानेंद्र सरदाना ने महाभारत के किस्से से- तीनो युग हो गए समाप्त, कलयुग का झंडा भारी प्रस्तुति दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान पर आधारित मार्मिक रागनी प्रस्तुत करते हुए-मुझे मां गिला, मिला ये ही सिला, बेटियां क्यों पराई है- बेटियां क्यों पराई है कलाकार प्रीति चौधरी खुद भी भावुक होते हुए नजर आई। शिव मंदिर सेवा समिति के महासचिव ओमवीर बैंसला ने बताया कि ऐतिहासिक बाराही मेला-2024 में कठपुतली शो, नट कला, मौत का कुआं, सर्कस जादूगर शो और विभिन्न प्रकार के झूले आदि खेल तमाशे लगातार लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि शनिवार सायं हरियाणा और राजस्थान के कलाकारों तथा राधे स्नेह विद्या निकेतन स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।







## पन्द्रह बीघा फसल के अवशेष में आग लगाने का आरोप

**दनकौर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्र के औरंगपुर गांव निवासी तीन लोगों ने दूसरे गांव के 4 लोगों पर अपने 15 बीघा फसल के अवशेष में आग लगाने का आरोप लगा है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी भी दी है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। गौरव, जैनेंद्र और अमित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके गांव के जंगल में 15 बीघा जमीन है। जिस पर गेहूं की फसल कुछ दिन पहले ही उन्होंने मशीन से कटवाई थी। जिसमें फसल के अवशेष पड़े हुए थे। जिससे वह भूसा निकलवाते। आरोपी है कि क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव निवासी चार लोगों ने रंजिश के चलते उनकी इस फसल में आग लगा दी। सूचना के बाद में मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की आग भीषण लगी हुई है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक लाखों रुपये का उनका नुकसान हो चुका था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि रंजिश के चलते उनकी फसल में आग लगाई गई है। जिन्होंने इस संबंध में कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



उवाच

मैं बड़ी आशा के साथ मतदान करने के लिए आया हूं, दिव्यांग के लिए चुनाव आयोग ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है, मतदान के लिए ज्यादा समय नहीं लगा है, मैं चुनाव आयोग को धन्यवाद देता हूं।

अक्षय द्विवेदी, दिव्यांग



# मतदाताओं की उदासीनता के चलते लोकसभा का घटा मतदान प्रतिशत

**■ गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में हुआ 53.30 प्रतिशत मतदान**









**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर पन्द्रह प्रत्याशियों का भाग्य शुक्रवार को ईवीएम में बंद हो गया, चार जून को मतगणना में इनके भाग्य का फैसला सुनाया जाएगा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा के पांचों विधानसभा में कुल 53.30 प्रतिशत मतदान हुआ, पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने के बजाय इस बार मतदान प्रतिशत घटता गया। शुक्रवार को सुबह 7 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरु हुई तो बहुत से लोगों में होड़ लगी हुई थी की पहला मतदान करेंगे। सुबह का मौसम अच्छा होने की वजह से लोग अपने घरों से निकल लाइन में लगकर मतदान किया। सूरज की तपिश जैसे-जैस बढ़ रही थी वैसे वैसे मतदान प्रतिशत घटता जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम लगातार बूथों पर भ्रमण करते हुए लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करती रही लेकिन आम मतदाता पर कोई असर नहीं हुआ। मतदान प्रतिशत कम होने की वजह क्या रहा है, असलियत में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। गौतमबुद्ध नगर जिले में कुल 26.75 लाख मतदाता, मतदाता सूची में दर्ज हैं। मतदान के लिए लोकसभा में कुल 1093 मतदान केंद्र व 2771 मतदेय स्थल बनाए गए थे। चुनाव कराने के लिए जिले को 26 जोन में बांटा गया था। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह व जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा पूरे दिन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना न हो सके।

**सुरक्षा व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त**

जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रही है, मतदान केन्द्र के बाहर पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर अर्ध सैनिक बलों के साथ जिलापुलिस की टीम तैनात रही। मतदान के दौरान मोबाइल फोन ले जाने की मनाही थी, जिसको लेकर पुलिस की टीम अलर्ट मोड में रही।

## 2019 का नहीं तोड़ सके रिकॉर्ड

| समय | मतदान 2019 प्रतिशत | मतदान 2024 प्रतिशत |
|---|---|---|
| नौ बजे | 10.8 | 12.08 |
| 11 बजे | 24.2 | 24.48 |
| 01 बजे | 37.4 | 36.06 |
| 03 बजे | 49.3 | 44.07 |
| 05 बजे | 56.4 | 51.60 |
| 06 बजे | 60.49 | 53.30 |




**■ सिर्फ पहले फेज में बढ़ा मतदान प्रतिशत इसके बाद लगातार हुआ कम**









**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान के बाद जनता के साथ-साथ हर प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के समीकरण बना रहे है। लेकिन नोएडा विधानसभा के मतदान प्रतिशत में मामूली और दादरी, जेवर, सिकंदराबाद और खुर्जा में बढ़े हुए मतदान प्रतिशत ने सभी के समीकरण को बिगाड़ दिया है। ग्रामीणों ने शहरी वोटर को पछाड़ दिया है।

**साल 2019 के आंकड़े को नहीं छू सके गौतमबुद्ध नगर के मतदाता**

साल 2019 के चुनाव में गौतमबुद्ध नगर की लोकसभा सीट पर 60.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार करीब 5 लाख मतदाता बढ़े है। हालांकि चुनावी समीकरण को देखे तो इस बार जीत का अंतर ज्यादा नहीं होगा। इस बार शुरुआत काफी बेहतर रही। 2019 के मुकाबले इस बार सुबह नौ बजे तक 12.08 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बढ़ने की उम्मीद थी। लेकिन गर्मी चढ़ने के साथ मतदान की रफ्तार कम हो गई। 2019 में 1 बजे तक 37.4 और 3 बजे तक 49.3 प्रतिशत मतदान हो गया था। लेकिन इस बार 1 बजे तक 36.06 और तीन बजे तक 44.07 प्रतिशत मतदान हुआ। यह स्थिति पांच बजे तक और कम हो गई। 2019 में शाम पांच बजे तक 56.4 प्रतिशत लोगों ने मतदान का प्रयोग किया था। लेकिन इस बार 51.60 मत प्रतिशत ही हो सका।

इसकी दो वजह बताई जा रही है। पहला लंबा विकेंड। यानी शुक्रवार, शनिवार और रविवार होने के चलते लोगों ने छुट्टी मनाई या तो वो घर में ही रहे या फिर बाहर चले गए। दूसरी वजह गर्मी रही। दिन चढ़ने के साथ पारा भी चढ़ता चला गया। महज 11 बजे तक पारा 36 डिग्री तक पहुंच गया। इसके बाद 40 डिग्री तक पारा गया। सोसाइटी को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश बूथों पर टैंट तो लगे थे। लेकिन पानी का इंतजाम तक नहीं था। ऐसे में लोग घरो से नहीं निकले।

**फूल मंडी पहुंची ईवीएम मशीन**

मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद देर रात तक पांचों विधानसभा सीट की ईवीएम मशीन फूल मंडी पहुंच गई। यहां जिला निर्वाचन अधिकारी और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखवा कर सील कराया गया। इसके अलावा पांच स्तरीय सुरक्षा घेरा बना दिया गया है। अब ईवीएम मशीनों के लॉकर को 4 जून को खोला जाएगा। उसी दिन मतगणना होनी है।

**15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला बंद**

दिन चढ़ने के साथ मतदान तो बढ़ा लेकिन पोलिंग प्रतिशत कम होने से प्रत्याशियों के चेहरों की हवाइया उड़ी रही। लगातार प्रयास किए जा रहे थे लोगों को जागरुक किया जा रहा था। इसके बाद भी पोलिंग प्रतिशत कम ही रहा। ऐसे में 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। मतगणना के बाद तय होगा कि प्रत्याशियों के दावों में कितना दम रहा।

## पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में दिखा उत्साह

### आइये देखते हैं क्या कहते हैं युवा मतदाता



पहली बार वोट करने पहुंची समृद्धि चौधरी ने बताया कि उन्होंने देश की तरक्की को ध्यान में रखते हुए अपना वोट किया है। वह ऐसे प्रत्याशी का चुनाव करना चाहती हैं, जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चले। गरीबों की मदद करें। लड़कियों को शिक्षा दिलाए और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।

**- समृद्धि चौधरी**



हमने देश के विकास के लिए वोट दिया है, हमारे अंदर उत्कंठा थी की कैसे वोट किया जाता है, घर पर सभी से पूछा पापा-मम्मी ने बाताया था वोटिंग करने का तरीका। मुझे आज बहुत खुशी हो रही है। देश में ऐसी सरकार बने जो युवाओं के हित के लिए काम करें।

**-रिदम भाटी**



खुशी को पहली बार वोट डालने पर पहुत खुशी है,उनका कहना है कि देश में ऐसी सरकार बने जो देश के लिए विकास के लिए काम करे और देश लिए सही दिशा में काम करे। मतदान कैसे किया जाता है, इसको जानने के लिए काफी उत्सुकता थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व रोजगार के लिए कार्य करने वाली सरकार के लिए अपने मत का प्रयोग किया। **-खुशी**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। मतदान का यह मौका उन मतदाताओं के लिए बेहद खास रहा, जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवा वोटर इस बार प्रत्याशी की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। इन बूथों पर युवा मतदाता वोट करने के लिए पहुंच रहे हैं। वोट डालने के लिए युवाओं ने लंबा इंतजार किया। पहले वह अपने माता-पिता, बाबा दादी को वोट डालने जाते देखा था। उन्हें लगता था कि वह कब वोट डाल पाएंगी। आज जब उनका यह सपना पूरा हुआ तो ज्योति के चेहरे पर गजब की खुशी नजर आई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप के माध्यम से लगातार मतदाता जागरुकता अभियान चलाया, जिसमें युवाओं की सहभागिता देखने को मिली थी।

## एयरपोर्ट से प्रभावित रन्हेरा के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार




**जेवर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित व विस्थापित होने वाले गांव रंहेरा के अधिकतर ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर चुनाव का बहिष्कार किया तथा जनप्रतिनिधियों पर निष्क्रियता व उपेक्षा का आरोप लगाया तथा समाधान नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए धरना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वह गत कई महीनों से अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से अपनी मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों ने करीब दो सप्ताह पूर्व पंचायत आयोजित कर चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की थी। शुक्रवार को गांव रन्हेरा के बूथ खाली नजर आये चंद लोगों ने ही अपने मत का प्रयोग किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने मुआवजा बढ़ाने, विस्थापन नीति में सुधार करने, घर घेर के बराबर प्लाट, मुआवजा राशि से प्रदेश मे संम्पत्ति खरीदने पर स्टाम्प में छूट आदि मांगों को पूरा करने के लिए जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई थी लेकिन उनके द्वारा की गई उपेक्षा से ग्रामीण पूरी तरह से त्रस्त हैं।

## दादरी विधायक ने अपने परिवार के साथ किया मताधिकार का प्रयोग



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दादरी स्थित अपने गांव आकिलपुर जागीर मतदान केंद्र पर दादरी विधायक तेजपाल नागर ने अपने परिवार के साथ पहला वोट डाल कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप भी सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बड़ी संख्या में मतदान करें। विशेषकर पहली बार वोट डाल रहे युवा साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर देश के उज्वल भविष्य निर्माण में अपना योगदान दें।

## प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया मतदान

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, प्राधिकरण सहित सभी विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई थी, लोकतंत्र के महापर्व पर अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए अधिकारियों ने भी मतदान किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने परिवार के साथ सेक्टर 14 ए स्थित सामुदायिक केंद्र में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया। वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा वन स्थित प्रज्ञान स्कूल में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया।





## मतदान के दौरान लाइन में खड़ा युवक बेहोश होकर जमीन पर गिरा, दिव्यांग भी रहे परेशान

**दनकौर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान के दौरान दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। मेडिकल और व्हीलचेयर की सुविधा नहीं होने की वजह से लोग काफी परेशान भी दिखे। वोट डालने आया ऊंची निवासी एक युवक लाइन में खड़े होने के दौरान अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। काफी देर तक भी उसकी मेडिकल सुविधा नहीं मिली। जिसके बाद उसके परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसको वहां से ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों का कहना है की कड़ी धूप के दौरान भी लोगों के लिए खड़े होने के लिए कोई सुविधा नहीं थी।



साथ ही परेशानी होने पर मेडिकल सुविधाएं भी नदारत थी। जिसके चलते ही परेशानी उठानी पड़ी। साथ ही दिव्यांग लोग भी व्हीलचेयर नहीं होने की वजह से काफी परेशान दिखाई दिए। ऊंची निवासी नीरज नाम का एक युवक दोपहर के वक्त दनकौर कस्बे के टाउन स्कूल में स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए गया। जब लाइन में लगा हुआ था। उसी दौरान अचानक उसको वह जमीन पर गिर गया जिसके चलते उसकी चोट भी लग गई जिसके मुंह से खून भी निकालने लगा। काफी देर तक जब वहां पर कोई मेडिकल सुविधा नही मिली। जिसके चलते युवक की हालत बिगड़ती देख परिवार के लोगों ने वहां बाइक पर बैठाकर उसको अस्पताल में भर्ती कराया। वोट डालने आए लोगों को कहना है कि मेडिकल सुविधा नहीं होने की वजह से ही युवक की जान बाल बाल बची है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## प्रत्याशी के पक्ष में मतदान को लेकर दो पक्षों में चले डंडे

**दनकौर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र का नंगला गांव में वोटिंग के दौरान अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। पोलिंग बूथ पर तो दोनों पक्षों को शांत करके वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने घर भेज दिया। जिसके बाद आरोप है कि एक पक्ष में दूसरे पक्ष के घर में घुसकर एक बुजुर्ग महिला को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़ित पक्ष को ही तो उन्होंने आरोपी के घर पहुंचकर उसे मारपीट कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब 6 लोगों को हिरासत में लिया है।

महिला पक्ष के लोगों का कहना है कि वह एक प्रत्याशी को वोट दे रहे थे। जबकि उनके पड़ोस का रहने वाला दूसरे प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए उन पर दबाव बन रहा था। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने पोलिंग बूथ पर उनके साथ गाली गलौज कर दी। जिसके बाद आरोपी ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर उनके परिवार की महिला से मारपीट की है। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोट आई है। कोतवाली दनकौर संजय सिंह का कहना है कि मामले दोनों पक्षों के छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर भटकते रहे मतदाता

**■ मतदान पहचान पत्र होने के बावजूद भी बहुत से लोग नहीं कर सके मतदान**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। लोग अपने सभी कामकाज को छोड़कर अपने मतदाधिकार का प्रयोग करते हैं, अगर ऐसे में मतदाता पोलिंग बूथ पर पहुंचे और उनका मतदाता सूची में नाम न हो तो बड़ी मायूसी होती है। ग्रेटर नोएडा के कई मतदान केन्द्र पर लोग मतदाता सूची में अपना नाम खोजते नजर आए। बहुत से लोगों के पास उनका वोटर आईडी कार्ड जरुर था, लेकिन वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं था। बीटा- दो स्थिति फादर एग्नल स्कूल में बने मतदान केन्द्र में कई लोग मतदान के लिए भटकते नजर आए, उनका कहना था कि मैं मतदान के लिए छुट्टी लेकर आया हूं, मेरा नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, मैं अपना वोट डालूंगा, चैंलेन्ज वोट डालूंगा। ऐसे कई लोग मिल गए जिनके पति व पत्नी का वोट अलग-अलग मतदान केन्द्र पर थे जिनके लिए उन्हें भटकना पड़ा। इसी केन्द्र मतदाताओं की सहयाता के लिए बैठे बीएलओ के पास बहुत सी पर्चियां थी, जिस पर सही मकान नम्बर नहीं लिखा था, जिसकी वजह से पर्चियां बंट नहीं पायी थी। ऐसे में बहुत से लोग मतदान करने से वंचित भी रह गए होंगे। इसी तरह अल्फा-दो की रहने वाली मंजू सिरोही ने बताया कि मैं अपने मकान में रह भी रही हूं उनके पास मतदाता पहचान पत्र भी है लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं है, उसमें डिलीट दिखाया जा रहा है। मतदाताओं का कहना है कि अव्यवस्था के कारण मतदाता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रेयान पोलिंग बूथ पर एक ईवीएम में खराबी होने की वजह से एक महिला को मतदान करने में देरी हो गई, जिसकी वजह से उसे बाहर जाना था उसकी फ्लाइट छूट गई। महिला ने बताया कि उसने मतदान किया जरुर लेकिन परेशानी का सामना करना पड़ा।



## दिव्यांग मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर रहा उत्साह

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने के लिए सभी में उत्साह रहता है, इसी उत्साह के साथ दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव आयोग की तरफ से दिव्यांग मतताओं के लिए मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी, रेयान मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर नहीं था, लोगों ने मांग उठाया तो तुरंत पुलिस की तरफ से व्यवस्था की गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कुछ केन्द्रों पर नहीं था वहां पर मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेयान मतदान केन्द्र पर मतदान करने पहुंचे दिव्यांग अक्षय द्विवेदी ने बताया कि मैं बड़ी आशा के साथ मतदान करने के लिए आया हूं, दिव्यांग के लिए चुनाव आयोग ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है, मतदान के लिए ज्यादा समय नहीं लगा है, मैं चुनाव आयोग को धन्यवाद देता हूं। दिव्यांग कृष्ण वीर ने बताया कि सरकार अच्छा काम कर रही है, मतदान मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, यहां पर व्हील चेयर नहीं होने की वजह से मुझे काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। कृष्णवीर के बेटे ने अपने कंधे पर बैठाकर मतदान बूथ तक ले गए मतदान कराने के लिए। दिव्यांग रघुवर बिष्ट ने बताया कि चुनाव आयोग की तरफ से बहुत अच्छी व्यवस्था की गयी है, मैं सभी से अपील करता हूं अपने मत का सभी प्रयोग करें,दिव्याग के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है, मतदान के अंदर साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग दीपा शर्मा ने बताया कि मतदान करके मुझे बहुत खुशी मिली है, सभी आएं मतदान जरुर करें।







# अभिमत

*तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं और तेल के भंडार खत्म होने की कगार पर हैं। अगर हम साइकिलों का उपयोग करें तो हमें मोटरवाहनों में प्रयोग होने वाला पेट्रोल व डीजल को आयात नहीं करना पड़ेगा या कम से कम करना पड़ेगा। अच्छी सेहत के लिए साइकिल चलाना जरूरी है। साइकिल चलाने वालों को अलग से शारीरिक कसरत की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इससे मांसपेशियों की अच्छी कसरत हो जाती है। मोटरसाइकिल की अपेक्षा साइकिल काफी हल्की होती हैं, इसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग भी चला सकते हैं।*

## अच्छी सेहत के लिए साइकिल जरूरी

नवाचार

■ बाबा मायाराम

हा

इन दिनों गांवों से लेकर शहरों तक मोटरसाइकिल का तेजी से चलन बढ़ रहा है। लेकिन फिर भी साइकिलों का अपना विशेष स्थान है, बल्कि अब इसे आत्मनिर्भरता के साथ अच्छी सेहत के लिए जरूरी माने जाने लगा है।

वैश्विक महामारी के बाद से मैंने भी साइकिल चलाना शुरू किया है, जिससे न केवल मुझे स्वस्थ रहने में मदद मिली है, बल्कि प्रकृति और परिवेश से जुड़ने का मौका भी मिला है। जनसाधारण लोगों से मिलने और बात करने का अवसर मिला है।

मध्यप्रदेश के सतपुड़ा पहाड़ की तलहटी में स्थित कस्बे में मेरा निवास है। मैं रोज सुबह साइकिल की सैर करता हूं। कस्बे से पांच किलोमीटर दूर एक पहाड़ी नदी तक जाता हूं और वहां से लौटकर आता हूं।

इस पहाड़ी नदी का नाम मछवासा है। पहले यह नदी बारहमासी हुआ करती थी, पूरे साल भर बहती थी, अब बरसाती हो गई है। लेकिन बारिश के दिनों में इस नदी का सौंदर्य देखते ही बनता है। विशेषकर, कस्बे के ऊपर के गांवों में इसे देखना मनमोहक होता है।

चारों तरफ हरियाली, कल-कल बहती नदी, घास की सरसराहट और हवा की खुशबू होती है। एक ओर चिड़ियों का गीत सुनाई देता है, दूसरी ओर पेड़ों की चमकीली पत्तियां, कीट-पतंगों की भिनभिनाहट और पानी की झिलमिलाहट खींचती है।

बारिश से धुली साफ-सुथरी सड़क, पेड़ों से लटकते पक्षियों के घोंसले, आकाश में बादलों के सफेद गोले और मोतियों सी ओंस की बूंदें लुभाती हैं, तो खेतों में घूमते सियार, रास्ता भटके हिरण, खेतों में दाना चुगते मोर, बंदरों की उछल-कूद और लोमड़ियां दौड़ते दिख जाती हैं।

जो जंगल गर्मी में उदास और बेजान से दिखते हैं, वे बारिश के आते ही हरे-भरे और सजीव हो उठते हैं। मौसम में नई बहार आ जाती है। हाल ही में बेमौसम बारिश में भी कुछ ऐसा ही नजारा था। हालांकि बेमौसम बारिश के नुकसान भी हैं।

इसके अलावा, खेतों में काम करते किसान, सब्जी वाले, दूध वाले, बकरी चराने वाले, चरवाहे, स्कूली बच्चे, नर्मदा की परकम्मा (परिक्रमा) पर निकले श्रद्धालुओं से साक्षात्कार होता रहता है। नर्मदा नदी पवित्र मानी जाती है, इसकी लोग पैदल परकम्मा करते हैं। नर्मदा इस इलाके के उत्तर से गुजरती है। जबकि दक्षिण में सतपुड़ा की पहाड़ियां हैं।

बहुत लम्बा अरसा नहीं हुआ, जब साइकिल प्रतिष्ठित व्यक्तियों की पहचान हुआ करती थी। हालांकि उस समय साइकिलें कम होती थीं और दुकानों से किराये से मिलती थीं। पर साइकिलों का बोलबाला था। उनका सफर सपना होता था।

लेकिन दो दशक पहले से साइकिलों के चलन में बड़ी कमी आई है। और मोटर कार, मोटरसाइकिल. स्कूटर व अन्य वाहनों की बाढ़ आ गई है। साइकिल पीछे हो गई हैं और कारें आगे हो गई हैं। यह एक तरह से वैश्वीकरण का नतीजा भी है।

साइकिल से मोटरसाइकिल या कारों की ओर रूझान बढ़ना अचानक व स्वाभाविक नहीं है बल्कि इसके पीछे सरकारी नीतियां भी हैं। वेतनमानों में वृद्धि है। नई-नई चिकनी चौड़ी सड़कों व राजमार्गों, फ्लाईओवरों का बनना है। इसका एक नतीजा यह हुआ है कि सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी हैं।

कोविड-19 के बाद से साइकिलों के प्रति लोगों का रूझान फिर से बढ़ा है। अच्छी सेहत व फिटनेस के प्रति सजगता आई है। इसके बाद से लोगों ने सुबह-शाम घूमना, साइकिल से सैर करना और प्रकृति के साथ समय गुजारना शुरू किया है। साइकिल मरम्मत करने वाले कहते हैं कि पहले की अपेक्षा अब साइकिलों की मांग बढ़ गई है।

महामारी के दौरान जब तालाबंदी हुई थी, तब शहरों से पैदल चलकर या साइकिल यात्रा करके लोग उनके घरों तक पहुंचे थे। सड़कों पर पैदल यात्रियों व साइकिल सवारों का तांता लग गया था। इससे साइकिल जैसे वाहनों का महत्व और स्पष्ट रूप से समझ आया है।

**साइकिल एक बहु उपयोगी वाहन है। इसकी उपयोगिता कई रचनात्मक कामों में भी सामने आती रही है। हमारे गांव के पास एक स्वयंसेवी संस्था थी, यह 80 के दशक की बात है। इस संस्था की एक गतिविधि सचल पुस्तकालय ( मोबाइल लाइब्रेरी ) हुआ करती थी। संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से गांवों में जाते थे, और लोगों को पढ़ने के लिए किताबें देते थे। इन किताबों में अच्छा साहित्य होता था। दूरदराज के गांवों में किताबें उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल थी।**

साइकिल एक बहु उपयोगी वाहन है। इसकी उपयोगिता कई रचनात्मक कामों में भी सामने आती रही है। हमारे गांव के पास एक स्वयंसेवी संस्था थी, यह 80 के दशक की बात है। इस संस्था की एक गतिविधि सचल पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) हुआ करती थी। संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से गांवों में जाते थे, और लोगों को पढ़ने के लिए किताबें देते थे। इन किताबों में अच्छा साहित्य होता था। दूरदराज के गांवों में किताबें उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल थी।

इसी तरह, संस्था की एक और गतिविधि थी, गांवों में दवाई सुविधा का संचालन करना। हर सप्ताह गांव में एक दिन संस्था की डॉक्टर आती थीं और लोगों की छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज करती थीं। वह महिला डॉक्टर साइकिल से आना-जाना करती थीं, जो उन दिनों कौतूहल का विषय हुआ करता था। डाकिया तो साइकिल से डाक लाता ही था। शहर से स्कूल शिक्षक भी साइकिल से आते थे।

इसी प्रकार, देश में साक्षरता अभियान में भी साइकिलों का प्रयोग किया गया। महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी स्वतंत्रता की तो साइकिल प्रतीक है। जो महिलाएं आमतौर से घर से नहीं निकल पाती थीं, साइकिल ने उनकी दुनिया को बड़ा बनाया। कई महिलाएं साइकिलों से शहर में काम करने करने जाती हैं, दफ्तर जाती हैं। स्कूली लड़कियों के लिए तो कई प्रदेश सरकारों ने योजनाएं शुरू की हैं।

औद्योगिक शहरों में मजदूरों के लिए साइकिल की सवारी आम बात थी। सुबह-शाम मजदूरों की साइकिलें सड़कों पर दौड़ती थीं। एक अलग ही नज़ारा हुआ करता था। मध्यप्रदेश के इंदौर, जबलपुर और छत्तीसगढ़ के भिलाई के आसपास ऐसे दृश्य आम थे। साइकिल ही ऐसे शहरों की पहचान हुआ करती थी।

आजादी के शुरूआती दशक में भारतीय सिनेमाओं में भी साइकिल दिखती थीं। कई गानों में साइकिल के दृश्य होते थे। गांव, पेड़, खेत-खलिहान, पशु-पक्षी सब दिखते थे। लेकिन अब कम दिखाई देते हैं।

शहरों व छोटे कस्बों के सिनेमाघरों में भी बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ती थी, जिनमें से अधिकांश साइकिल सवार होते थे। दूरदराज़ के गांवों से लोग लम्बी यात्राएं करते थे। साइकिल, एक सुलभ व सस्ता वाहन था, और आज भी है।

पर्यावरण और जन स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो साइकिलें बेहतर वाहन हैं। पर्यावरण की मित्र हैं। यह हाथ-पैर की ताकत से चलती हैं। इसे चलाने के लिए किसी प्रकार के ईंधन की जरूरत नहीं है। इससे किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं होता है। प्रकृति को इससे कोई खतरा नहीं है। जबकि मोटर-कारों का जलवायु परिवर्तन में बड़ा योगदान है।

तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं और तेल के भंडार खत्म होने की कगार पर हैं। अगर हम साइकिलों का उपयोग करें तो हमें मोटरवाहनों में प्रयोग होने वाला पेट्रोल व डीजल को आयात नहीं करना पड़ेगा या कम से कम करना पड़ेगा।

अच्छी सेहत के लिए साइकिल चलाना जरूरी है। साइकिल चलाने वालों को अलग से शारीरिक कसरत की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इससे मांसपेशियों की अच्छी कसरत हो जाती है। मोटरसाइकिल की अपेक्षा साइकिल काफी हल्की होती हैं, इसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग भी चला सकते हैं। सड़क हादसों का जोखिम भी नहीं रहता। अगर साइकिल से गिर भी जाएं तो ज्यादा चोट नहीं आती। इसके रखरखाव व मरम्मत में भी ज्यादा पैसे खर्च नहीं होते।

साइकिल के लिए पार्किंग की समस्या नहीं है। न तो खड़ी करने के लिए और न ही सड़क पर चलाने के लिए इसे ज्यादा जगह चाहिए। इसे घर में रखा जा सकता है। जबकि कारों के लिए सड़क पर, पार्किंग में सभी के लिए जगह चाहिए, जो एक बड़ी समस्या है।

साइकिल से सड़क जाम होने की समस्या नहीं है। इसे संकरे रास्तों व गलियों में चलाया जा सकता है। अगर इसके लिए अलग से लेन हो तो, न तो यह दूसरे वाहनों की गति में रूकावट होगी और न ही साइकिल चलाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। साइकिल उनके लिए भी अच्छी है, जो भीड़ से बचना चाहते हैं।

इससे बेरोजगारी को कम करने में मदद मिलती है। साइकिल निर्माण, मरम्मत और खरीद-बिक्री के धंधे में सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। साइकिल मरम्मत की दुकान बहुत ही सस्ते में शुरू की जा सकती है, ज्यादा पूंजी की जरूरत नहीं होती।

सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सड़क जाम, दुर्घटनाएं, प्रदूषण की खबरें आती रहती हैं। साइकिल के चलन इन सभी में कमी आ सकती है। छोटे व कस्बों में इन्हें बढ़ावा दिया जा सकता है।

साइकिल गरीबों की ही नहीं, सबकी पसंद बनती जा रही है। 3 जून को विश्व साइकिल दिवस भी मनाया जाने लगा है। इसलिए हमें भी साइकिलों को बढ़ावा देना चाहिए। साइकिल का प्रचार करना चाहिए। सड़कों पर पैदल व साइकिलों के लिए अलग से लेन बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

कुल मिलाकर, हमें सादगीपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ जीवनशैली की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस दृष्टि से साइकिल एक आदर्श वाहन है, विशेषकर, कम दूरी के लिए, इसे बढ़ावा देना चाहिए। यह एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज का वाहन है। लेकिन क्या हम प्रदूषणमुक्त शहर बनाने और अच्छी सेहत के लिए इसे अपनाएंगे?

### बीता सप्ताह

**20 अप्रैल**

- लोकसभा के 21 राज्यों की 102 सीटों पर 2024 का प्रथम चरण का चुनाव बस्तर छत्तीसगढ़ में 63 फीसदी वोट पड़े।
- छग के रायगढ़ जिले से लगे ओड़ीशा में रेंगाली सारधा महानदी घाट में नाव पलटने से सात लोगों की मृत्यु हो गई।
- लाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के अगले नौ सेना प्रमुख बनाए गए।
- केन्या के हेलीकाप्टर दुर्घटना में सैन्य प्रमुख जनरल ओगोला सहित सेना के नौ अधिकारियों की मृत्यु हो गई।

**21 अप्रैल**

- भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलम्पिक का कोटा प्राप्त कर भारत को दिलाया ओलंपिक कोटा।
- भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का महानिदेशक बनाया गया।
- संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस थीम गीत का एमवी जारी किया गया।
- टोक्यो में भारती पैरा-केनोइस्ट तपदीप ने एशियाई कैनोइंग / पैरा कैनोइंग स्प्रिंट चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

**22 अप्रैल**

- मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीआरए) में नाव डूबने से 58 लोगों की मौत हो गई।
- वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा रियेक्टरों में कार्बन-14 आइसोटोप का किया गया उत्पादन।
- मणिपुर के 11 मतदान केंद्रों में लोकसभा का दोबारा मतदान हुआ।
- विश्वविद्यालयीन अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट के लिए पंजीकरण प्रारंभ किया गया।

**23 अप्रैल**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू सहित कई गणमान्य जन को पद्म पुरुस्कार से सम्मानित किया।
- पहली बार भाजपा के लोकसभा चुनाव का प्रत्यक्ष अवलोकन सात देशों के प्रतिनिधियों ने किया।
- अमेरिका में पढ़ रहे तेलंगाना के दो छात्रों की मौत एटीजोना में सड़क दुर्घटना में मौत गई।
- कुवैत में हिंदी दूतावास ने की हिंदी रेडियो प्रसारण की सराहना।

**24 अप्रैल**

- सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु और पतंजलि औषधि प्रमुख रामदेव बाबा के विज्ञापन संबंधी प्रकरण पर कहा कि माफीनामा विज्ञापन जितना बड़ा क्यों नहीं है।
- गुंटूर लोकसभा सीट से टीडीपी प्रत्याशी चंद्रशेखर लोकसभा 2024 के चुनावी हलफनामे अनुसार 5785 करोड़ के मालिक हैं।
- रक्षा मंत्रालय ने मध्यम दूरी की वैलेस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया।
- भारत की गीता सभरवाल इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र रेजीडेंट समन्वयक बनाई गईं।

**25 अप्रैल**

- वीवीपैट वेरिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा।
- जगदलपुर छत्तीसगढ़ में जबरदस्त भूकंप के झटके महसूस किए गए।
- भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर की हार्टअटैक से मौत हो गई।
- रूसी उपप्रधानमंत्री तिमूर इवानोव को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

**26 अप्रैल**

- लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 88 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गए। छत्तीसगढ़ में कांकेर, महासमुंद, और राजनांदगांव में मतदान हुआ।
- उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।
- अम्मान के स्वतंत्र चुनाव आयोग ने घोषणा की कि जार्डन में 10 सितंबर को संसदीय चुनाव कराए जाएंगे।
- चीन के तीरंदाजी विश्वकप में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोलदेवरा, तरुणदीप राय, प्रवीण रमेश जाधव फाइनल में पहुंचे।

## कितनी दूर हैं गांधी ?

■ रमाकांत नाथ

गांधी जी के सत्याग्रह, अहिंसा को लोग भूल गये हैं। ऐसे दो हथियारों से गांधीजी ने भारत में उस साम्राज्यवादी शक्ति को हराया, जिसे पराजित न कर पाने की घोषणा की गई थी। जिस स्थापित साम्राज्य का 'अंत नहीं' कहा गया था, उस अजेय शक्ति की हार हुई, ब्रिटिश साम्राज्यवाद का सूर्य हमेशा के लिए अस्त हो गया। क्या यह बिना रक्तपात, बिना युद्ध के संभव था?

आज के लोग इस बात पर विश्वास करने को तैयार नहीं हैं। जो लोग यह मानते हैं कि गांधी नाम का कोई व्यक्ति था और उसने अपने आदर्शों से दुनिया में अहिंसा की बयार बहाई थी, वे यह जानते हैं, लेकिन इस धारणा को हटाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

गांधी की हत्या को एक दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की जा रही है। गांधी के स्मारकों को मिटाने की प्रक्रिया भी चल रही है। जब सरकारी षड्यंत्र, भ्रष्ट व्यवस्था, गांधीवादी बयानबाजी, आत्मप्रचार, वोट और सत्ता की रक्षा के लिए गांधी का उपयोग हो तो असली गांधी का पता कैसे चलेगा? वे गांधीवादी भावना को कैसे महसूस कर सकते हैं? गांधी दर्शन के सिद्धांतों और अनुप्रयोग से कैसे अवगत हो सकते हैं? क्या वे गांधी दर्शन का प्रचार करेंगे?

**गांधी इसे एक रास्ता, एक रोशनी, एक विकल्प, एक आशा कहते थे। दुनिया के कई हिस्सों में आज भी गांधी प्रासंगिक हैं और उनका दर्शन लागू है, लेकिन भारत में गांधी और उनके विचार विस्थापित हो रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के महान सेनानी नेल्सन मंडेला ने जीवन में गांधी को कभी नहीं देखा, लेकिन उन्होंने गांधी के आदर्शों को इस तरह क्रियान्वित किया कि एक निरंकुश सरकार गिर गई।**

परोक्ष रूप से इस देश से गांधी और उनके प्रतीकों को मिटाने की योजना चलाई जा रही है। ऐसी योजना को छद्म गांधीवादियों का समर्थन प्राप्त है, जो अपराध में शामिल हैं। बलात्कार, चोरी, दलाली, माफिया से लेकर अन्य घोटालों तक में लगे लोगों को गांधी कहा जाने लगा है। इस मूर्ति को देखकर लोगों का असली गांधी को भूल जाना स्वाभाविक है। कई लोग खुद को गांधी भक्त गांधीवादी कहते हैं, लेकिन गांधी उनसे कोसों दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि गांधी आज कितने आगे हैं?

गांधी इसे एक रास्ता, एक रोशनी, एक विकल्प, एक आशा कहते थे। दुनिया के कई हिस्सों में आज भी गांधी प्रासंगिक हैं और उनका दर्शन लागू है, लेकिन भारत में गांधी और उनके विचार विस्थापित हो रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के महान सेनानी नेल्सन मंडेला ने जीवन में गांधी को कभी नहीं देखा, लेकिन उन्होंने गांधी के आदर्शों को इस तरह क्रियान्वित किया कि एक निरंकुश सरकार गिर गई। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर मंडेला का राजनीतिक अभियान जारी रहा और दक्षिण अफ्रीका की स्वतंत्रता के साथ ही ब्रिटिश शासन का अंत हो गया।

इसी तरह काले अधिकारों के क्रांतिकारी अमेरिकी वकील मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने गांधीजी को अपने जीवन में ऐसा सम्मान दिया जिससे वे अमेरिका के सबसे महान व्यक्ति के रूप में जाने गये। मार्टिन लूथर ने एक बार कहा था, यीशु ने हमें हमारा लक्ष्य बताया है, लेकिन महात्मा गांधी ने हमें इस लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता दिखाया है।

परमाणु वैज्ञानिक और सापेक्षता के सिद्धांत के आविष्कारक और गांधीजी के प्रशंसक अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने कई पत्रों में गांधीजी को अहिंसा का सच्चा उपासक बताया है। द्वितीय विश्व युद्ध से बहुत पहले, आइंस्टीन के साथ गांधीजी के संबंध पत्रों के माध्यम से विकसित हुए थे। उन्होंने महात्मा को अपने समय के महानतम दूरदर्शी लोगों में से एक बताया।

कुछ साल पहले, बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे। 2009 में एक स्कूली कार्यक्रम में ओबामा एक लड़की का अजीब सवाल सुनकर हैरान रह गए थे। बराक ओबामा ने उस सवाल का माकूल जवाब देकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। लड़की ने राष्ट्रपति ओबामा से पूछा, 'अगर आपको जीवित या मृत किसी व्यक्ति के साथ डिनर करना हो तो आप किसे चुनेंगे?' राष्ट्रपति ओबामा ने कहा, गांधी। इससे पता चलता है कि अमेरिका जैसे पूंजीवादी, विकसित देश के शासकों के लिए गांधी कितने महान हैं।

ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी इतिहास बदल गया। वे राष्ट्रपति बनने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बने। ओबामा ने अपने सीनेट कार्यालय में महात्मा गांधी की तस्वीर लगाई और उनकी स्मृति को जीवित रखने का प्रयास किया। कई जगहों पर ओबामा ने गांधी की प्रशंसा की है और गांधी से प्रभावित होने की बात स्वीकार की है, यहां तक कि उन्होंने अपनी एक किताब 'ए प्रॉमिस्ड लैंड' में भी गांधी की प्रशंसा की है।

ओबामा की तरह दुनिया के कई राजनेता गांधी से प्रभावित रहे हैं और उनके सत्य-अहिंसा के दर्शन की प्रशंसा की है। दुनिया के अनेक दार्शनिक, कवि, लेखक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता अपने लेखन के माध्यम से, अपने काम के माध्यम से गांधी की प्रशंसा करते हैं। ओबामा के समय अमेरिका के उपराष्ट्रपति रहे अल गोर भी गांधी के सत्याग्रह आंदोलन से प्रभावित थे। उनका हृदय सत्य-आधारित जीवन के लिए था, जिसे वे दुनिया के लिए महत्वपूर्ण मानते थे।

दलाई लामा तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि गांधी की अहिंसा और धार्मिक भाईचारे ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया। ये दो चीजें भारत का मूल दर्शन हैं, जिसे गांधी ने दुनिया के सामने व्यक्त किया, जबकि भारत दुनिया का गुलाम बन गया था। इसके कारण दुनिया के लोग भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और गांधी के विचारों के करीब हो सके।

भारत में भी गांधीवादी आदर्शों के बहुत से अनुयायी थे और अब भी हैं। इनमें आचार्य विनोबा भावे, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, महादेव भाई देसाई, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना आजाद, खान अब्दुल गफ्फार खां, सरोजिनी नायडू, सी.राजगोपालाचारी, शंकर राव देव, गोविंद बल्लभ पंत, सुशीला नायर, जमुना लाल बजाज, आचार्य राममूर्ति, दादा धर्माधिकारी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित गोपबंधु दास आदि। ये गांधी के आदर्शों के अनुयायी हैं, लेकिन अगर उन्होंने कभी खुद को गांधीवादी या गांधीजी के रूप में प्रचारित नहीं किया।

गांधी और उनके अनुयायियों के बाद जब दुनिया के हर कोने में गांधी की पूजा की जा रही है, उनके दर्शन को लागू किया जा रहा है, लेकिन भारत में गांधी दर्शन की हत्या हो रही है। इस दुर्भावनापूर्ण गतिविधि में छद्म गांधीवादी मुख्य भागीदार हैं। पाठ्यपुस्तकों से बाहर कर जहां गांधी को एक असामाजिक व्यक्ति के रूप में चित्रित किया जा रहा हो वहां गांधी दर्शन पर ये दो तरह के हमले परोक्ष रूप से भारत को गांधी विचार से मुक्त करने की कोशिश ही कर रहे हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)*

## भाजपा के लिए कठिन है '400 पार' की डगर

40 दिनों और सात चरणों में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान राष्ट्र के मूड को पढ़ना कभी आसान या सुरक्षित नहीं होता। इस प्रतिवाद के बावजूद यह अभी भी कहा जाना चाहिए कि भाजपा के खिलाफ एक माहौल बनने की शुरुआत है जो आकार में हल्के से मध्यम शक्ति का हो सकता है; और इस बात पर निर्भर करता है कि चुनाव विश्लेषण कौन कर रहा है। हालांकि, चुनाव के पहले चरण की समाप्ति के बाद इस स्तर पर यह कहना मुश्किल है कि यह भावना क्यों और कैसे पैदा हो सकती है या क्या यह नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल देने के खिलाफ एक तगड़ा माहौल बनाने में सफल हो सकती है। अगर यह माहौल बनाना है तो भाजपा के भारी धन बल और चुनाव अभियान की पहुंच व प्रभाव के खिलाफ खड़ा होना होगा। चुनावी बॉन्ड योजना से भाजपा को मिले 8,250 करोड़ रुपये से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा भारी खर्च स्पष्ट रूप से अभद्रता की सीमा पर है। चुनावी बॉन्ड योजना अब अवैध घोषित हो चुकी है।

इसके बाजूद एकतरफा मिली यह धन शक्ति नुकसान भी पहुंचा सकती है क्योंकि यह एक ओर अद्वितीय पहुंच को सक्षम बनाती है, तो वहीं दूसरी ओर यह भाजपा की भारी नकारात्मकताओं को उजागर करने का काम करती है। यह धन शक्ति एक दमदार, दबंग व अहंकारी व्यक्तित्व को वोट मांगने के समय मदद नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री की यात्रा को छोड़ दें तो भाजपा ने अपने नेताओं के लिए सबसे अधिक निजी हेलीकॉप्टर बुक किए हैं। रायटर के अनुसार गूगल सर्च विज्ञापनों पर भाजपा ने कांग्रेस के मुकाबले चार-एक और फेसबुक विज्ञापनों पर तीन के मुकाबले एक खर्च किया है। वे इसे मनोवैज्ञानिक युद्ध के तौर पर इस्तेमाल कर मतदाताओं को अपनी सतही कहानी का प्रचार करने के लिए कहती है कि 2019 की तुलना में भाजपा 303 सीटों के अपने आंकड़े में सुधार करेगी।



जगदीश रत्तनानी

**महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी में हुए जबरन विभाजन ने महाराष्ट्रीयन गौरव को चोट पहुंचाई है। इसने भाजपा के खिलाफ गुस्से का एक मजबूत अंतर्प्रवाह बनाया है कि पार्टी ने महाराष्ट्र में एक निर्वाचित सरकार को प्रभावित करने के लिए गुजरात का इस्तेमाल किया है। असंतुष्ट और बागी विधायकों को भगाने के लिए भाजपा नेतृत्व ने पहले गुजरात के सूरत (और बाद में गुवाहाटी) का इस्तेमाल एक सुरक्षित शहर के रूप में किया।**

यह समझना मुश्किल है कि ऐसा कैसे संभव है जब तक कि सत्तारूढ़ गठबंधन पिछली बार मिली सीटों को बचाए रखते हुए नई सीटों पर जीत हासिल नहीं करता है, तब तक वह 400 पार के लक्ष्य को कैसे पा सकता है। उदाहरण के तौर पर पिछली बार पूरे दक्षिणी क्षेत्र या पूर्वी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सत्तारुढ़ गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। 2019 में दक्षिण भारत में नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) गठबंधन ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना के पांच राज्यों में 130 सीटों में से 30 सीटें जीतीं लेकिन उनमें से 25 कर्नाटक से आई थीं। कर्नाटक में अब कांग्रेस की सरकार है जो अपने प्रगतिशील कामों के लिए विख्यात है। कर्नाटक सरकार अपने चुनाव अभियान की ताकत को बढ़ाती है तो इस बात की बहुत कम संभावना है कि भाजपा 2019 में कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटों में से 25 के अपने आंकड़े तक पहुंच पाएगी।

तमिलनाडु में भाजपा अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहां पिछली बार पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी लेकिन अब वह शहरी इलाकों में कड़ी टक्कर दे रही है। फिर भी वहां भाजपा के अभियान को द्रविड़ आंदोलन की वैचारिक चुनौती को देखते हुए राज्य में प्रतिसाद मिलने की संभावना नहीं है। वहां सभी क्षेत्रीय दलों की उत्पत्ति और विचारधारा का संबंध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेरियार के द्रविड़ आंदोलन से है। डीएमके विशेष रूप से बार-बार प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाने का आरोप लगाते हुए एक मजबूत अभियान चलाने में सक्षम रही है। संभावना है कि भाजपा को वहां एक भी सीट न मिले।

इसी प्रकार, उत्तरी क्षेत्र में 2019 में भाजपा को अधिकतम सीटें मिलीं थीं। वहां बढ़ने की कोई गुंजाइश न होने तथा कहीं और से कोई नया आधार न होने के कारण भाजपा के लिए अपनी समग्र टैली में सुधार करना लगभग असंभव हो जाता है। वास्तव में बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में नई वास्तविकताओं को देखते हुए पार्टी अपने स्व-घोषित बेंचमार्क से काफी नीचे आ सकती है।

भाजपा के आगे-पीछे चलने के कारण बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लोग 'पलटू राम' कहने लगे हैं। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि एनडीए की जेडीयू-बीजेपी-एलजेपी तिकड़ी 2019 के लोकसभा चुनावों में जीती गई 40 सीटों में से 39 कैसे जीत पाती है। राष्ट्रीय जनता दल आरजेडी के तेजस्वी यादव एक जबरदस्त चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। वे नीतीश कुमार को अपना निशाना बनाए हुए हैं और व्यंग्यात्मक लहजे में 'माननीय' मुख्यमंत्री कहते हैं लेकिन राजद के अंदरूनी लोगों का कहना है कि राजद ने मुख्यमंत्री पद का इस्तेमाल अपने संकीर्ण हितों के लिए किया है। यह सोच अपने आप में कहती है कि नीतीश कुमार एक मोहरा बन गए हैं, वे सत्ता पर नियंत्रण खो चुके हैं और भाजपा के हाथों में खेल रहे हैं। बिहार को 'विशेष दर्जा' दिलाने की मांग को पूरा करवाने में नीतीश कुमार विफल रहे, जिसके लिए वे केंद्र से लगातार मांग और अनुरोध करते रहे हैं। भाजपा के साथ वापस जुड़ने के बाद से नीतीश कुमार की शब्दावली से बिहार के लिए 'विशेष दर्जा' शब्द गायब हो गया है।

महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी में हुए जबरन विभाजन ने महाराष्ट्रीयन गौरव को चोट पहुंचाई है। इसने भाजपा के खिलाफ गुस्से का एक मजबूत अंतर्प्रवाह बनाया है कि पार्टी ने महाराष्ट्र में एक निर्वाचित सरकार को प्रभावित करने के लिए गुजरात का इस्तेमाल किया है। असंतुष्ट और बागी विधायकों को भगाने के लिए भाजपा नेतृत्व ने पहले गुजरात के सूरत (और बाद में गुवाहाटी) का इस्तेमाल एक सुरक्षित शहर के रूप में किया। एक आंदोलन के बाद मुंबई के महाराष्ट्र की राजधानी बनने तक महाराष्ट्र और गुजरात एक ही राज्य थे। मुंबई में एक 'हुतात्मा चौक' उन शहीदों का स्मारक है जो अलग मराठी भाषी महाराष्ट्र राज्य के लिए संघर्ष में मारे गए थे। उस समय मोरारजी देसाई तत्कालीन संयुक्त बॉम्बे-गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे। उसे तब 'बॉम्बे स्टेट' कहा जाता था। 2019 और 2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और शिवसेना ने गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ा था। महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 41 पर जीत हासिल की थी। संभावना है कि कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट वाले एकजुट विपक्ष के खिलाफ यहां भाजपा को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सांसद नवनीत राणा ने एक जनसभा में खुलकर कहा कि इस बार 'मोदी लहर' नहीं है।

कई अन्य राज्यों में भी कांग्रेस को उत्साहजनक प्रतिसाद मिलने की खबरें हैं लेकिन वायनाड को लेकर सीपीआई-कांग्रेस के झगड़े का नकारात्मक प्रभाव और अमेठी सीट को लेकर अनिश्चितता है। रॉबर्ट वाड्रा ने स्पष्ट रूप से अमेठी सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है।

दूसरी तरफ, भाजपा का प्रमुख चेहरा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थके हुए और निस्तेज दिखते हैं। वे एक भंवर में फंसे हुए प्रतीत होते हैं जिससे निकलने के लिए और अधिक समय की जरूरत होती है। उन्होंने अपने भाषणों में धर्म का अति प्रयोग करना शुरू कर दिया है (भाजपा मानकों के मुताबिक यह अति की सीमा तक पहुंच गया है!) जो हास्यास्पद होने की सीमा तक पहुंच गया है। एक सभा में उन्होंने श्रोताओं से कहा कि जब अयोध्या के मंदिर में भगवान राम के 'जन्मदिन' पर भगवान राम की मूर्ति पर सूर्य की किरणें दिखाई दे रही हों तब वे रोशनी भेजने के लिए अपने मोबाइल टॉर्च पर प्रकाश भेजें। उसी बैठक में उन्होंने कहा- 'मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी'।

लेकिन हम इसे यूं ही नजरअंदाज कर सकते हैं- इसे तनाव कहें, थकान कहें या लोकतंत्र के त्यौहार के बीच बेतुकी नाटकबाजी कहें। इसके बावजूद हम उम्मीद करते हैं कि भारत भविष्य में भी लोकतंत्र का जश्न मनाता रहेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट द बिलियन प्रेस)*

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## पीएम मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी से की बात, दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की और इटली मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर उन्हें तथा इटली के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जून 2024 में इटली के पुगलिया में आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन आउटरीच सत्र में आमंत्रित करने के लिए पीएम मेलोनी को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने इटली की अध्यक्षता में जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की जी20 अध्यक्षता के महत्वपूर्ण परिणामों को आगे बढ़ाने, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का समर्थन करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने बातचीत के दौरान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# यूरोपीय संघ चीनी कंपनियों के लिए निष्पक्ष माहौल प्रदान करें : चीन

**बीजिंग,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग ने कंपनियों के कथित तौर पर विदेशी सब्सिडी स्वीकार करने के बहाने से यूरोप में चीनी-वित्त पोषित कंपनियों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इसके बारे में चीनी वाणिज्य मंत्रालय के संबंधित प्रभारी व्यक्ति ने यूरोपीय पक्ष से अपनी गलत कार्रवाई को तुरंत बंद करने और सुधारने, सभी देशों की कंपनियों को यूरोप में निवेश और संचालन के लिए खुला, निष्पक्ष, न्यायसंगत और गैर-भेदभावपूर्ण वातावरण प्रदान करने का आग्रह किया। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह इस वर्ष फरवरी के बाद से यूरोपीय पक्ष द्वारा शुरू की गई 5वीं सब्सिडी जांच है, जिनमें चीनी कंपनियों को निशाना बनाने की कोशिश की गई है। इसके साथ ही यह पहली ऑन-साइट जांच भी है। चीनी उद्योग जगत इससे हैरान और बेहद असंतुष्ट है। चीन का आरोप है कि यूरोपीय आयोग ने मामला दायर करने की कोई पूर्व सूचना दिए बगैर सीधे तौर पर चीनी कंपनी के कार्यालय की जांच की और कंपनी के संचालन उपकरण जब्त कर लिए। संबंधित कार्रवाई ने उचित प्रक्रिया के सिद्धांत का उल्लंघन ही नहीं, बाज़ार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सामान्य क्रम को भी बाधित किया है। इस कार्रवाई से यूरोप में काम करने वाली विदेशी कंपनियों को एक गलत संकेत मिला है। इस पर चीन गंभीर चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

■ चीनी कंपनियों को परेशान करने का लगाया आरोप

## चीनी व अमेरिकी विदेश मंत्रियों ने की वार्ता

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार को पेइचिंग में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ वार्ता की। इस दौरान, वांग यी ने चीन-अमेरिका संबंधों के संबंध में कहा कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले साल नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में मुलाकात की और संयुक्त रूप से सैन फ्रांसिस्को विज़न तैयार किया। दोनों राष्ट्रपतियों के नेतृत्व में चीन-अमेरिका संबंध आम तौर पर स्थिर हो गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय बातचीत, सहयोग और सकारात्मक पहलू बढ़ गए, जिन्हें दोनों देशों के लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का स्वागत मिला। लेकिन, दूसरी तरफ़, चीन-अमेरिका संबंधों में नकारात्मक कारक अभी भी बढ़ रहे हैं और जमा हो रहे हैं, विभिन्न बाधाओं और रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है। चीन के विकास के वैध अधिकार को अनुचित रूप से दबा दिया गया है और चीन के मूल हितों को लगातार चुनौती दी जा रही है। वांग यी ने बल देते हुए कहा कि क्या चीन और अमेरिका स्थिरता और आगे की प्रगति के सही रास्ते पर बने रहेंगे, या गिरावट के जाल में लौटेंगे, यह दोनों देशों के सामने एक बड़ा मुद्दा है।

चीन-अमेरिका संबंधों को मानव जाति के साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण के नज़रिए से देखता है : वांग यी



## पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज



सिर्फ राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने पिछले साल देश में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया। पाकिस्तान का कहना है कि सिर्फ राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक बयान में कहा कि यह बेहद चिंता का विषय है कि विश्व भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन के सबसे जरूरी हॉटस्पॉट को नजरअंदाज करती है या कम महत्व देती है।

विदेश मंत्रालय का कहना है कि रिपोर्ट गलत जानकारी पर आधारित है और जमीनी हकीकत से पूरी तरह परे है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस साल की रिपोर्ट एक बार फिर निष्पक्षता की कमी और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एजेंडे के राजनीतिकरण के कारण स्पष्ट है। यह स्पष्ट रूप से दोहरे मानकों को प्रदर्शित करता है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार को कमजोर करता है।

22 अप्रैल को जारी अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक साल में पाकिस्तान में मानवाधिकार की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तानी सरकार नागरिक समाज कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों और पत्रकारों को डराती है या उनके खिलाफ प्रतिशोध चाहती है।

## सुडोकू 6537

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 27 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ - आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन - अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

कर्क - आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट-दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना है।

सिंह - आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक - आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

धनु - आज क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

मकर - आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

कुंभ - सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी- धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

मीन - आज के दिन की शुरुआत भय से होगी। शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी काम पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सिर न ढकने पर महिलाओं पर कार्रवाई कर रहा ईरान : संयुक्त राष्ट्र

**जिनेवा,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान में सिर ढकने के नियमों का पालन न करने पर कई महिलाओं और लड़कियों को हिरासत में लिया गया है और सिर ढकने का नियम लागू न करने पर सैकड़ों व्यवसाय बंद कर दिए गए। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार अधिकारियों ने शुक्रवार को जिनेवा में दी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा कि देश की नैतिकता पुलिस ने कुछ सप्ताह पहले मामले में कड़ी जांच की घोषणा की थी। 2022 की शरद ऋतु में चले विरोध प्रदर्शन के बाद महिलाओं द्वारा नियमों की अनदेखी करना शुरू करने के बाद यह एक सख्त कदम प्रतीत होता है। तुर्क ने सिर को ढकने के नियमों का पालन करने में विफल रहने पर 10 साल की जेल की सजा के साथ-साथ कोड़े मारने की सजा देने के प्रस्तावित कानून की आलोचना की। उन्होंने तेहरान से लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा को खत्म करने का आह्वान किया। तुर्क ने 33 वर्षीय रैपर तुमाज सालेही को मौत की सजा दिए जाने की भी आलोचना की। सालेही के गीतों ने देश में राजनीतिक उत्पीड़न का विरोध किया था। 2022 के प्रदर्शनों के दौरान वह एक प्रमुख आवाज थे।



## हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा



■ देश में नई सरकार का मार्ग हुआ प्रशस्त

**मेक्सिको सिटी,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। कैरेबियाई देश हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने इस्तीफा दे दिया, जिससे देश में नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जब तक देश में नया प्रधानमंत्री नहीं नियुक्त किया जाता यह पद अस्थायी रूप से अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री मिशेल पैट्रिक बोइसवर्ट के पास रहेगा। हैती की राष्ट्रपति संक्रमणकालीन परिषद (सीपीटी) को भी कल औपचारिक रूप से स्थापित किया गया है। जिस पर देश में व्यवस्था बहाल करने का भार है। सीपीटी के नौ सदस्यों की नियुक्ति हैती में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने की उम्मीद के साथ हुई है, जो सामूहिक हिंसा के कारण गंभीर राजनीतिक और सामाजिक संकट में फंस गया है Kहेनरी ने सीपीटी के गठन के तुरंत बाद तत्कालीन राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज़ की हत्या के पश्चात 2021 में पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा देने का वादा किया था। प्रधानमंत्री ने कार्यालय से 24 अप्रैल को लिखे पत्र और सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक पोस्ट पर अपने इस्तीफे की औपचारिक रूप से घोषणा की थी। उन्होंने सरकार के सभी सदस्यों, सहयोगियों, सार्वजनिक प्रशासन, सुरक्षा बलों और उन सभी को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान साथ में काम किया था। हाल के वर्षों में हिंसा के कारण हैती के लोगों के 'नुकसान और पीड़ा' को स्वीकार करते हुए हेनरी ने कहा कि मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मेरे साथ इन चुनौतियों का सामना करने का साहस दिखाया है।

## वर्ग पहेली 6537

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ जिसे होशहवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, ज़रूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना
१८. शराब
१३. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम के शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6536

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ज | २ न | यि | ३ क | ■ | ४ व | नो | ५ प | ज |
| ज | ■ | र | ■ | ६ म | का | न | ■ | तं | ■ |
| ७ धा | व | क | ■ | ला | ■ | ८ वा | रां | ग | ९ ना |
| नी | ■ | पा | ■ | १० स | मा | स | ■ | ■ | ट |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ मो | द | क |
| ■ | धा | ■ | र | ■ | १४ उ | त्को | ज | ■ | का |
| १५ ह | र | १६ जा | ना | ■ | त्कं | ■ | १७ न | १८ ज | र |
| म | ■ | न | ■ | १९ प | ठा | २० र | ■ | रू | ■ |
| २१ रा | जी | व | ■ | ठि | ■ | २२ वै | शा | र | २३ द |
| ही | ■ | २४ र | वि | त | व | या | ■ | ■ | क्ष |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## रफा से नागरिकों को जल्द निकालना शुरू करेगा इजराइल



**यरूशलम,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा के सबसे दक्षिणी शहर पर योजनाबद्ध जमीनी हमले से पहले इजरायल जल्द ही रफा से नागरिकों को निकालना शुरू कर देगा।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इजरायली कान टीवी की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की फाइनल मंजूरी मिलने तक निकासी जल्द ही शुरू हो जाएगी। इससे पहले गुरुवार को देश की युद्धकालीन कैबिनेट और सुरक्षा कैबिनेट ने रफा पर संभावित हमले पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाई थी। इस शहर को पहले इजरायली बमबारी से सुरक्षित जोन माना जाता था, जहां लगभग 14 लाख विस्थापित फिलिस्तीनियों को शरण मिली हुई है। मंत्रियों ने युद्धविराम को आगे बढ़ाने के नए प्रयासों पर भी चर्चा की, जिससे गाजा में 100 से अधिक बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सकेगी। मार्च के अंत में नेतन्याहू ने हमले की योजना को मंजूरी देने की घोषणा की।

### इजराइली शहर पर हमले का दावा

**सना।** यमन के हूती समूह ने अदन की खाड़ी में एक जहाज पर हमले और इजरायली शहर इलियट की ओर मिसाइलों के प्रक्षेपण की जिम्मेदारी ली है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि हमने अदन की खाड़ी में इजरायली जहाज, एमएससी डार्विन पर कई नौसैनिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया, और यह सटीक हमला था। उन्होंने कहा कि हमने दक्षिणी इजरायली शहर इलियट में लक्ष्यों की ओर कई बैलिस्टिक और पंख वाली मिसाइलें भी प्रक्षेपण किया।

## सेनेगल में सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मौत

**डकार,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य सेनेगल में एक बस का टायर फटने के बाद पलट जाने से 13 लोगों की मौत हो गई और अन्य 40 घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। एक सुरक्षा सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गुरुवार शाम को काफ्रिन क्षेत्र में यामोंग गांव के पास राष्ट्रीय सड़क नंबर एक पर बस का टायर फटने के बाद यात्रियों से भरी बस पलट गई। जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई और अन्य 40 घायल हो गए थे।

### श्रीलंका में सड़क दुर्घटना में एक सैनिक की मौत, नौ घायल

**कोलंबो।** उत्तरी श्रीलंका के मनकुलम इलाके में शुक्रवार को ट्रक और सेना की कार के बीच हुयी टक्कर में एक सैनिक की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल जवानों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक श्रीलंका सेना में 39 वर्षीय हवलदार था, जो उत्तर में मुरुक्कंडी आर्मी कैंप में कार्यरत था। श्रीलंका में मोटर वाहनों से दुर्घटनाएं आम हैं।

## आज का इतिहास

1526 - मुगल शासक बाबर, इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली का बादशाह बना।
1606 - शाहजादा खुसरो को बादशाह जहांगीर ने गिरफ्तार किया। खुसरो ने बगावत का एलान किया था।
1662 - नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।
1748 - मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन।
1878 - कलकत्ता विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं की पात्रता को मंजूरी दी।
1908 - लंदन में चौथा ओलंपिक खेल शुरू किया गया।
1912 - सांकेतिक हावभाव, चेहरे पर बच्चों जैसा जुड़वां, जीने से भरपूर, थिएटर और फिल्मों की महान अदाकारा जोहरा सहगल का जन्म।
1941 - जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।
1942 - अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोगों की मौत।
1945 - दूसरे विश्व युद्ध में नाजी नेता हिटलर की सेना के खिलाफ अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ की सेना ने एक साथ मोर्चा बांधा। जर्मनी में एल्बे नदी के किनारे अमेरिका और सोवियत संघ की सेनाओं के बीच पहली बैठक।
1960 - नई दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज की स्थापना।
1961 - अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र नासा ने गामा संकेतों के अध्ययन के लिए पृथ्वी की कक्षा में उपग्रह 11 को स्थापित किया।
1961 - सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
1967 - अमेरिका नेवादा ने स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1972 - अंतरिक्ष यान 'अपोलो 16' पृथ्वी पर वापस लौटा।
1989 - बांग्लादेश में तूफान से 500 लोगों की मौत।

तैयारी | एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की अस्ताना में हुई बैठक में बनी सहमति

## एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' अवधारणा पर करेंगे काम

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देशों ने 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की अवधारणा की दिशा में कार्य करने पर सहमति व्यक्त की है। एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शुक्रवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में हुई बैठक में यह सहमति बनी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए।**

■ रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

बाद में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि एससीओ देशों ने अन्य पहलों के अलावा, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यद्व के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की जो 'वसुधैव कुटुंबकमद्व के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित है। रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों को कतई न बर्दाश्त करने का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन में इस संबंध में भारत के लंबित प्रस्ताव का भी उल्लेख किया। भारत द्वारा प्रस्तावित 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' पर भी चर्चा की।



## संरा ने सूडान संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के दो अधिकारियों ने सूडान संघर्ष में महिलाओं और किशोरियों के खिलाफ यौन हिंसा से निपटने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के सहायक महासचिव जॉयस मसुया संघर्ष में यौन हिंसा पर महासचिव के विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पैटन के साथ याचिका दायर करने के लिए शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उनकी अपील तब आई है जब खार्तूम, दारफुर और कोर्डोफान में बलात्कार, जबरन शादी, यौन दासता और महिलाओं तथा किशोरियों की तस्करी के आरोप दर्ज किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को सुरक्षा परिषद सत्र की पूर्व संध्या के लिए अपना संयुक्त बयान जारी करने का समय निर्धारित किया है। दुजारिक ने कहा कि सुश्री मसूया और सुश्री पैटन ने सदस्यों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत सूडान में महिलाओं और किशोरियों की रक्षा करने का आग्रह किया है।

## दुनिया को जानें

### मलेरिया के ट्रांसमिशन पैटर्न को बदलने में जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेसियां)। विशेषज्ञों ने कहा कि मलेरिया के ट्रांसमिशन पैटर्न को बदलने में जलवायु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मच्छर जनित बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम में दुनिया भर में मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज करना है। विश्व स्तर पर कई लोगों के पास मलेरिया का पता लगाने और इलाज करने के लिए गुणवत्तापूर्ण समय पर उपचार और सस्ती सेवाओं तक पहुंच नहीं है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2022 में मलेरिया ने दुनिया भर में अनुमानित 608,000 लोगों की जान ले ली और 249 मिलियन नए मामले सामने आए। मलेरिया पर 2022 के लैंसेट अध्ययन में यह बात सामने आई है कि तापमान में वृद्धि से मलेरिया परजीवी तेजी से विकसित हो सकते हैं और इसलिए मलेरिया के ट्रांसमिशन और बोझ में वृद्धि हो सकती है। केवल 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से भी बीमारी की चपेट में आने वाली आबादी में 5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जो 700 मिलियन से अधिक लोगों के बराबर है।

# प्रादेशिकी

## इंद्र देव ने इंद्रजीत को दिया विजय का आशीर्वाद

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार गुरुग्राम के भीमनगर स्थित रामलीला मैदान में राव इंद्रजीत के प्रचार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय संकल्प रैली में आई बरसात के बीच बोलते हुए इसे इंद्र देवता का आशीर्वाद कहा। श्री खट्टर ने कहा कि विजय संकल्प रैली में आई यह बरसात राव इंद्रजीत के लिए इंद्र देवता का आशीर्वाद है। उन्होंने जनसमूह को आह्वान किया कि वे राव इंद्रजीत सिंह को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से संसद भेजें और नरेंद्र मोदी जी की ताकत बढ़ाएं। उन्होंने अपना भाषण यह कहकर समाप्त किया कि कोशिश करूंगा कि चुनाव से पहले एक बार फिर से आपके बीच आ सकूं।

### मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर ली बैठक

# चारधाम यात्रा ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मियों को हर 6 घंटे बाद मिलेगा आराम : धामी

■ अमरनाथ तिवारी



बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर जग्ह-जगह प्राइवेट हेल्थकेयर टेस्टिंग किट की होगी व्यवस्था

**देहरादून,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर की हाई लेवल मीटिंग, मुख्य सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारियों को काम बांटे, ताकीद यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिव यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाए। चारधाम यात्रा में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डीजीपी को भी चारधाम यात्रा से पूर्व स्थलीय निरीक्षण के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर जग्ह-जगह प्राईवेट हेल्थकेयर टेस्टिंग किट की व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि देवभूमि उत्तराखण्ड का अच्छा संदेश देश और दुनिया तक जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रा मार्गों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्लास्टिक और कूड़ा प्रबंधन के लिए चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई जाए। बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, श्री बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत सिन्हा, डॉ. आर. राजेश कुमार, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं चारधाम यात्रा से जुड़े विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### घोड़े और खच्चर चालकों का किया जाएगा वेरिफिकेशन

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए घोड़ा और खच्चर चालकों का वेरिफिकेशन कराया जाए। तथा सभी का पुलिस और आपराधिक रिकॉर्ड चेक कर लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी घोड़े और खच्चर चारधाम यात्रा में लगाये जाएं उनका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही पंजीकरण किया जाए। घोड़े और खच्चरों के लिए गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

### चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं से शालीनतापूर्ण व्यवहार किया जाए

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर विद्युत, पेयजल और सड़कों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्गों पर जगह-जगह बने शौचालयों को दुरस्त किया जाए एवं महिलाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था की जाए। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी शालीनता एवं सहनशीलता का परिचय दें, यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता न हो। यात्रा ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड पर रहें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक छह घंटे के बाद सुरक्षा में तैनात कर्मियों को आराम दिया जाए। यात्रा में आने वाले वाहन चालकों के रहने और सोने की उचित व्यवस्था की जाए। यह भी प्रयास हो कि चारधाम यात्रा में जाने वाले वाहनों में दो-दो वाहन चालकों की व्यवस्था हो। वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए।

### चारधाम यात्रा को लेकर सूचना तंत्र करें मजबूत

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के लिए सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें। श्रद्धालुओं को मौसम से संबंधित जानकारी, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी समय पर प्राप्त हो, इसके लिए श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं ससमय प्राप्त हो इसके लिए सोशल मीडिया का बेहतर प्रयोग किया जाए। होटल, गेस्ट हाउस एवं होम स्टे में चारधाम यात्रा संबंधित निर्देशिका विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस निर्देशिका में चारधाम के साथ ही अन्य पर्यटक स्थलों की जानकारी भी विस्तृत रूप से दी जाए। 10 मई 2024 को श्री केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे जबकि 12 मई 2024 को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। अभी तक चारधाम यात्रा के लिये 15 लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा चुके है।

## कंगना का कांग्रेस पर वार यहां सिर्फ परिवार के लोगों को दी जाती है तवज्जो

**मंडी,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत ने शुक्रवार को पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवारवादी पार्टी है, जहां सिर्फ परिवार के लोगों को तरजीह दी जाती है। कांग्रेस में हमेशा से ही मेहनत करने वाले नेताओं को दरकिनार किया गया है, इसलिए आज इस पार्टी की हालत खराब है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ परिवार के लोगों को देखती है, लेकिन हमारे यहां एक साधारण



कार्यकर्ता भी एक शीर्ष नेता बन सकता है। कंगना ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे यह साफ हो चुका है कि इस बार पीएम मोदी को मातृ शक्ति का समर्थन मिलने जा रहा है, जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेता लगातार महिलाओं के संदर्भ में अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक घोटालेबाज पार्टी है। यह सिर्फ घोटाले करती है। इसने सत्ता में रहते हुए ना जाने कितने घोटाले किए, मगर अब तक बीजेपी पर एक भी घोटाले का आरोप नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सबका साथ और सबका विकास पर चलने वाली पार्टी है। हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों के विकास के बारे में सोचती है, जबकि कांग्रेस एक परिवार तक सिमट कर रह गई है। हम सभी लोगों को मिलकर कांग्रेस को कैंसर की तरह उखाड़ फेंकना है। कांग्रेस पार्टी वोट हासिल करने के लिए खराब नीति की राह पर चल रही है।

> कांग्रेस एक परिवारवादी पार्टी है, जहां सिर्फ परिवार के लोगों को तरजीह दी जाती है : कंगना रनौत

**सार संक्षेप**

### मतदाताओं को शादी की तरह निमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे : अग्रवाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान करने के लिये बुलाने हेतु ब्याह-शादी की तरह निमंत्रण पत्र भेजे जायेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल की ओर से यह एक अनोखी पहल की गयी है, जिसके तहत मतदाताओं को शादी समारोह की तरह बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं का स्वागत करेंगे। इस बार राज्य में 75 प्रतिशत तक मतदान कराने का लक्ष्य है। राज्य में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होना है और 29 अप्रैल को चुनावों की अधिसूचना जारी होगी। उन्होंने बताया कि शादी की तरह निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है, जिसमें लिखा गया है कि भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को इतना ही नहीं, निमंत्रण पत्र में मतदाताओं के नाम संदेश भी दिया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने के लिये आप तय दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

### पंजाब में संगठित आपराधिक गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ ) ने केंद्रीय एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में चरणजीत सिंह उर्फ राजू शूटर द्वारा संचालित संगठित आपराधिक गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर 2023 में यह गिरोह तरनतारन के गांव ढोटियां में एक बैंक को लूटने के असफल प्रयास में शामिल था, जिसमें आरोपी व्यक्तियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल, 2024 को राजू शूटर के साथियों ने उसे सिविल अस्पताल, तरनतारन से भागने की साजिश रची थी, जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ढ

### पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में बारिश, ओलावृष्टि के आसार

**चंडीगढ़।** पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में शुक्रवार से तीन दिन तक हल्की बारिश, ओलावृष्टि के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी एक स्पेशल बुलेटिन के अनुसार एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला है और इसके प्रभाव में पंजाब में 26, 27 और 28 अप्रैल को कुछ स्थानों पर 29 और 30 अप्रैल को छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

### सुडोकू 6535 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 |

## झूठी गारंटियों से कांग्रेस ने हिमाचल को ठगा : अनुराग ठाकुर

**शिमला,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की अपनी झूठी गारंटीयों से माताओं बहनों, किसानों, गरीबों

■ कांग्रेस ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की कर रही तैयारी

और एससी, एसटी, ओबीसी को ठगने के बाद अब कांग्रेस हमारे संतानों को भी ठगने की प्लानिंग कर रही है। एक ओर यह ठग हैं और दूसरी ओर हमारे मोदी जी हैं जिन्होंने जो कहा, सो किया। हमारी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाएगी। कांग्रेस सामने हार को देख कर ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रही है। अनुराग ठाकुर आज अपने हिमाचल प्रवास के दूसरे दिन घुमारवीं विधानसभा में थे जहां उन्होंने दिन भर में विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया। अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यक्रमों के दौरान लोगों को कांग्रेस



की गलत नीतियों से आगाह करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस आपसे अलग अलग हथकंडे अपना कर वसूली तो करती हीं है लेकिन इस बार उन्होंने आपकी मृत्यु के बाद भी आपसे वसूली जारी रखने का प्लान तैयार कर लिया है। आपकी मृत्यु के बाद वह आपकी संपत्ति हड़प कर आपके बच्चों के बजाय अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। इसलिए आप सभी को कांग्रेस और उससे जुड़ी सभी पार्टियों से सचेत रहने की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस संतान, संपत्ति, सनातन और सीमा विरोधी है।

## बनमीत नरूला के घर पर ईडी ने मारा छापा

**नैनीताल,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रतिबंधित दवाइयों को बेचने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सजा काट रहे बनमीत नरूला के तिकोनिया स्थित आवास में शुक्रवार को ईडी की टीम ने छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार देहरादून पुलिस के साथ ईडी की टीम की 12 गाड़ियां सुबह पांच बजकर 45 मिनट पर तिकोनिया स्थित बनमीत नरूला के घर पहुंची। ईडी की छापेमारी से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। छापेमारी के वक्त बनमीत नरूला के घर में उनके पिता सुरजीत नरूला और परिवार के लोग मौजूद थे। छापेमारी के बाद से किसी भी बाहरी व्यक्ति को घर में नहीं घुसने दिया जा रहा है। बाहरी लोग काम करने आए तो उनको अंदर जाने नहीं दिया गया। गेट पर स्थानीय पुलिस का कड़ा पहरा है। सुबह टीम जब यहां पहुंची तो अलमारी और तिजोरी का ताला खोलने के लिए चाबी बनाने वाले को बुलाया गया। इसके बाद ईडी की टीम ने अलमारी और तिजोरी के साथ घर में रखे तमाम दस्तावेज खंगाले। फिलहाल ईडी की टीम छानबताया जा रहा है कि हलद्वानी निवासी बनमीत सिंह को अप्रैल 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था और 2023 में अमेरिका में प्रत्यर्पित किया गया था। उसे कोलंबस अदालत के समक्ष नियंत्रित पदार्थों को वितरित करने के इरादे से रखने की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया और सात साल की सजा सुनाई गई थी।

## भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की मुख्य धारा से जुड़े 53 अधिकारी

**मसूरी,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस अकादमी में 25 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त 52 चिकित्सा अधिकारी और 01 उप सेनानी व जैग अधिकारी कुल 53 अधिकारी बल की मुख्य धारा में शामिल हुए। इन अधिकारियों को कठोर एवं लम्बे प्रशिक्षण के दौरान युद्ध कौशल, शस्त्र चालन, शारीरिक प्रशिक्षण, आसूचना, मानचित्र अध्ययन, सैन्य प्रशासन, कानून व मानव अधिकार जैसे सैन्य व पुलिस संबंधी विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पास आउट होने वाले इन अधिकारियों में 54वें गोस कॉम्बैटाइजेशन कोर्स के प्रशिक्षणार्थी देश के विभिन्न राज्यों से हैं, जिनमें केरल एवं राजस्थान से 8-8, तमिलनाडु से-5, उत्तरप्रदेश-4, आन्ध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मणिपुर से 03-03, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, पांडीचेरी से 2-2 एवं बिहार, असम, कर्नाटका, मध्यप्रदेश एवं उत्तराखण्ड से एक-एक प्रशिक्षणार्थी है। आज प्रशिक्षण के उपरान्त आयोजित भव्य दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह में इन युवा अधिकारियों ने संविधान एवं बल के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि राहुल रसगोत्रा, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अपने संबोधन में पास आउट होने वाले सभी अधिकारियों को बल की मुख्य धारा में शामिल होने पर बधाई देते हुए इस बल में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रसगोत्रा 1989 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस

■ आईटीबीपी में 25 सप्ताह तक लिया कठिन प्रशिक्षण




अधिकारी है।

विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और असाधारण आसूचना कुशलता पदक से भी अलंकृत किया गया है। मुख्य अतिथि ने नव नियुक्त अधिकारियों का आहवान करते हुए कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। बल को आप्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने ई-अमोघ पत्रिका का विमोचन किया। इस पुस्तक में उपरोक्त कोर्सो के अब तक के सफर का संग्रहण किया गया है।

## पॉक्सो एक्ट का आरोपी पुलिस कस्टडी से हुआ फरार

**बागेश्वर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस कस्टडी में पेशी के लिए जिला न्यायालय लाया जा रहा एक आरोपी कस्टडी के दौरान न्यायालय में पेशी के दौरान पुलिस टीम को चकमा देकर फिल्मी अंदाज में फरार हो गया। आरोपी के फरार होने की सूचना मिलते ही सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस टीम चौकन्ना हो गई। सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने पुलिस टीम को सतर्क रहते हुए आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी को फरार हुए आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। आरोपी पुलिस टीम को चकमा देकर बिना चप्पल पहने हुए आसानी से भागने में कामयाब हो गया।

आरोपी जजी परिसर से भागकर मजियाखेत काफलखेत क्षेत्र से भागकर मेंहरबुंगा के रास्ते जंगल मे दफौट रोड की ओर भाग गया। पकड़े जाने के भय से आरोपी ने अपने कपड़े भी एक जगह पर उतार दिए और दूसरे कपड़े में भागने लगा था। जिसके बाद आरोपी आवासीय क्षेत्रों से भागकर पुलिस को मजियाखेत क्षेत्र में ही खोजबीन करने को लेकर पुलिस को चकमा देकर दूसरी पहाड़ी से भागने की फिराक में था,

■ पुलिस टीमों की सक्रियता के बाद, एक घण्टे में किया गिरफ्तार

तभी पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के नेतृत्व में चल रहे अभियान में सीओ कंडारी ने दूसरी पहाड़ी से किसी संदिग्ध के देखने की सूचना मिली। फरार हुआ आरोपी भूख मिटाने के लिए मेंहरबुंगा के समीप एक बारात समारोह में भी चले गया था, जहां वह फिर वहां से भाग गया, जहां पुलिस उपाधीक्षक कंडारीने उसे पूर्ति विभाग के खाद्यान विभाग के गोदाम के समीप से एक घण्टे के अंतराल में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी कोंडे ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दीवान राम पुत्र मदन राम निवासी ग्वालदे नौगांव गरुड़ क्षेत्र का रहने वाला है, जिस पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा था, जहां आरोपी पेशी के लिए जिला न्यायालय में ले जाया गया था जहां वह सुरक्षा में तैनात पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया था। फरार हुए आरोपी को पुलिस टीम द्वारा एक घण्टे के अंतराल में ही पकड़ लिया गया है। बताया कि फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए कोतवाली पुलिस चीता पुलिस के जवान एसओजी सहित विभिन्न पुलिस टीमों ने अपनी सतर्कता से भागे हुए क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया। वही लोगों ने भी पहली बार मित्र पुलिस को इतना सजग देखा, और लोग इस पर चर्चा करते नजर आए।

## 22 मई को होगा हेमकुण्ड साहिब यात्रा का आगाज, राज्यपाल करेंगे शुभारम्भ


**देहरादून,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) से गुरुवार को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात कर उन्हें श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्यपाल को 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी हेतु भी आमंत्रित किया, जिससे हेमकुंड साहिब यात्रा2024 का शुभारंभ होगा। राज्यपाल ने बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। इस दौरान बिंद्रा द्वारा जानकारी दी गई कि यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं और यात्रा मार्गों में पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भारतीय सेना द्वारा बर्फ को हटाकर पथ को यात्रियों के लिए सुगम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रतूड़ा में ट्रस्ट के द्वारा 5 हजार यात्रियों के ठहरने हेतु आधुनिक धर्मशाला एवं प्रारंभिक चिकित्सा हेतु अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है जिसमें हेमकुंड सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा शासन एवं प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय कर यात्रियों के लिए निर्बाध और सुरक्षित यात्रा के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जंगलों की आग से पर्यावरण को नुकसान, ग्लेशियर्स भी प्रभावित

**देहरादून,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मध्य हिमालय स्थित उत्तराखण्ड राज्य में दो दिन पहले ही 24 घंटे के दौरान 52 आग लगने की रिकॉर्ड घटनाएं दर्ज की गईं। गुरुवार को ये रिकॉर्ड भी टूट गया। गुरुवार को उत्तराखंड के

■ उत्तराखण्ड में 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 54 घटनाएं

वनों में आग लगने की 54 घटनाएं दर्ज हुई हैं, जो इस फायर सीजन में सबसे ज्यादा है। अब आने वाले दिन वन विभाग के लिए वनाग्नि को लेकर आसान नहीं हैं। वनों की आग जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। वहीं ब्लैक कार्बन ग्लेशियर्स को भी प्रभावित करते है। ऐसा माना जा रहा है। उत्तराखंड हिमालयी प्रदेश होने के कारण यहां होने वाली तमाम घटनाएं सीधे तौर से हिमालय पर भी असर डालती हैं। वनाग्नि की घटनाएं भी इन्हीं में से एक है।



जंगलों में लगने वाली आग उत्तराखंड के वन क्षेत्र को तो प्रभावित करती ही है, साथ ही यहां के वायुमंडल पर भी इसका असर पड़ता है। ये बात भी सामने आई है कि जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने पर इसके आसपास के क्षेत्रों में तापमान में करीब दो डिग्री तक की बढ़ोत्तरी भी हो जाती है।

उधर वायु प्रदूषण के अलावा इससे निकलने वाले कार्बन पार्टिकल्स भी नई समस्या को जन्म देते हैं। दरअसल ब्लैक कार्बन वायुमंडल में फैलने के बाद हिमालयी ग्लेशियर्स को भी प्रभावित करते हैं। पिछले साल केंद्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट में कुछ इसी तरह की बात सामने रखी थी। इसमें माना गया था कि वायुमंडल में फायर सीजन के दौरान 12 से 13 गुना तक कार्बन की अधिकता पाई गई। जिसमें बायोमास बर्निंग यानी वनों में लगी आग की भागीदारी 55 प्रतिशत से अधिक थी।

### नैनीताल के पाइंस के जंगलों में लगी भयानक आग



**नैनीताल।** उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को नैनीताल के पाइंस के जंगलों में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। इस आग में जंगल के बड़े हिस्से के साथ ही आईटीआई भवन भी आंशिक रूप से जल गया है। नैनीताल में लड़ियाकांटा का जंगल भी आग की चपेट में आकर जल गया है। जंगल में आग देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल और वन विभाग को दी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम जंगल में लगी आग बुझाने पहुंची। पाइंस के जंगलों में आग लगने से आईटीआई का सालों पुराने भवन का एक हिस्सा बुरी तरह जल गया है। जंगल की आग के धुएं से गाड़ी चलाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेज हवा के चलते दमकल विभाग की टीम को आग पर काबू पाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की सूचना देने के बाद भी आग बुझाने के लिए वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी समय पर नहीं आए, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल में आग लगने के बावजूद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी और अधिकारी समय से मौके पर नहीं पहुंचा।

# प्रादेशिकी

## बसपा ने निष्कासित किए हमीरपुर व महोबा के जिलाध्यक्ष

**हमीरपुर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को हमीरपुर और महोबा जिले में अपने जिलाध्यक्षों को अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित कर दिया है। इसके पीछे बसपा में टिकट वितरण को लेकर दल के अन्दर मचे घमासान को उत्तरदायी माना जा रहा है। निष्कासित जिलाध्यक्षों के स्थान पर नयी नियुक्तियां कर दी गई हैं। पार्टी के जोनल कोआर्डिनेटर रामफूल निषाद ने शुक्रवार को बताया कि हाईकमान ने गुरुवार को निर्दोष दीक्षित को हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया था तभी से महोबा व हमीरपुर जिले में दल में उथल पुथल शुरु हो गयी थी। ज्यादातर लोग निर्दोष दीक्षित का विरोध करना शुरु कर दिया था। यह बात हाईकमान को बहुत नागवार गुजरी। बसपा नेता फतेहखान ने कहा था कि यदि टिकट नही बदला जाता तो वह दूसरे दल से पर्चा दाखिल करेंगे।

# देश का यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण : योगी

## चुनावी जनसभा में संभल लोकसभा के लिए विपक्ष पर बोला हमला



**लखनऊ/मुरादाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंडी गठबंधन और इसके प्रमुख घटक कांग्रेस के मेनिफेस्टो को लेकर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देना चाहते हैं, यानी गोकशी की छूट देने की बात कर रहे हैं। ये बेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा। सीएम योगी शुक्रवार को संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी (मुरादाबाद) में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। ये देश हमारा है, जीवन हमारा है, सुरक्षा हमारी है और वोट भी हमारा है, तो सरकार भी हमारी होनी चाहिए। पूरे देश से एक ही आवाज आ रही है अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो के जरिए देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है। इसका मतलब अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे में ले लेंगे। यही नहीं कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार में इन्होंने ऐसे प्रयास किए थे। इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। उन्होंने सच्चर कमेटी और जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से 6 प्रतिशत मुसलमानों को देना चाहती है। सीएम योगी ने कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। योगी ने सवाल पूछा कि अगर ऐसा है तो गरीब, पिछड़ा और दलित कहां जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के विभाजन के लिए फिर से साजिश रची रही है। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सुनने में आया है कि भाई-बहन दोनों अयोध्या जाना चाहते हैं। जब सरकार थी तब ये लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं, अब कहते हैं कि राम सबके हैं।

**घोषणा पत्र के जरिए देशवासियों की संपति का एक्स-रे कराने की बात करता है विपक्ष : योगी आदित्यनाथ**

### संभल में कमल खिलना सुरक्षा की गारंटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में कमल खिलने का मतलब यहां के सुरक्षा की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि जबसे आपने यूपी में बीजेपी की सरकार बनाई है, दंगाई को पता चल गया है कि दंगा कराया तो राम नाम सत्य है कि यात्रा निकल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे धार्मिक शास्त्र कहते हैं कि कलियुग में यहां पर कल्कि अवतार होगा। अधर्मी, अत्याचारियों और अन्यायियों को सही जगह पर पहुंचाने का कार्य करेंगे कल्कि भगवान और इसका आधार बनेगा कमल का निशाना। उन्होंने कहा कि आप सभी को परमेश्वर लाल सैनी बनकर घर घर जाना होगा। सीएम ने कहा कि देश का ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। ये देश हमारा है, जीवन हमारा है, सुरक्षा हमारी है और वोट भी हमारा है, तो सरकार भी हमारी होनी चाहिए। पूरे देश से एक ही आवाज आ रही है अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। इस अवसर पर संभल से बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह, संयोजक पंकज गुप्ता, भुवनेश राघव, अनामिका यादव सहित भाजपा और रालोद के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## रामशंकर कठेरिया की पत्नी नहीं लड़ेंगी चुनाव

**इटावा,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में इटावा के सांसद और लोकसभा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो.रामशंकर कठेरिया ने स्पष्ट किया है कि उनकी पत्नी उनके मुकाबले संसदीय चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होने कहा कि बेशक उन्होंने नामांकन किया है लेकिन यह कोई नई बात नहीं है इससे पहले भी आगरा के दो चुनावों में और इटावा में एक दफा वह नामांकन कर चुकी हैं। पत्रकारों से बातचीत में प्रो. कठेरिया ने अपनी पत्नी के नामांकन करने की वजह साफ करते हुए बताया कि दो दिन पूर्व उनकी पत्नी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया गया था जिसके बाद लोकसभा क्षेत्र में इस बात की खूब चर्चा हुई थी कि आखिर उनकी पत्नी ने नामांकन क्यों किया था। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने की बात से इंकार कर दिया और नामांकन वापसी करने की बात कही है। प्रो.कठेरिया ने बताया है कि वो दो बार आगरा से लोकसभा चुनाव लड़े है । इस बार इटावा से लड़ रहे है और इससे पूर्व 2019 में जब वो इटावा से चुनाव लड़े चुके है, तब भी उनकी धर्मपत्नी ने डमी कैंडिडेट के रूप में नामांकन भरा था।

## अमेठी में नामांकन का पहला पर्चा स्मृति ईरानी के रहा नाम

**अमेठी,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के पहले दिन अमेठी में नामांकन का पहला पर्चा स्मृति ईरानी के नाम है। बाकी नामांकन के लिए 22 सेट बिके है। इसमें 7 पर्चे निर्दल और 8 पार्टी के उम्मीदवारों ने पर्चे खरीदें है। अमेठी की कलेक्टर/ निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि नामांकन के पहले दिन 15 उम्मीदवारों ने 22 सेट खरीदें हैं। राष्ट्रीय दलों में भाजपा से स्मृति ईरानी के नाम पहला पर्चा है। बाकी सुरेश मौर्य राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी, चंद्रावती बहुजन मुक्ति पार्टी, शैलेंद्र कुमार संयोगवादी पार्टी, सुनील कुमार जन प्रगति पार्टी, भगवान दीन मौलिक अधिकार पार्टी, परेश कुमार भारतीय राष्ट्रीय दल और संतराम त्रिपाठी समझदार पार्टी से है। निर्दलीय उम्मीदवारों में मिथुन जायसवाल, रामपाल, संतोष कुमार, सुरेश कुमार, अजय कुमार, अनुराग श्रीवास्तव और प्रदीप ने पर्चे खरीदें है। केंद्रीय मंत्री के अपर सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति ईरानी का नामांकन 29 अप्रैल को होगा। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा कि अमेठी के नामांकन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना है। बाकी आधा



दर्जन मंत्री और विधायक मौजूद रहेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि शनिवार को कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची आने वाली है। अमेठी, रायबरेली की घोषणा के बाद नामांकन के पर्चे खरीदें जाएंगे। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि राहुल गांधी दो मई को नामांकन करेंगे। इसके पहले पर्चे खरीद लिए जाएंगे। राहुल गांधी के चुनाव लडने की खबर आने के बाद कांग्रेस कार्यालय में हलचल तेज हो गई है। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। राहुल गांधी को ठहरने के लिए साफ सफाई की जा रही है। कांग्रेस कार्यालय का मुख्य गेट दो दिन से खुल गया है।

## सार संक्षेप

### गठबंधन प्रत्याशी पर मामला दर्ज

**मेरठ।** पल्लवपुरम थाना प्रभारी मुन्नेश सिंह ने बताया कि मेरठ लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा चुनाव लड़ रही हैं। चुनाव प्रचार बंद होने के बाद सोशल मीडिया पर मतदाताओं से वोट देने की अपील की जा रही है। आचार संहिता का उल्लंघन है। इसे लेकर प्रेक्षक ने आपत्ति जताई है। इसके बाद सुनीता वर्मा और उनके पति योगेश वर्मा पर पल्लवपुरम थाने पर केस दर्ज किया गया।

### पोलिंग बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा

**मेरठ।** शास्त्रीनगर में पोलिंग बूथ पर भीड़ इकट्ठा होने पर पुलिसकर्मी ने हड़काया तो भाजपा कार्यकताओं ने हंगामा कर दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों से पुलिस कर्मियों की नोकझोंक हो गई। आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने पुलिस कर्मियों से अभद्रता कर दी। पुलिस के समझाने के बाद भी युवक मनमानी करते रहे। हंगामा बढ़ते देख बूथ पर तैनात पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद भारी पुलिस बल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया। पुलिस बल के पहुंचने हंगामा करने वाले मौके से फरार हो गए। शास्त्रीनगर में वसंतिका चाइल्ड ब्लूमिंग स्कूल पर पोलिंग बूथ लगा हुआ है। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने भीड़ को हटाने का प्रयास किया तो भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर हंगामा कर दिया।

### बूथ पर तीसरी बार पहुंचा भाजपा कार्यकर्ता, दरोगा ने रोका

**मेरठ।** आरजी इंटर कॉलेज के बूथ पर तीसरी बार भाजपा कार्यकर्ता के आने पर ड्यूटी कर रहे दरोगा ने उन्हें रोक लिया। जिस वजह से भाजपा कार्यकर्ता की दारोगा से बहस हो गई। दारोगा ने कार्यकर्ताओं को बूथ से बाहर निकाल दिया। भाजपा कार्यकर्ता ने फोन पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई को घटना की जानकारी दी। वें कार्यकर्ताओं के साथ बूथ पर पहुंचे। लक्ष्मीकांत के सामने भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिसकर्मी को जमकर फटकार लगाई। खुद को बेइज्जत होता देख पुलिसकर्मी ने अपने आलाधिकारी को सूचना दी। लक्ष्मीकांत वाजपेई ने दारोगा से कहा कि पुलिसकर्मियों को मतदान करने के लिए पहुंचने वाले लोगों को रोकने का अधिकार नहीं है। दारोगा ने लक्ष्मीकांत वाजपेई को समझने की कोशिश की तो उन्होंने कहा कि चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात, इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी उग्र हो गए। इस दौरान दारोगा भाजपा कार्यकर्ता और लक्ष्मीकांत वाजपेई को समझाने की कोशिश करते रहे। लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई।

### उप्र में गर्मी के तेवर तल्ख सड़कों पर पसरा सन्नाटा


**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर दिन पर दिन तल्ख होते जा रहे हैं जिसका प्रतिकूल प्रभाव आम जनजीवन पर दिखायी देने लगा है। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, जौनपुर,प्रयागराज समेत मध्य और पूर्वी उप्र में पारा 38 से 43 डिग्री के बीच पहुंचने से सड़क और बाजार में सन्नाटा पसरने लगा है। सुबह दस बजे के बाद तेज धूप लोगों को परेशान करने लगी है जबकि दोपहर में गर्म हवाएं लू में तब्दील होती दिखाई दे रही है।

## उप्र में 32281.70 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 अप्रैल, 2024 को कुल 127.51 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इस तरह 1 मार्च से 25 अप्रैल, 2024 तक कुल 32281.70 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए जा चुके हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा प्रदेश में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 25 अप्रैल गुरुवार को 127.51 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग व नगदी जब्त की गई। इसमें 13.93 लाख रुपए नकद, 49.95 लाख रुपए कीमत की 18628.60 लीटर शराब, 63.62 लाख रुपए कीमत की 193367.70 ग्राम ड्रग व 0.01 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री शामिल है। 25 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में जनपद मिर्जापुर की मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 38 लाख रुपए अनुमानित कीमत की 152000 ग्राम ड्रग पकड़ी गई है। उन्होंने बताया की 1 मार्च से 25 अप्रैल तक जो 32281.70 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की गई है उसमें 3181.54 लाख रुपए नकद, 4435.47 लाख रुपए की शराब, 21346.72 लाख रुपए कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपए कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपए कीमत की अन्य सामग्री शामिल है।

## आखिरी चरण आते-आते जनता भाजपा का कर देगी पूरा इलाज : अखिलेश

**इटावा,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वसूली को चंदा कहने वाले, अब प्रसाद को चूरन कह रहे हैं। यादव ने शुक्रवार को कहा कि वसूली को चंदा कहने वाले, अब प्रसाद को चूरन कह रहे हैं। कभी ये छियालिस में छप्पन वाली उल्टी गणित समझाते हैं। इनका सब कुछ उल्टा-पुल्टा है, इसीलिए इस बार जनता इनको उलटने-पलटने जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता सही पाठ पढ़ाने के लिए भाजपा की क्लास लेने को तैयार है, पहले चरण का लेक्चर हो चुका है, दूसरा सबक दिया जाएगा। आखिरी चरण आते-आते जनता इनका पूरा इलाज कर देगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा जिले के जसवंतनगर में मैनपुरी के भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के समर्थन में सपा नेता शिवपाल सिंह यादव पर तंज कसते हुये कहा था कि उन्हे शिवपाल पर तरस आता है। आज इनकी क्या हालत हो गई है अगर कोई कार्यक्रम होता है तो उनको बैठने के लिए सोफा नहीं मिलता है, सिर्फ हत्था मिलता है और यह चूरन खाने के आदी हो गए हैं। इस बयान के बाद सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पलटवार करते हुये कहा था कि ज्ञानी मुख्यमंत्री योगी को यह पता नही कि भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है। जहां तक चूरन खाने वाले व्यक्ति का सवाल है, आपको पता होना चाहिए कि इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है।



■ वसूली को चंदा कहने वाले प्रसाद को कह रहे हैं चूरन

## भाकियू जिलाध्यक्ष सहित आठ के नामांकन निरस्त

**नौ पर्चे मिले ठीक**

**फर्रुखाबाद,**26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दौरान जारी अधिसूचना से नामाकंन दाखिल होनें की अंतिम तिथि तक कुल 17 लोगों नें अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। शुक्रवार को सभी पर्चों की जांच की गई। जांच में आठ नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार को हुई नामांकन पत्रों की जांच में बहुजन क्रांति पार्टी के रंजीत सिंह पुत्र जीवा लाल निवासी धन्सुआ फतेहगढ़, स्वतंत्र लेवर पार्टी के विक्रांत सिंह उर्फ राना सरकार निवासी पांचाल घाट, निर्दलीय प्रत्याशी मान सिंह यादव निवासी खलवारा, भाकियू जिलाध्यक्ष (भानु) निर्दलीय नरेंद्र सिंह , अखिल भारतीय अशोक सेना के यदुनाथ सिंह पुत्र हरकरन सिंह निवासी हरकरनपुर सिकन्दरपुर खास, निर्दलीय संतोष पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी पंचम नगला कुम्हरौर, संयुक्त जनादेश पार्टी इरशाद पुत्र इमदार हुसैन निवासी जरारी जहानगंज, निर्दलीय दीपक कुमार निवासी सिठऊपुर जैतपुर के नामांकन पत्र निरस्त किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी नें बताया कि कुल 8 नामाकंन पत्र जांच में खारिज हुए हैं। शुक्रवार को जांच में आठ नामांकन निरस्त होनें के बाद कुल 9 लोग ही चुनाव मैदान में बचे हैं अभी शुक्रवार से लेकर सोमवार 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लेनें की तिथि है। 29 अप्रैल को निर्धारित समय के बाद कितने प्रत्याशी मैदान में चुनाव लड़ेंगे यह साफ होगा।

## आयुक्त व आईजी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण के दृष्टिगत आयुक्त मेरठ मंडल सेल्वा कुमारी जे. तथा आईजी नचिकेता झा द्वारा मेरठ शहर विधानसभा क्षेत्र के हरमिलाप इंटर कालेज लिसाडी रोड, मेरठ शहर विधानसभा क्षेत्र के कैपिटल स्कूल हापुड़ रोड, मेरठ शहर



विधानसभा क्षेत्र के सरदार पटेल म्यु इंटर कालेज शारदा रोड, मेरठ शहर विधानसभा क्षेत्र के कनोहर लाल महिला डिग्री कालेज शारदा रोड, जनपद बागपत की विधानसभा क्षेत्र के जैन इंटर कालेज, जनपद बागपत की विधानसभा क्षेत्र के यमुना इंटर कालेज, जनपद बागपत की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय कन्या इंटर कालेज, जनपद बागपत की विधानसभा क्षेत्र के इस्लामिया मदरसा, जनपद गौतमबुद्ध नगर की विधानसभा क्षेत्र के नोएडा सैक्टर 24 समर विला पब्लिक स्कूल, जनपद गौतमबुद्ध नगर की विधानसभा क्षेत्र के नोएडा सैक्टर 61 सिटी पब्लिक स्कूल, जनपद गाजियाबाद की विधानसभा क्षेत्र के चौ. छबील दास इंटर कालेज, जनपद गाजियाबाद की विधानसभा क्षेत्र के सुशीला देवी इंटर कालेज, जनपद बुलंदशहर की विधान सभा क्षेत्र के संविलियन विद्यालय मिटठेपुर गुलावठी, जनपद हापुड़ की विधानसभा क्षेत्र के घुंघराला में बने मतदान बूथो पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बूथो का निरीक्षण किया गया। उन्होने मतदान केन्द्रो पर मतदाताओ से वार्ता भी की। आयुक्त ने जनपद मेरठ के कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम में बने मतदान केन्द्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों में भी दिखा खासा उत्साह, गर्मी में भी किया मतदान

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। वोट को लेकर दिव्यांगों में भी काफी उत्साह देखा गया। अधिकारियों के आदेश पर कनोहर लाल डिग्री कॉलेज सहित मेरठ में दिव्यांगों की सुविधा के लिए सात दिव्यांग बूथ बनाए गए थे। जहां भारी संख्या में दिव्यांग भी अपना वोट डालने पहुंचे। बूथ पर पहुंचने के बाद दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का भी प्रबंध किया गया था, ताकि वोट डालने में दिव्यांगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं वोट डालने के बाद वोटर, वोटिंग स्थल पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर भी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के चलते अधिकारियों ने दिव्यांगों के लिए शहर में 7 बुथ बनाए थे और सभी बूथों पर दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर केवी प्रबंध किए गए थे, ताकि वोट डालने पहुंचे दिव्यांगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो सके ऐसा ही एक बूथ शारदा रोड स्थित कनोहर लाल कॉलेज में भी मौजूद था। ब्रह्मपुरी की रहने वाली महिला रति माहेश्वरी ने पोलिंग बूथ पर लगाए गए सेल्फी पॉइंट से सेल्फी लेते हुए बताया कि हमने वोट दे दिया। यह बहुत जरूरी है। रति माहेश्वरी ने कहा कि वोट देना हमारा राइट है। आज का दिन छुट्टी समझकर घर में रहकर न बिताएं, वोट दें।

## जिलाधिकारी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराया गया। दिनभर जिलाधिकारी महोदय सहित निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों द्वारा प्रत्येक स्तर पर निगरानी करते हुए कार्यवाही की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रफीक मैमोरियल पब्लिक जू.हा. स्कूल, कम्पोजिट विद्यालय केसरगंज, राजकीय पशु चिकित्सालय एवं कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, डीएम पब्लिक स्कूल अहमदनगर, प्राथमिक विद्यालय फतेहउल्लापुर नगर क्षेत्र मेरठ, एम इंपीरियल पब्लिक स्कूल, ईस्ट इस्लामाबाद, नेशनल पब्लिक स्कूल श्याम नगर चौपला आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि



मतदान लोकतंत्र की पवित्र परंपरा है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट, दिव्यांग बूथ, मॉडल बूथ, पिंक बूथ आदि को देखा। उन्होने मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन से की गई व्यवस्थाओ के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि बीमार एवं दिव्यांग मतदाताओ को मतदान केन्द्रों पर पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा तथा व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओ के लिए पीने का ठंडा पानी, बैठने की व्यवस्था मुहैया कराई गई।

# मेरठ-हापुड़ लोस क्षेत्र में शांतिपूर्ण 58.7 प्रतिशत मतदान



- ■ नौ प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद, चार जून को फैसला
- ■ पूरे लोकसभा क्षेत्र में 26 लाख 72 हजार 68 मतदाता
- ■ 756 मतदान केंद्र व 2042 पोलिंग बूथों की थी व्यवस्था

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से मतदाश शुरू हो गया था जो शाम 6 जाकर शांतिपर्ण सम्पन्न हो गया। शाम तक 58.7 प्रतिशत मतदान किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभाएं शामिल हैं। जिसमें मेरठ शहर, किठौर, कैंट, दक्षिण व हापुड़ विधानसभाएं आती है। किठौर विधानसभा क्षेत्र में 61.63 प्रतिशत, मेरठ कैंट विधानसभा में 55.57, मेरठ शहर विधानसभा में 61, मेरठ दक्षिण विधानसभा में 57.3 व हापुड़ विधानसभा में 59.43 प्रतिशत मतदान किया गया। शाम को अचानक हुई बारिश के कारण ईवीएम मशीन जमा करने को लेकर भगदड़ मच गई। मशीन में पानी न घुसे इसके लिए मतदान कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। बता दें कि मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र में भाजपा से अरूण गोविल, गठबंधन से सुनीता वर्मा व बसपा से देवव्रत त्यागी समेत 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ में 756 मतदान केंद्र और 2042 पोलिंग बूथ हैं। इन पर 26 लाख 72 हजार 68 मतदाता हैं। शुक्रवार को हुए मतदान में सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। जीत का ताज किस के सर सजेगा इसका फैसला 4 जून को सबके सामने होगा। शुक्रवार की सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने लोगों से अपील की थी कि अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। बूथों पर सीसीटीवी कैमरे व बेवकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई थी। साथ ही हर विधानसभा में पिंक बूथ, युवा बूथ, मॉडल बूथ और दिव्यांग बूथ बनाए गए।

मेरठ लोकसभा सीट पर 7 दिव्यांग, 7 पिंक, 7 मॉडल और 7 युवा बूथ बने। इन बूथों पर विशेष सजावट की गई। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट भी बूथों पर तैनात किए गए। कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम से पूरे चुनाव पर नजर रखी गई। वहीं ईवीएम मीशीनों को रिजर्व में भी रखा गया था।




### भाजपा कार्यकर्ताओं पर वोटरों को लुभाने का आरोप

सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के पति योगेश वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर चाय नाश्ता कराकर वोटर को लुभा रहे हैं। बेगमपुल में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को राम लुक और पीएम मोदी की फोटो वाली सेल्फी पॉइंट लगाई गई है। इसका अन्य पार्टी नेताओं ने विरोध भी किया है। उधर खरखोदा के एक बूथ पर भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल निरीक्षण करने पहुंच गए। इस पर कांग्रेस ने सवाल उठाया, तो जिला प्रशासन ने जवाब दिया- प्रत्याशी बूथ के अंदर निरीक्षण कर सकता है।

### भाजपा नेता ने ईवीएम का फोटो सोशल मीडिया पर डाला

**मेरठ।** ईवीएम पर वोट डालने के दौरान फोटो खींचकर वायरल किया गया। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अधिकारी ईवीएम मशीन का फोटो खींचकर वायरल करने वाले की जांच कराकर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं सपा प्रत्याशी ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए मुकदमे की मांग की है। शुक्रवार को मेरठ सहित अन्य जिलों में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हो रहा है।मतदान के दौरान मोबाइल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं अधिकारियों के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए एक व्यक्ति ने वोट डालने के दौरान फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला सपा और बसपा प्रत्याशियों के संज्ञान में आया तो उन्होंने वायरल फोटो को आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए अधिकारियों से आरोपी के खिलाफमुकदमे की मांग कर डाली। वायरल फोटो संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने भी फोटो खींचकर वायरल करने वाले व्यक्ति की जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है। समाजवादी पार्टी की मेरठ हापुड लोकसभा प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बुढ़ाना गेट व्यापार संघ के महामंत्री और भाजपा नेता मयूर अग्रवाल की फेसबुक आईडी से एक फोटो वायरल हो रहा है।






देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### झारखंड की तीन सीटों पर अधिसूचना जारी

# पांचवें चरण के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू, दो पर त्रिकोणीय मुकाबला

**रांची,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में तीन लोकसभा सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी होने के साथ चुनावी प्रक्रिया का आगाज हो गया। यहां 3 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 6 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

**मनीष जायसवाल और जयप्रकाश भाई पटेल के आमने-सामने की टक्कर**



गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी इसी कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

देश में लोकसभा के पांचवें और झारखंड में दूसरे चरण की इन तीन सीटों पर कुल 58 लाख 22 हजार 839 मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। फिलहाल ये तीनों सीटें भाजपा के कब्जे में हैं, लेकिन इनमें से दो सांसद हजारीबाग के जयंत सिन्हा और चतरा के सुनील सिंह की जगह पार्टी ने नए चेहरों को उतारा है।

इस फेज में कोडरमा सीट पर भाजपा की प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई (एमएल) के प्रत्याशी और बगोदर इलाके के विधायक विनोद सिंह के बीच मुकाबला संभावित है।

हालांकि यहां पूर्व विधायक झामुमो नेता प्रो. जयप्रकाश वर्मा के निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में आने से त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन सकती है।

हजारीबाग सीट पर दो विधायक भाजपा के मनीष जायसवाल और जयप्रकाश भाई पटेल के आमने-सामने की टक्कर मानी जा रही है।

चतरा सीट पर भाजपा के कालीचरण सिंह, इंडिया गठबंधन की ओर से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उतरने जा रहे राजद के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

## विदाई से पहले लाल जोड़े में दुल्हन ने डाला मत



**बुलंदशहर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कस्बा पहासू के मुकर्रम इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 295 पर लाल जोड़े में अपनी विदाई होने से पहले दीप्ति शर्मा ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग। बताते चलें कि बुलंदशहर के कस्बा पहासू से आज औरंगाबाद अपनी ससुराल जाने से पहले किया मतदान दीप्ति शर्मा ने कहा कि में शिक्षा रोजगार और विकास के लिए वोट कर रही हूं।

## सबसे बड़ी लोकसभा सीट मल्काजगिरी में 114 उम्मीदवार

### कांग्रेस, बीआरएस और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

**हैदराबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना का मल्काजगिरी देश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है। यहां नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 114 उम्मीदवार मैदान में हैं।



चुनाव आयोग के अनुसार राज्य के सभी 17 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 895 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। गुरुवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था, जिसमें 348 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया, इसमें से ज्यादातर निर्दलीय थे। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1,488 नामांकन दाखिल किए गए, जिनमें से कई उम्मीदवारों ने कई सेट दाखिल किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने कहा कि नामांकन की जांच शुक्रवार को की गई। 29 अप्रैल को उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख है जबकि मतदान 13 मई को होगा।

मल्काजगिरी में आखिरी दिन 63 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिससे कुल उम्मीदवारों की संख्या 114 हो गई।

चेवेल्ला जो कि हैदराबाद और आसपास के जिलों के बाहरी इलाके में विधानसभा क्षेत्रों में फैला हुआ है, वहां 66 प्रतियोगियों की संख्या दूसरे स्थान पर है। यहां कुल 88 नामांकन दाखिल किए गए थे।

पेद्दापल्ली में 63 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया जबकि भोंगिर में यह संख्या 61 है। वारंगल और हैदराबाद में क्रमश: 58 और 57 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र में भी 57 उम्मीदवारों ने नामांकन दर्ज किया। आदिलाबाद में सबसे कम उम्मीदवारों (23) ने नामांकन दाखिल किया। महबूबनगर और निजामाबाद में 42-42 प्रतियोगियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। अधिकांश उम्मीदवार निर्दलीय या छोटी पार्टियों से हैं। लगभग सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सत्तारूढ़ कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है।

2019 में बीआरएस को नौ सीटें मिली थीं जबकि बीजेपी ने चार सीटें जीती थीं। कांग्रेस के उम्मीदवार तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने एकमात्र सीट (हैदराबाद) बरकरार रखी थी।

## चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न



**जेवर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस व अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सुबह लोगों की बूथों पर भीड़ नजर आई लेकिन दोपहर होने तक भीषण गर्मी के कारण अधिकतर बूथ खाली ही नजर आये। गर्मी के कारण लोगों ने शाम के वक्त अधिक वोट किये। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह के साथ जेवर क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण किया। संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगो पर पुलिस ने नजर बनाई रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने क्षेत्र के अनेक गांव का दौरा किया तथा गोविंदगढ़ में पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि गोविन्दगढ़ गांव में 795 में 556 लोगो ने अपने मत का उपयोग किया। सुबह दस बजे के पसरा सन्नाटा शाम को 4 बजे के बाद समाप्त हुआ तथा एक बार दुबारा मतदाताओं का हुजूम वोट के लिए उमड़ पड़ा। शाम करीब 5 बजे तक 52.97 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार लोगों में अपने मत का प्रयोग करने का जूनून देखा गया। लोगों ने गांव व कस्बों में जमकर मतदान किया। वहीं कस्बा जहांगीरपुर में भी चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

## मतदान स्थल घर से हो गया अट्ठारह किमी दूर, मतदाता ने की शिकायत

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। घर से मतदान केन्द्र बहुत दूर होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, ऐसा ही एक मामला दादरी विधान सभा में आया है, जिसको लेकर मतदाता ने जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है। दीप कुटीर रेलवे रोड दौलत राम कॉलोनी दादरी निवासी सुनील भाटी पुत्र लज्जाराम भाटी ने बताया कि मेरा मतदान स्थल हमेशा पास के ही श्री अग्रसेन इंटर कॉलेज रेलवे रोड दादरी में रहता था, लेकिन इस बार मेरा वोट ब्लॉक बिसरख के अमनदीप इंटरनेशनल स्कूल छपरौला गांव में कर दिया गया है, जिसकी दूरी मेरे निवास स्थान से लगभग 18 किलोमीटर है। मैं तीन दिन से अपना वोट व मतदाता स्थल देख रहा था, लेकिन मतदान वाले दिन मुझे पता लगा कि मेरा वोट छपरौला में स्थानांतरित कर दिया गया है यह एक गंभीर विषय है। उन्होंने मांग की है कि इस विषय को गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।



## जात-पात, धर्म-मजहब की राजनीति समाप्त करेगा परिणाम : पप्पू यादव

**पूर्णिया,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पूर्णिया का परिणाम जात-पात, धर्म-मजहब की राजनीति को समाप्त करेगा। पूर्व सांसद पप्पू यादव मध्य विद्यालय पूर्णियां कोर्ट पश्चिम भाग मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्णिया का परिणाम जात-पात, धर्म-मजहब की राजनीति को समाप्त करेगा।



उन्होंने कहा कि यह परिणाम सीमांचल और कोसी का इतिहास लिखेगा। वोट डालने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पूर्णिया को देख रहा है। पीएम, सीएम, विपक्ष एक व्यक्ति पप्पू यादव को समाप्त करने में लगा है। यहां के मुद्दे के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यहां मुद्दा बस पूर्णिया के बेटे का है। यहां मुख्य मुद्दा पप्पू यादव को हटाने का है। उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की। इशारों ही इशारों में राजद नेता तेजस्वी यादव को 'छोटा राजा' बताते हुए कहा कि उन्होंने एनडीए को वोट देने तक की बात कही है। उन्होंने पप्पू यादव को समाप्त करने की कोशिश की। यह चुनाव परिणाम संस्कृति का इतिहास लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा पर पप्पू यादव ने कहा कि उनका स्वागत है।

### भागलपुर में पर्यावरण संतुलन के लिए अनोखी पहल

## पहले 100 वोटर्स को दिए गए आम के पौधे

**भागलपुर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के तहत शुक्रवार को भागलपुर संसदीय क्षेत्र में सुबह सात बजे से वोटिंग जारी है। इस बीच लोगों को मतदान के लिए आकर्षित करने और पर्यावरण संतुलन बनाये रखने का संदेश देने के लिए जिला प्रशासन ने अनोखी पहल की। भागलपुर के तीन मतदान केंद्रों पर पहले 100 वोटर्स को आम के पौधे भेंट किये गए। इन केंद्रों को 'हरित मतदान केंद्र' का नाम दिया गया है।



भागलपुर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि भागलपुर के तीन मतदान केंद्र संख्या 41, 48 और 85 को हरित केंद्र बनाया गया है। वहीं जिलाधिकारी ने सभी हरित बूथों पर लोगों को पौधा देकर प्रोत्साहित किया।

यह पहल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए की गई है। पर्यावरण संतुलन के लिए हरित क्षेत्र में वृद्धि जरूरी है। लगातार बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की जरूरत है। जिलाधिकारी डॉ. चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जिस तरह मतदान जरूरी है उसी तरह पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्ष जरूरी हैं।

# एंबुलेंस के जरिए मरीज को पहुंचाया पोलिंग सेंटर

**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के चेयरमैन ललित ठुकराल और युवा क्रांति सेना के नेतृत्व में गौतमबुद्ध नगर जिले में अधिक मतदान करवाने के लिए जिले में अस्वस्थ लोगों के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस और व्हीलचेयर की सुविधा दी गई। जिसका लाभ लगभग सैकड़ों लोगों को मिला और उन्होंने अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया।



एनएईसी के चेयरमैन ललित ठुकराल ने बताया की आज देश के महापर्व में लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते थे। लेकिन किसी ना किसी स्वास्थ्य कारणों से वोट नहीं दे पा रहे थे। उन्हें हमारी टीम और युवा क्रांति सेना ने मतदान केंद्र तक पहुंचाकर अपना राष्ट्र प्रेम दर्शाया। कई बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों के मतदान के सपने को टूटने से बचाया। युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया की आज मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिव्यांग और बीमार लोगों के लिए फ्री एंबुलेंस सेवा दी गई थी जिसका लाभ ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों के लोगों ने भी उठाया। करीब 60 से अधिक अस्वस्थ लोगों ने हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके एंबुलेंस का सहारा लिया और नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के तमाम एओए और आरडब्ल्यूए ने इस सेवा का लाभ उठाया। एनएईसी और सेना ने इस मुहिम में मदरलैंड अस्पताल, प्रकाश अस्पताल, ईएसआईसी अस्पताल, और जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मतदान कराया। पहली बार इस तरह की मुहिम चलाई गई जो कहीं ना कहीं सफल रही।

## मथुरा में चार गांवों ने किया मतदान का बहिष्कार

**मथुरा,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मथुरा लोकसभा सीट के चुनाव में मतदान के पहले दो घंटे में 11.83 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि चार गांवों में मतदान का बहिष्कार किया गया। अधिकारी ग्रामीणों को मतदान के लिये मना रहे हैं। शहरी क्षेत्र में आज सुबह आठ बजे ही प्रेमदेवी स्कूल मथुरा के बूथ पर मतदाताओं की लम्बी लाइन देखने को मिली। सबसे अधिक उत्साह पहली बार मतदान करने वालों में देखने को मिल रहा है।




जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी 2128 बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है तथा ईवीएम की गड़बड़ी की कहीं से इसलिए शिकायत नहीं मिली है। इस बीच गोवर्धन विधान सभा के तीन गावों में मतदान का बहिष्कार करने की सूचना मिली है। अंतिम समाचार मिलने तक कोनई में सुबह से केवल आठ वोट और ग्राम डरावली में एक वोट पड़ा था जबकि मुखराई गांव में एक भी वोट नहीं पड़ा था। इसी प्रकार बरसाना के पास देवपुरा गांव में भी सुबह से केवल एक वोट पड़ने का समाचार है इन गावों के लोग मूलभूत व्यवस्थाओं बिजली, पानी सड़क की मांग लेकर मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। उधर जिलाधिकारी ने बताया कि इन चारो गांवों के लोगों को समझाया जा रहा है तथा कहा जा रहा है कि उनकी मूलभूत व्यवस्थाओं को आगे निराकरण कराया जाएगा।

## वर्ष 1977 के चुनाव में बीएलडी के टिकट पर जीते दो राजनेता बने मुख्यमंत्री

**पटना,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय लोकदल (बीएलडी) के टिकट पर जीते दो राजनेता को मुख्यमंत्री बनने का भी सौभाग्य मिला। वर्ष 1974 में भारत के बड़े किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भारतीय लोक दल नाम से अपनी पार्टी बनाई थी, तब इसका चुनाव निशान 'हलधर किसान' था। आपातकाल के बाद 1977 में इंदिरा गांधी का मुकाबला करने के लिए कई नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों का विलय कराकर जनता पार्टी बनायी। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह हलधर किसान पर चुनाव लड़ा। जनता पार्टी की लहर में बिहार की 54 सीट में (बीएलडी) को 52 सीट मिली। इनमें से दो सीटों पर जीते सांसद बाद में बिहार के मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुये। इनमें लालू प्रसाद यादव और सत्येन्द्र नारायण सिंह शामिल हैं। बीएलडी के टिकट पर लालू प्रसाद यादव ने छपरा संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रामशेखर प्रसाद सिंह को पराजित किया। लालू प्रसाद ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और पहली बार में ही उन्होंने कामयाबी हासिल कर ली। इसके बाद यादव ने छपरा सीट से दूसरी बार जनता दल के टिकट पर वर्ष 1989 में चुनाव जीता। यादव वर्ष 1990 में पहली बार और वर्ष 1995 में दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनने के बाद यादव वर्ष 2004 और वर्ष 2009 में भी सासंद बने।

इसी तरह सत्येन्द्र नारायण सिंह ने औरंगाबाद सीट से बीएलडी के बैनर तले चुनाव लड़ा और उन्होंने कांग्रेस के रामस्वरूप यादव को पराजित किया। हालांकि इससे पूर्व सिंह ने वर्ष 1952, में हुए पहले आम चुनाव में गया (पश्चिम) लोकसभा सीट, वर्ष 1957 और वर्ष 1971 में औरंगाबाद से जीत हासिल की। वर्ष 1977 के बाद सिंह वर्ष 1980 और वर्ष 1984 में भी सांसद बने। 'छोटे साहब' के नाम से मशहूर सत्येंद्र नारायण सिंह 11 मार्च 1989 से 06 दिसंबर 1989 तक बिहार के मुख्यमंत्री भी रहे। बीएलडी के बैनर तले वर्ष 1977 में जननायक के रूप में मशहूर बिहार के समाजवादी नेता बिहार के मुख्यमंत्री रहे भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर, महामाया प्रसाद सिन्हा और बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने भी चुनाव जीता है। हालांकि इन नेताओं ने बीएलडी से चुनाव जीतने से ही पूर्व बिहार के मुख्यमंत्री बन चुके थे। वर्ष 1977 के चुनाव में सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर ने समस्तीपुर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार यमुना प्रसाद मंडल को पराजित किया। कर्पूरी ठाकुर 22 दिसम्बर 1970 से 02 जून 1971तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 तक मुख्यमंत्री रहे। वहीं महामाया प्रसाद सिन्हा ने पटना सीट से चुनाव लड़ा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के दिग्गज नेता राम अवतार शास्त्री को पराजित किया। बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री महामाया प्रसाद सिन्हा 05 मार्च 1967 से 28 जनवरी 1968 तक मुख्यमंत्री रहे। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने मधेपुरा सीट से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद यादव को मात दी। मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल 01 फरवरी 1968 से 22 मार्च 1968 तक मुख्यमंत्री के पद आसीन हुए। मंडल मधेपुरा सीट से वर्ष 1967 और 1968 में हुए उपचुनाव में भी सांसद बने।

## कांग्रेस के परंपरागत गढ़ रहे सुंदरगढ़ में अब भाजपा की है बादशाहत

**सुंदरगढ़,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले से सटे पड़ोसी राज्य ओडिशा की सुंदरगढ़ लोकसभा सीट यूं तो कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है, लेकिन समयांतर में भाजपा और जनता दल के साथ क्षेत्रीय दलों का भी यहां कब्जा रहा है तथा वर्ष 2009 के आम चुनाव को छोड़कर इससे पहले 1998 से 2019 की अवधि में हुए चुनाव में भाजपा की ही बादशाहत कायम है।

दिलचस्प तथ्य यह भी है कि 2014 के आम चुनाव में 21 सीटों वाले ओडिशा में सुंदरगढ़ ही एकमात्र संसदीय सीट रही, जहां भाजपा अपनी जीत का खाता खोल सकी थी, जबकि शेष 20 सीट बीजू जनता दल (बीजद) ने अपने नाम कर ली। इसके बाद 2019 में यहां भाजपा के जुएल ओरांव ने अपनी पार्टी कर कब्जा बरकरार रखा।

ऐतिहासिक तथ्यों के मुताबिक सुंदरगढ़ में राजवंशों का शासन रहा और 1948 तक गंगपुर रियासत की राजधानी रही। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण सुंदरगढ़ लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वर्ष 1952 में पहले




- जनार्दन देहरी इस बार कांग्रेस प्रत्याशी
- अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट

आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत की शुरुआत की थी। इसके बाद 1957 और 1962 में गणतंत्र परिषद ने लगातार जीत दर्ज की तथा 1967 में स्वतंत्र पार्टी ने चुनाव जीता। वर्ष 1971 में कांग्रेस ने सुंदरगढ़ सीट पर पुन: कब्जा किया, लेकिन आपातकाल के बाद 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी ने कांग्रेस से यह सीट छीनी। इसके बाद 1980 में कांग्रेस ने यहां फिर चुनाव जीता और 1984 में अपना कब्जा बरकरार रखा। वर्ष 1989 में सुंदरगढ़ सीट जनता दल के हाथ लगी, लेकिन 1991 में यह फिर कांग्रेस के हाथ में चली गई और 1996 में भी कांग्रेस ने यह जीत दोहराई। ओडिशा की राजनीति में एक अचंभे की तरह उदीयमान आदिवासी क्षत्रप जुएल उरांव ने 1998 में भाजपा की ओर से सुंदरगढ़ सीट कांग्रेस से छीन ली और इसके बाद 1999 तथा 2004 तक पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार अपना वर्चस्व कायम रखा। वर्ष 2009 में उरांव की जीत की राह में कांग्रेस के हेमानंद बिस्वाल रोडब्रेकर साबित हुए और चुनावी नतीजा अपनी ओर मोड़ लिया, लेकिन 2014 के चुनाव में उरांव ने पुन: जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मशहूर हॉकी खिलाड़ी बीजद के दिलीप कुमार तिर्की को परास्त किया। यह चुनाव इस दृष्टि से भी उल्लेखनीय रई। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के उरांव ने सुंदरगढ़ संसदीय सीट पर अपना कब्जा कायम रखा।

आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 में सुंदरगढ़ सीट से आदिवासी क्षत्रप उरांव भाजपा का ध्वज लिए चुनाव मैदान में मुकाबले के लिए तैयार हैं जहां उनके समक्ष 2014 चुनावों में प्रतिद्वंद्वी रहे पद्मश्री दिलीप तिर्की बीजद की ओर से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने इस बार यहां से जनार्दन देहरी के अपना प्रत्याशी बनाया है। हिल स्टेशन, मनोरम पहाडियों और झरनों की खूबसूरती को समेटे अपने नाम को चरितार्थ करते सुंदरगढ़ जिले की आधी आबादी खेती और इससे जुड़े काम-धंधों पर आश्रित है। जर्मनी के सहयोग से ओडिशा में स्थापित राउरकेला इस्पात संयंत्र इसी जिले में है जिसकी बदौलत बहुत से स्थानीय लोगों को संयंत्र में रोजगार मिला है।

सुंदरगढ़ संसदीय क्षेत्र में सात विधानसभा सीटें सुंदरगढ़, तालसरा, वीरमित्रपुर, रघुनाथपली, राउरकेला, रागांगपुर और बोनाई है। वर्तमान में इन विधानसभा सीटों में भाजपा तीन, बीजद दो और कांग्रेस तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एक-एक सीटों पर काबिज है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सुंदरगढ़ लोकसभा क्षेत्र की कुल जनसंख्या में 51 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति और नौ प्रतिशत अनुसूचित जाति वर्ग की है।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 7.34 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.79 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.53 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.33 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 7.73 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 3.55 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.36 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 3.08 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.11 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# इंडसइंड बैंक का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रमुख निजी बैंक इंडसइंड को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 2,349 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ हुआ, जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। कंपनी की जारी तिमाही रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,043 करोड़ रुपए था। बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष का वार्षिक शुद्ध लाभ 8,977 करोड़ रुपए था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 7,443 करोड़ रुपए की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। इन वित्तीय परिणामों में बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) के वित्तीय परिणाम भी शामिल है। फाइनेंशियल इंक्लूजन इस बैंक और इंडसइंड मार्केटिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) का काम करती है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में बैंक की शुद्ध



समाप्त तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 5,376 करोड़ रुपए रही

ब्याज आय 5,376 करोड़ रुपए रही, जो साल-दर-साल 15 प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर दो प्रतिशत ऊंची है।

इकतीस मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए शुद्ध ब्याज आय बढ़कर 20,616 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष के 17,592 करोड़ रुपए से 17 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा है कि वित्त वर्ष के अंत में उसकी सकल गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) और शुद्ध एनपीए का अनुपात क्रमश: 1.98 प्रतिशत और 0.59 प्रतिशत से घट कर 1.92 प्रतिशत और 0.57 प्रतिशत रहा।

## डेलॉयट ने 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान



**नई दिल्ली।** डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे। डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है। मजूमदार ने कहा कि मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के आरबीआई के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने दर्ज की 21.9 बिलियन की शुद्ध आय



माइक्रोसॉफ्ट के पास अब 350,000 से ज्यादा पेड कस्टमर

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी तीसरी तिमाही में 61.9 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया है, जो 17 प्रतिशत अधिक है, जबकि शुद्ध आय 20 प्रतिशत बढ़ कर 21.9 अरब डॉलर हो गई है।

माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला के अनुसार को-पायलट और को-पायलट स्टैक एआई ट्रांसफॉर्मेशन के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, जिससे हर रोल और इंडस्ट्री में बेहतर बिजनेस के परिणाम सामने आ रहे हैं। अर्निंग कॉल के दौरान उन्होंने एनालिस्ट से कहा कि हमारा एआई इनोवेशन ओपनएआई के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहा है। फॉर्च्यून 500 के 65 प्रतिशत से ज्यादा लोग अब एज़्योर ओपनएआई सर्विस का उपयोग करते हैं। 31 मार्च को समाप्त तिमाही में माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड का राजस्व 35.1 बिलियन डॉलर था, जो साल-दर-साल 23 प्रतिशत अधिक था। नडेला ने कहा कि हम सभी इंडस्ट्री के लीडर्स से बड़े एज्योर डील्स में बढ़ोतरी देख रहे हैं, जिसमें क्लाउड सॉफ्टवेयर ग्रुप और कोका-कोला द्वारा इस महीने घोषित अरबों डॉलर से ज्यादा, बहुवर्षीय प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के पास अब 350,000 से ज्यादा पेड कस्टमर हैं। गिटहब को-पायलट पर, 1.8 मिलियन पेड सब्सक्राइबर हैं और तिमाही दर तिमाही 35 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हो रही है। नडेला ने कहा कि हम शुरुआत में उपयोग की तीव्रता में वृद्धि देख रहे हैं, जिसमें टीमों में प्रति यूजर को पायलट-असिस्ट वाले इंटरैक्शन की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि को जोड़ना शामिल है।

## मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 48 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 47.80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,877.8 करोड़ रुपए रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2623.6 करोड़ रुपए रहा था।

अध्यक्ष आर सी भार्गव ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए कहा कि उच्च बिक्री मात्रा, अनुकूल कमोडिटी कीमतों, लागत में कमी के प्रयासों और उच्च गैर-परिचालन आय के कारण मुनाफे में यह बढोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में परिचालन से कंपनी का कुल राजस्व 38,235 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 32,048 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि इस तिमाही

■ पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2623.6 करोड़ रुपए रहा था

में कंपनी ने कुल 584,031 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13.4प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इस दौरान 78,740 वाहनों का निर्यात किया जो वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही के 64,719 वाहनों के निर्यात की तुलना में 21.7प्रतिशत अधिक है।

## सूर्या रोशनी ने 5 स्टार सीलिंग फैन किया लॉन्च

सूर्या में हम सभी हमारा लेटेस्ट फैन पेश करते हुए काफी खुश हैं। यह कूलिंग, आराम व सुविधा को नया मायना देगा : **जितेंद्र अग्रवाल**

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सूर्या रोशनी के कंज्यूमर ड्यूरेबल डिवीजन ने 5 स्टार पेटल सीलिंग फैन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा है कि सूर्या ने देश के हर घर और दफ्तर में बेहतर कूलिंग एवं ऊर्जा बचत वाले पंखे की सौगात अपने ग्राहकों के लिए पेश की है। हम अपनी विरासत-गुणवत्ता, उत्कृष्टता और पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे है।

सूर्या के 5 स्टार पेटल फैन बिजली बचत, शानदार परफॉर्मेंस और डिज़ाइन हर मामले में एक नई ऊंचाई छू रहे हैं।




सीलिंग फैन की खरीद पर एक प्लेटिना एलईडी बल्ब नि:शुल्क


ये आज के उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं और दिखते भी खूबसूरत हैं। पंखे में इंडक्शन मोटर टेक्नोलॉजी होने के साथ इसे 5 स्टार लेबल दिया गया है। इसलिए यह न सिर्फ 34 वॉट खर्च करने वाला पंखा है जो आपकी बिजली बचत करेगा बल्कि लंबे अरसे तक चलेगा और इसका मेंटेनेंस भी आसान होगा। एयरोडायनामिक डिज़ाइन के इस पंखे के चौड़े ब्लेड अधिक जोरदार हवा देते हैं जो हर कोने तक पहुंचतीं है। जिस वजह से आपके घर एवं आफिस जल्द ठंडा हो जाएंगे।

इसके अलावा, सूर्या रोशनी ने सूर्या ब्रांड के किसी भी सीलिंग फैन की खरीद पर एक प्लेटिना एलईडी बल्ब नि:शुल्क देने की सहर्ष घोषणा की है। यह स्कीम पूरे अगस्त '24 तक है। इसका ग्राहकों को न केवल आर्थिक लाभ होगा बल्कि बिजली बचत और सस्टेनेबिलिटी जैसे बड़े लक्ष्य भी पूरे होंगे। इस लॉन्च पर लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के सीईओ जितेंद्र अग्रवाल ने बताया, "सूर्या में हम सभी हमारा लेटेस्ट फैन पेश करते हुए काफी खुश हैं। यह कूलिंग, आराम व सुविधा को नया मायना देगा। इनोवेटिव फैन की हमारी रेंज आधुनिक उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल बदल देती है।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

**मुंबई**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 24 दिग्गज कंपनियों के करीब आठ प्रतिशत तक लुढ़कने से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया।

■ सेंसेक्स 0.82 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर 73,730.16 अंक पर
■ निफ्टी 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर 22,419.95 अंक पर बंद




बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर 73,730.16 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,587.77 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 47,239.29 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3913 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1993 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रहा वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 33 कंपनियां लाल जबकि 17 हरे निशान पर रही। बीएसई के आठ समूहों में गिरावट का रुख रहा। वित्तीय सेवाएं 0.68, दूरसंचार 0.15, यूटिलिटीज 0.09, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 0.21, धातु 0.07 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत टूट गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.44, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 2.12 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.17 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 170 अंक की तेजी के साथ 74,509.31 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद 74,515.91 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 73,616.65 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,339.44 अंक के मुकाबले 0.82 प्रतिशत टूटकर 73,730.16 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 50 अंक चढ़कर 22,620.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,620.40 अंक के उच्चतम जबकि 22,385.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,570.35 अंक की तुलना में 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 7.73, बजाज फिनसर्व 3.55, इंडसइंड बैंक 3.36, नेस्ले इंडिया 3.08, कोटक बैंक 2.11, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.94, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.93, एचसीएल टेक 1.79, मारुति 1.70, एसबीआई 1.38, एलटी 1.32, सन फार्मा 1.07, टाटा स्टील 1.04, एनटीपीसी 0.71, रिलायंस 0.53, टाटा मोटर्स 0.14 और एचडीएफसी बैंक 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टेक महिंद्रा 7.34, विप्रो 0.79, आईटीसी 0.56, अल्ट्रासिमको 0.53, टाइटन 0.33 और एक्सिस बैंक के शेयरों ने 0.24 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## स्विश में निवेश करके शिखर धवन बने ब्रांड एंबेसडर

**गुरुग्राम** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पुरुषों की ग्रूमिंग और हाइजीन में D2C ब्रांड Svish ने प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ अपने सहयोग के बारे में घोषणा की। धवन ने न केवल Svish में निवेश किया है, बल्कि इसके प्रतिष्ठित ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभाई है, जिससे ब्रांड के आगे का सफ़र प्रभाव का एक उत्तम उदाहरण बनेगा। मैं SVISH के साथ इस रोमांचक अनुभव और नए सफर के लिए तैयार हूं। नवीनता और गुणवत्ता के प्रति उनकी लगन मेरे मूल्यों से पूरी तरह मिलती है। एक खिलाड़ी के रूप में, संवरना बहुत ज़रूरी है, और मैं ऐसे ब्रांड का समर्थन करने के लिए रोमांचित हूँ जो ऐसे बेहतरीन उत्पाद प्रदान करता है। जैसा कि शिखर धवन ने कहा है। SVISH परिवार में शिखर का स्वागत करते हुए, Svish के सह-संस्थापक जयदीप महाजन ने कहा, Svish के साथ शिखर धवन का जुड़ाव हमारे ब्रांड में एक अमूल्य आयाम है। सार्वजनिक क्षेत्र में उनकी प्रासंगिकता और पहुँच उन्हें ग्रूमिंग और स्वच्छता मानकों को फिर से परिभाषित करने के हमारे मिशन के लिए एकदम सही एंबेसडर बनाती है। हम उनका साथ पाकर उत्साहित हैं।



## सार संक्षेप

### वार्डविजर्ड इनोवेशंस का मुनाफा 3.97 करोड़ पर पहुंचा

**वड़ोदरा।** 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 3.97 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 93.34 लाख रुपए रहा था। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 128.25 करोड़ रुपए रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के यह 50.75 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी का मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सकल शुद्ध लाभ 13.43 करोड़ रुपए रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष के 8.85 करोड़ रुपए रहा था। इसी तरह से मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व 321.62 करोड़ रुपए रहा है जबकि जबकि मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में यह 239.28 करोड़ रुपए रहा था।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 640.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### 422 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंचा स्नैपचैट

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट इस साल पहली तिमाही में 422 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया, जो 39 मिलियन या 10 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि है। पहली तिमाही में, इसकी मूल कंपनी स्नैप का राजस्व 21 प्रतिशत (सालाना) बढ़कर 1.195 बिलियन डॉलर हो गया, जो इसके विज्ञापन प्लेटफॉर्म में किए गए सुधारों और इसके डीआर विज्ञापन समाधानों की मांग में वृद्धि से प्रेरित है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हम अपने राजस्व स्रोतों में प्रगति जारी रख रहे हैं, पहली तिमाही में स्नैपचैट प्लस के सब्सक्राइबर्स की संख्या 9 मिलियन से ज्यादा हो गई। तिमाही में, ग्लोबल स्तर पर कंटेंट देखने में बिताए गए कुल समय में साल-दर-साल वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से स्पॉटलाइट और क्रिएटर स्टोरीज देखने में बिताए गए कुल समय में मजबूत वृद्धि के चलते हुई।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट फिसलकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की बढ़त के साथ 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ क

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज



मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# युवा शक्ति ट्रस्ट व डिक्की करेंगे दलित युवाओं को उद्यमी बनाने में सहयोग

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) और दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) ने 5000 दलित उद्यमियों को रोजगार निर्माता बनने में मदद करने के लिए शुक्रवार को यहां एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर राजधानी में एक कार्यक्रम में हस्ताक्षर किए गए। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके तहत लक्षित उद्यमियों में से 20 प्रतिशत दलित महिलाएं होंगी। इस साझेदारी के माध्यम से, बीवाईएसटी और डिक्की 1000 दलित युवा उद्यमियों को परामर्श प्रदान करेंगे। इन युवाओं को उद्यमिता, बैंकिंग के तरीकों, ग्राहक के साथ संबंध, बुक कीपिंग, परियोजना की तैयारी और बिक्री से जुड़े सॉफ्ट स्किल आदि की बुनियादी अवधारणाओं पर बीवाईएसटी के मेंटर और मेंटर क्लीनिकों के नेटवर्क के जरिए परामर्श दिया जाएगा।

लक्षित उद्यमियों में से 20 प्रतिशत होंगी दलित महिलाएं




दलित युवाओं के सामने उद्यमी बनने में मुश्किलें ज्यादा रहती हैं, जो उनकी सफलता में बाधा डालती हैं : **लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन**

उन्होंने बताया कि यह नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम (एंट्रेप्रेन्योर ऑनलाइन लर्निंग-ईओएल) दो से तीन दिन तक चलेगा। यह कार्यक्रम उन्हें अपने विचार को बेहतर बनाने और ठोस व्यावसायिक योजनाओं में बदलने में मदद करेगा। बीवाईएसटी और डीआईसीसीआई आसानी से स्थापना और व्यवसाय चलाने की सुविधा के लिए प्रति व्यक्ति औसतन चार लाख रुपए के ऋण के साथ 250 दलित युवाओं को क्रेडिट लिंकेज और सलाह सहायता भी प्रदान करेंगे।

क्रेडिट तक पहुंच बीवाईएसटी के संस्थागत ऋण भागीदारों जैसे बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक, आईडीबीआई बैंक , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जाएगी। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी, सुश्री लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने इस समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दलित युवाओं के सामने उद्यमी बनने में पूंजी, संसाधनों तक सीमित पहुंच और परामर्श समर्थन जैसी मुश्किलें ज्यादा रहती हैं, जो उनकी सफलता में बाधा डालती हैं।

# खेल जगत



**मार्टा विएरा डी सिल्वा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की**

**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया कि अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। उन्होंने कहा कि एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला )17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच आज दिल्ली में होगा दंगल

## कुलदीप यादव की कोशिश मुंबई के रोहित, ईशान व सूर्य को सस्ते में आउट करने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। भयंकर कार हादसे से उबर फिट हो अपने जीवन से डेढ़ बरस बाद मौजूदा आईपीएल 2024 से क्रिकेट मैदान पर लौटे ऋषभ पंत बतौर क्रिकेटर अब बहुत परिपक्व हो गए हैं। ऋषभ पंत के स्ट्रोकों के पुराने आक्रामक तेवर कायम हैं लेकिन इसके साथ अब उनमें धैर्य भी आ गया है और अपनी दिल्ली कैपिटल्स टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने और उसके पार पहुंचा जीत तक ले जाना सीख गए हैं। बतौर विकेटकीपर पूरी चपलता से कैच लपकने और स्टंप करने के साथ ऋषभ पंत (कुल 342 रन) तीन अर्द्धशतक मौजूदा संस्करण में एक-एक शतक जड़ने वाले आरसीबी के विराट कोहली (कुल 430 रन) औरसीएसके के ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 349 रन) के बाद मौजूदा संस्करण में रन बनाने में तीसरे स्थान पर चल रहे हैं।

ऋषभ पंत अब दिल्ली कैपिटल्स को नौ मैचों में चार जीत में दो में मैन ऑफ द'मैच रह कर छठे स्थान पर ले आए हैं। अब पूरी तरह रंगत पा चुके ऋषभ पंत की कोशिश दिल्ली कैपिटल्स की जीत के सिलसिले को जारी रख यहां शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में उसे आठवें स्थान पर चल रही मुंबई इंडियंस पर अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को रिटर्न मैच में जीत दिला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बड़े स्कोर वाले मैच में मिली 29 रन की हार का हिसाब चुका अंक तालिका में एक पायदान और उपर पहुंचने की होगी। ऋषभ पंत की तूफानी अविजित 88 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स के हौसले गुजरात टाइटंस पर बुधवार को बड़े स्कोर वाले रिटर्न मैच में यही चार रन से मिली जीत से बुलंद हैं। वहीं मुंबई इंडियंस को अपने पिछले और आठवें मैच में स्विंग गेंदबाज संदीप शर्मा के गेंद के पंजे' और यशस्वी जायसवाल के मौजूदा सीजन के पहले शतक से पस्त हो राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से करारी शिकस्त झेलकर शनिवार को खेलने उतरेगी। लगातार तीन हार से आगाज करने वाली मुंबई इंडियंस मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स को हरा जीत की राह पर लौटी थी। दिल्ली कैपिटल्स जिस तरह अपनी लय पा ली उससे मुंबई इंडियंस के लिए उसे रिटर्न मैच में हराना खासा मुश्किल रहने वाला है। बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज भारत की टी-20 विश्व कप की टीम में अपना स्थान लगभग पक्का कर चुके ऋषभ पंत ने बतौर कप्तान भी अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। दिल्ली जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से वानखेड़े स्टेडियम में हारी थी तब उसके लिए अपनी स्पिन से धुरंधर प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों को नचा अब तक उसके लिए छह मैचों में सबसे ज्यादा 12 विकेट ले आगे चल रहे बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और उन्हीं की तरह कामयाब तेज गेदबाज मुकेश कुमार (11 विकेट) फिट नहीं होने के कारण नहीं खेले थे। दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव और मुकेश की कोशिश मुंबई के लिए एक शतक रन बनाने में सबसे आगे चल रहे रोहित शर्मा ( कुल 303 रन), 360 डिग्री यानी कहीं भी किसी भी गेंद पर कहीं भी स्ट्रोक खेलने में सक्षम पांच मैचों में दो अर्द्धशतक जड़ने वाले सूर्य कुमार यादव ( कुल 140 रन) एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा (कुल 273 रन), इशान किशन (कुल 192 रन) और कप्तान हार्दिक पांडया ( कुल 151 रन) को सस्ते में आउट कर उसे कम से कम स्कोर पर रोकने की होगी। कुलदीप और मुकेश के मुंबई में पिछले मैच में फिट नहीं होने के कारण नहीं खेलने का लाभ उठाकर ही रोमारियो शेफर्ड ने अनुभवी ऑनरिक नोकिया के एक ओवर में 31 रन बना मुंबई को मजबूत 234 के स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।





■ ऋषभ पंत के स्ट्रोकों के पुराने आक्रामक तेवर कायम

आईपीएल 2024

# जीतकर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास लौटा सकते हैं : फाफ डुप्लेसी

**हैदराबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि मैच जीतकर कर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास ला सकते है। डुप्लेसी ने कहा कि पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है। सनराइजर्स हैदराबाद वाला मैच 270 अधिक था और हम 260 तक पहुंच गए। केकेआर मैच भी केवल एक रन से हारे। हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन ग्रुप में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है। हमारे लिए यह बड़ी जीत। जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन। प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के क़रीब नहीं हैं। और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है। प्रतियोगिता काफी कड़ी है, टीमें काफी मजबूत हैं तो यदि आप शतप्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ सप्ताह से हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि हम अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें। पिछला मैच में हमारी बल्लेबाजी में आत्मविश्वास दिखा। हमारे लिए अधिक लोग अब रन बना रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में केवल विराट के बल्ले से रन आ रहे थे। रजत ने अब लगातार दो अच्छी पारियां खेली हैं, ग्रीन रन बना रहे हैं और यह उनके लिए काफी अच्छा है। बल्लेबाजी क्रम के रूप में साथ मिलकर योगदान देना जरूरी है क्योंकि हम देख चुके हैं कि कितने बड़े स्कोर बन रहे हैं और केवल एक व्यक्ति ही सारे रन नहीं बना सकता है। उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर हम जानते हैं कि चिन्नास्वामी हमारे लिए निराशाजनक रहा है। ईमानदारी से कहूं तो यह गेंदबाज़ी के लिए काफी कठिन मैदान है। स्पिनर्स के लिए यह चुनौती होता है। हम ऐसी चीज खोज रहे हैं जिससे हमें उस मैदान पर गेंदबाजी करने में आसानी हो, लेकिन काम करने वाला फार्मूला खोजना हमारे लिए कठिन हो रहा है। जब आपको ऐसा मैदान मिले जहां की बाउंड्री बड़ी हो और विकेट से थोड़ी मदद मिले कर्ण ने शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि टी-20 में अब आपको अपनी टीम में लेग स्पिनर रखना ही होगा। उल्लेखनीय है कि आरसीबी ने सनराइजर्स हैदराबाद को उनके घर में 35 रनों से हराते हुए आईपीएल 2024 में लगातार छह मैचों से चले आ रहे अपने हार के सिलसिले को खत्म किया है।

> पिछले डेढ़ सप्ताह से हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि हम अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें : फाफ डुप्लेसी, कप्तान, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू



# आईपीएल के बीच धोनी के नाम से वायरल हो रहा फर्जी मैसेज



**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 में बल्ले से धूम मचा रहे एमएस धोनी के नाम को लेकर एक फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक मैसेज है और उनके नाम पर पैसे की मदद मांगी गई है। ऑनलाइन स्कैमिंग का एक नया दौर शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया के जमाने में ऑनलाइन स्कैम का धंधा काफी तेजी से फल-फूल रहा है। लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए स्कैमर्स तरह-तरह की योजना बनाते हैं। वहीं अब इन स्कैमर्स ने क्रिकेट फैंस को टारगेट किया है। स्कैमर्स लोगों को पैसे ठगने के लिए मैसेजिंग ऐप और सोशल मीडिया पर पूर्व भारतीय कप्तान और सीएसके के स्टार एमएस धोनी के नाम से पैसे मांग रहे हैं। ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पोस्ट में स्कैमर्स ने धोनी बनकर यह दावा किया है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी हूं और मैं एक प्राइवेट अकाउंट से आप लोगों को मैसेज कर रहा हूं। मैं रांची के बाहरी क्षेत्र में फंस गया हूं और मैं यहां आते वक्त अपना वॉलेट लाना भूल गया था। मुझे वापस बस से घर लौटना है। क्या आपलोग मुझे फोन पे पर 600 रुपए ट्रांसफर कर दोगे। मैं घर जाकर आपके पैसे लौटा दूंगा। इस पोस्ट में ठग ने धोनी की एक फोटो भी शेयर की है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। लाखों लोगों ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। कुछ ने इसे रिपोर्ट किया है, तो कुछ कमेंट में क्यूआर कोड मांग रहे हैं। हालांकि, अच्छी खबर यह कि कोई भी इस ठग का शिकार नहीं बना। इस बीच डीओटी इंडिया के ऑफिशियल अकाउंट पर एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया गया है। एक्स पर डीओटी इंडिया ने लिखा, आपको धोखा देने की कोशिश करने वाले घोटालेबाजों से सावधान रहें! यदि कोई दिग्गज क्रिकेटर एमएस धोनी होने का दावा करता है और आपसे बस टिकट खरीदने के लिए पैसा मांगता है, तो यह एक गुगली है जिससे आपको बचना होगा।

■ सोशल मीडिया के जमाने में ऑनलाइन स्कैम का धंधा काफी तेजी से फल-फूल रहा है

# मैं शिवम दुबे को टी20 विश्व कप टीम में देखना चाहूंगा : युवराज

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भारत के टी20 विश्व कप के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज विकल्प के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन को चुना है। युवी ने कहा कि सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह वर्ल्ड कप की टीम के प्रमुख खिलाड़ी होंगे। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को बोर्ड द्वारा पुरुष टी20 विश्व कप टीम सौंपने की 1 मई की समय सीमा से पहले 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देना है। सबसे कठिन विकल्प विकेटकीपिंग विकल्प होगा क्योंकि ऋषभ पंत, संजू सैमसन, केएल राहुल और दिनेश कार्तिक से लेकर कई विकल्प हैं। आईसीसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में युवराज सिंह को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 टूर्नामेंट के लिए एक ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। युवराज ने इस मेगा इवेंट के लिए अपनी भारतीय टीम चुनी। युवराज ने दुनिया के नंबर 1 रैंक वाले टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की पहचान ऐसे खिलाड़ी के रूप में की, जिसके परफॉर्मेंस पर टीम इंडिया की ट्रॉफी की उम्मीदें टिकी होंगी। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। ऋषभ पंत और संजू सैमसन दोनों शानदार फॉर्म में हैं और जाहिर तौर पर वे युवा हैं। मैं डीके को मिश्रण में देखना चाहूंगा, लेकिन अगर वह नहीं खेलने जा रहे हैं तो आप किसी ऐसे व्यक्ति को चुनेंगे जो युवा हो। पंत ने आईपीएल 2024 के नौ मैचों की नौ पारियों में 48.86 की औसत और 161.32 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बनाए। दस्तानों के साथ, पंत बेहद प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने 10 कैच लपके और तीन स्टंपिंग की। सैमसन ने निरंतरता और बड़े स्कोर बनाने की क्षमता दिखाई है, जैसा कि उनके 50 से अधिक के औसत और 150 से ऊपर के स्ट्राइक रेट से बनाए गए 314 रनों से पता चलता है। युवराज यह भी चाहते थे कि टी20 विश्व कप में भारत के मध्यक्रम में अधिक विस्फोटक बल्लेबाजों का उपयोग किया जाए और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में पहचाना है जिसे वह देखना चाहते हैं।



> भारत के टी20 विश्व कप के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज विकल्प के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन को चुना है और सूर्यकुमार और बुमराह वर्ल्ड कप की टीम के प्रमुख खिलाड़ी होंगे : युवराज सिंह



## सेंथिल कुमार, आकांक्षा पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, बैच ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने के लिए सीधे गेम में फ्रांसीसी माटेओ कैरौगेट को हराया। विश्व में 58वें नंबर के राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिलकुमार ने शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद गुरुवार को दूसरे दौर में कैरौगेट को 29 मिनट में 11-4, 11-6, 11-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी से होगा। अन्यत्र, राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंखे अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर मौजूद सालुंखे ने पहले दौर में बाई के बाद दूसरे दौर में ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 25 मिनट में 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय का अगला मुकाबला यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की अलीना बुशमा से होगा। से कोर्ट पर हूं और जितना संभव हो उतना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं

# नडाल ने मैड्रिड में ब्लैंच को हराया अगला मुकाबला डी मिनौर से होगा

**मैड्रिड,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन में विजयी शुरुआत की, जब उन्होंने 16 वर्षीय वाइल्ड कार्ड डार्विन ब्लैंच को 64 मिनट के बाद 6-1, 6-0 से हराया। मैड्रिड में पांच बार के चैंपियन, नडाल काजा मैगिका में सबसे अधिक जीत (57) जीत हासिल कर चुके हैं, जहां घरेलू पसंदीदा ने पहली बार 2008 में खिताब जीता था और हाल ही में 2017 में जीत हासिल की थी। एटीपी आंकड़ों के अनुसार, एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर दो विरोधियों के बीच उम्र का सबसे बड़ा अंतर (21 वर्ष, 117 दिन) था, जिसमें नडाल ने अपने रिटर्न पॉइंट का 59 प्रतिशत जीता और उन्हें अपनी सर्विस पर एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। नडाल ने कहा कि वह एक बहुत युवा खिलाड़ी है, मुझे लगता है कि उसके सामने बहुत अच्छा भविष्य है। उसके पास बहुत शक्तिशाली शॉट हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें निरंतरता की कमी है। मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं। मैंने अच्छा खेला, मैं खुश हूं, इससे मुझे फायदा हुआ। मैड्रिड में एक और दिन बिताने का अवसर, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मुझे इन टूर्नामेंटों में खेलने की ज़रूरत है और मुझे लगता है कि यह सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। नडाल, जो मैड्रिड में अपनी 20वीं उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ खेलेंगे, जिनसे उनका सामना एक सप्ताह पहले बार्सिलोना की धरती पर हुआ था।



मैड्रिड ओपन

## सेंट स्टीफंस कॉलेज स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट में जीता

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पारस (24 पर 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से सेंट स्टीफंस कॉलेज ने पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज द्वारा आयोजित द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज को 8 रन से हराया। सेंट स्टीफंस कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर शिव अर्पित बिष्ट (29) और युग गुप्ता (29) की मदद से 6 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए।राहुल जोशी ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज टीम 14.4 ओवर में 134 पर ऑल आउट हो गई। प्रियांश राठी ने 66 रन बनाए। पारस ने 6 और अंकित ने 3 विकेट चटकाए। सेंट स्टीफंस कॉलेज के पारस को मैन ऑफ द मैच का घोषित किया गया।

## सार संक्षेप

### न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मैच में पाक को चार रन से हराया

**लाहौर।** टिम रॉबिन्सन (51) रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद विलियम ओ रूर्के की धारदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। गद्दाफी स्टेडियम में गुरुवार को 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुये। फखर जमान ने 45 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुये। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे।

### नेथ्रा कुमानन ने भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया

**हायरेस।** भारत की नेथ्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेथ्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही। नेथ्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेथ्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा। अपने पहले ओलंपिक में, वह 44 प्रतिभागियों में से 35वें स्थान पर रहीं।

### शतरंज जीएम गुकेश और अन्य पर विचार कर सकते हैं ब्रांड मालिक

**चेन्नई।** प्रतिभा प्रबंधन कंपनी एमजीडी1 ईस्पोर्ट्स एलएलपी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कॉर्पोरेट ब्रांड मालिक अब अपने ब्रांड के प्रचार के लिए भारतीय किशोर शतरंज ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी. गुकेश की ओर देख सकते हैं। गुकेश हाल ही में कनाडा में आयोजित फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने और विश्व चैंपियन जीएम डिंग लिरेन, चीन के लिए चुनौती के रूप में योग्य हुए। अधिकारी ने कहा कि भारतीय की उपलब्धि का ब्रांड एंडोर्समेंट सौदों के संबंध में अन्य शीर्ष भारतीय शतरंज खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# ओलंपिक चयन ट्रॉयल : सिफ्त कौर पेरिस की रेस में आगे बढ़ीं

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपने चार प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंजमें लगातार ट्रायल जीते। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने भी पुरुषों के 3पी टी2 फाइनल को क्लासिक 0.22 स्क्रैप में फिनिश लाइन तक जीतकर ओएसटी विजेताओं के सर्कल में प्रवेश किया।मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारक और पिछले कुछ समय से महिलाओं की 3पी में निर्विवाद रूप से भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्त ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर किया और आशी चौकसी को 2.4 से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। आशी के साथ शूट-ऑफ में दूसरे स्थान पर रहने के बाद अंजुम मुद्गिल तीसरे स्थान पर रहीं। श्रियंका सदांगी और निश्चल चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। सिफ़्त कौर ने उसी स्थान पर महिलाओं की 3पी ओएसटी टी1 भी जीती। जैसा कि हालात हैं, भोपाल में एक और अच्छा प्रदर्शन, जहां ओएसटी 3 और 4 अगले महीने निर्धारित हैं, को पेरिस के माध्यम से जाना चाहिए। पुरुषों के 3पी ओएसटी टी2 फाइनल में एक और भारत के नंबर एक खिलाड़ी और पेरिस कोटा धारक ऐश्वर्य तोमर रोमांचक चरमोत्कर्ष में विजयी हुए।

### नैन्सी ने शीर्ष स्थान किया हासिल

चल रहे ओएसटी के आठवें दिन पुरुषों और महिलाओं की 10एम एयर राइफल और एयर पिस्टल टी2 का क्वालिफिकेशन राउंड भी देखा गया। नैन्सी ने अपना उत्कृष्ट मौजूदा फॉर्म जारी रखते हुए 633.1 के स्कोर के साथ महिला एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में संदीप सिंह समान रूप से ठोस 632.6 के साथ सर्वश्रेष्ठ थे। महिला एयर पिस्टल में, रिदम सांगवान 584 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड में शीर्ष पर थीं, जबकि सरबजोत सिंह 581 के साथ पुरुषों की एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थे। सभी चार फाइनल शनिवार को समापन दिवस पर होंगे।

